वाराणसी, बुधवार, 11 दिसम्बर, 2024

मार्ग शीर्ष, शुक्ल पक्ष 11, वर्ष 13, अंक 303, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : दूसरे टेस्ट में कमजोर बल्लेबाजी के कारण हारी भारतीय टीम : हेडन

अन्दर : दावों और हकीकत के बीच भ्रमित समाज

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

कंटेनर ने मारी मैजिक में टक्कर, सात की मौत

हाथरस। बरेली-मथुरा मार्ग पर गांव जैतपुर के निकट कंटेनर ने मैजिक (लोडर) में टक्कर मार दी। हादसे में मैजिक सवार सात सवारियों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हैं। सभी मैजिक सवार कैंसर पीड़ित बुजुर्ग को एटा देखने के लिए जा रहे थे।

चंदपा के गांव कुम्हरई निवासी 20 लोग और उनके रिश्तेदार मैजिक में सवार होकर मंगलवार दोपहर एटा के गांव नगला इमलिया निवासी 60 वर्षीय कैंसर पीड़ित बुजुर्ग देखने के लिए जा रहे थे। तभी हाथरस जंक्शन क्षेत्र के सलेमपुर बरेली मथुरा मार्ग के निकट गांव जैतपुर पर कंटेनर ने मैजिक में टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भयंकर थी कि मैजिक वाहन कई पलटा मारते हुए खड्डे में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। पास के ग्रामीण घटनास्थल पर दौड़े और मैजिक में से घायलों को बाहर निकाला।

मौके पर ही छह लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई। जबकि अन्य घायल हो गई घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां एक महिला ने भी दम तोड़ दिया। फिलहाल जिला अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग से लेकर जिले के अन्य अधिकारी हादसे के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।

यूपी में फिर बड़ा हादसा

कई घायल, कैंसर पीड़ित को देखने जा रहे थे एटा

मुख्यमंत्री योगी ने हाथरस सड़क हादसे पर जताया दुःख

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद हाथरस में मथुरा-कासगंज हाइवे पर हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। योगी आदित्यनाथ ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में लगे हैं।

जज की विवादित टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव के विवादित भाषण की खबरों पर खुद संज्ञान लिया है। जस्टिस यादव के कथित भाषण पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से जानकारी मांगी है।

गौरतलब है, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की लीगल सेल की ओर से रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में जस्टिस शेखर यादव ने कई टिप्पणियां की थीं, जिनपर अब विवाद गहरा गया है। सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान लेने से पहले न्यायिक जवाबदेही और सुधार अभियान (सीजेएआर) ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के खिलाफ आंतरिक जांच की मांग की।

वकील और गैर सरकारी संगठन न्यायिक जवाबदेही और सुधार अभियान (सीजेएआर) के संयोजक प्रशांत भूषण ने न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ जांच की मांग की है। एनजीओ ने उन पर न्यायिक नैतिकता का उल्लंघन करने और निष्पक्षता तथा धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। एक समुदाय के खिलाफ अपशब्द बोले भूषण ने पत्र में आरोप लगाया कि न्यायमूर्ति यादव ने एक समुदाय के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का भी इस्तेमाल किया।

इससे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के पद और न्यायपालिका को बदनामी झेलनी पड़ी। साथ ही कानून के शासन को कमजोर किया, जिसे बनाए रखने का काम उनका है। इतना ही नहीं, उन्होंने टिप्पणी की कि एक समुदाय के बच्चों को दया और अहिंसा के मूल्य सिखाए जाते हैं, और इसके लोगों को सहिष्णु होने के लिए पाला जाता है।

उन्होंने आगे पत्र में कहा, 'हाईकोर्ट के जज ने यह भी कहा कि जहां गाय, गीता और गंगा संस्कृति को परिभाषित करती हैं, जहां हर घर में हरबाला देवी की मूर्ति होती है और हर बच्चा राम होता है। ऐसा मेरा देश है। 'बहुसंख्यक समुदाय के पक्ष में टिप्पणी न्यायमूर्ति यादव ने कथित तौर पर बहुसंख्यक समुदाय के पक्ष में टिप्पणी की। इसमें उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंदुस्तान बहुसंख्यकों की इच्छा के अनुसार काम करेगा और सुझाव दिया कि कानून बहुसंख्यकों के हितों के अनुरूप है।

न्यायाधीश ने मुस्लिम समुदाय के भीतर की प्रथाओं की भी आलोचना की, जिसमें बहुविवाह, हलाला और ट्रिपल तलाक का संदर्भ दिया गया और इनकी तुलना हिंदू परंपराओं से की गई। इन टिप्पणियों में कथित तौर पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया है, जिसके कारण भारतीय संविधान में निहित धर्मनिरपेक्ष और समतावादी मूल्यों को कमजोर करने के लिए कड़ी आलोचना की गई है।

विवाद गहराया

हाईकोर्ट से मांगी जानकारी

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा•अर्दली बाजार•चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

विपक्ष का धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

सभापति के खिलाफ नोटिस पर 60 सांसदों के हस्ताक्षर

नई दिल्ली। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। उच्च सदन में विपक्ष ने इस संबंध में नोटिस दिया है। विपक्षी दलों ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए अनुच्छेद 67बी के तहत नोटिस दिया। इसे राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी को सौंपा गया है। इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और विपक्षी दलों के नेताओं के बीच टकराव सोमवार को चरम पर पहुंच गया था। इस टकराव के बाद विपक्ष ने धनखड़ को उनके कार्यकाल से हटाने के लिए एक अविश्वास प्रस्ताव लाने फैसला किया।

सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस, राजद, टीएमसी, सीपीआई, सीपीआई-एम, जेएमएम, आप, डीएमके समेत करीब 60 विपक्षी सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। कांग्रेस की अगुआई में यह नोटिस विपक्षी दलों और राज्यसभा के सभापति के बीच जारी गतिरोध के मद्देनजर आया है। उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए प्रस्ताव पेश करने के लिए न्यूनतम आवश्यक संख्या 50 है। दरअसल, विपक्ष कई मुद्दों को लेकर धनखड़ से नाराज है। इसमें सबसे ताजा मामला यह है कि उन्होंने उच्च सदन में सत्ता पक्ष के सदस्यों को कांग्रेस- सोरोस संबंध का मुद्दा उठाने की अनुमति दी।

कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने राज्यसभा के सभापति पर पक्षपात करने का आरोप लगाया था। इससे पहले इस साल अगस्त में भी विपक्षी गठबंधन की पार्टियों ने उपराष्ट्रपति को उनके पद से हटाने के लिए प्रस्ताव पेश करने के लिए नोटिस देने पर विचार किया था। संविधान के अनुच्छेद 67(ख) के मुताबिक, उपराष्ट्रपति को राज्यसभा की ओर से पारित संकल्प द्वारा उसके पद से हटाया जा सकता है, जिसे राज्यसभा के सभी तत्कालीन सदस्यों के बहुमत से पारित किया गया हो। इसके अलावा इसे लोकसभा की भी हरी झंडी मिलनी चाहिए। हालांकि, इस खंड के प्रयोजन के लिए कोई संकल्प तब तक प्रस्तुत नहीं किया जा सकता, जब तक कि संकल्प प्रस्तुत करने के आशय की कम से कम 14 दिन की सूचना न दी गई हो।

इससे पहले अगस्त में भी विपक्षी गठबंधन को प्रस्ताव पेश करने के लिए नेताओं के हस्ताक्षर की जरूरत थी, लेकिन उस समय वे आगे नहीं बढ़े। उन्होंने राज्यसभा के सभापति को एक मौका देने का फैसला किया, लेकिन सोमवार को उनके व्यवहार को देखते हुए विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया।

तृणमूल कांग्रेस के रुख पर अब भी संशय

कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), समाजवादी पार्टी (सपा) समेत विपक्षी गठबंधन के कई सदस्य इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए साथ हैं। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के रुख पर अब भी संशय नहीं बना हुआ है।

राज्यसभा की कार्यवाही फिर हंगामे की भेंट चढ़ी

इससे पहले राज्यसभा में मंगलवार को सरकार और विपक्ष ने सोरोस, अदाणी समेत कई के मुद्दों पर जोरदार हंगामा किया। इसके बाद उच्च सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्यों ने कांग्रेस और उसके नेताओं पर विदेशी संगठनों, लोगों के माध्यम से देश की सरकार, अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की कोशिश का आरोप लगाया। वहीं, कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने अदाणी समूह से जुड़ा मुद्दा उठाते हुए इस पर चर्चा कराने की मांग की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

सिब्बल बोले- इलाहाबाद हाईकोर्ट जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएंगे

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव के कठमुल्ले वाले बयान पर राज्यसभा सांसद और वकील कपिल सिब्बल ने प्रतिक्रिया दी। दिल्ली में उन्होंने कहा, यह भारत को तोड़ने वाला बयान है। जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएंगे। सिब्बल ने ये भी कहा कि राजनेता भी ऐसी बात नहीं करते। वे संविधान की रक्षा के लिए बैठे हैं। उनको ये शब्द शोभा नहीं देते। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम को देखना चाहिए कि ऐसे लोग जज न बनें।

14 को दिल्ली कूच करेंगे किसान

नई दिल्ली। किसान एक बार फिर दिल्ली कूच करने की तैयारी कर रहे हैं, 14 दिसंबर को वे फिर अपना मार्च निकालने वाले हैं। दो बार के फेल प्रयास के बाद तीसरी बार किसान अब दिल्ली के लिए रवाना होंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने इस बात का ऐलान संभू बॉर्डर से कर दिया है। बड़ी बात यह है कि कुछ दिनों पहले ही सुप्रीम कोर्ट से किसान संगठनों को झटका लगा है, अब उस बीच फिर दिल्ली कूच की बात हो रही है। किसान नेता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि हमारे प्रदर्शन को 303 दिन हो चुके हैं, हमारा आमरण अशन 15वें दिन में पहुंच चुका है। लेकिन अभी तक सरकार ने हमसे कोई संपर्क नहीं किया है। पंढेर ने जोर देकर बोला है कि जिन भी किसानों को प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया है, उन्हें तुरंत छोड़ा जाए। इसके ऊपर फिल्मी सितारों और धार्मिक नेताओं से अपील की गई है कि वे उनके इस प्रदर्शन का प्रचार करें, समर्थन करें। किसान 13 फरवरी से ही पंजाब और हरियाणा के बीच में शंभू बॉर्डर पर स्थित हैं, वे दो बार पहले भी दिल्ली जाने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन हर बार वापस भेज दिए जाते हैं। किसानों की कई मांगें हैं जिनकी वजह से वे सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं।

बांसुरी स्वराज के खिलाफ मानहानि का मुकदमा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन ने भारतीय जनता पार्टी की सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया है। आप नेता जैन का दावा है कि स्वराज ने एक टेलीविजन इंटरव्यू के दौरान झूठे आरोप लगाए, जिससे उनकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

बांग्लादेश में भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का ऐलान

विरोध

जयपुरिया चादरों को जलाकर किया विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्ते और तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। पड़ोसी देश की मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का ऐलान किया है और प्रतीक के तौर पर जयपुर निर्मित चादरों को जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया है। ढाका की सड़कों पर यह सब तब किया गया, जब दो दिवसीय दौरे पर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ढाका के दौरे पर हैं। मिसरी ने अपने दौरे के पहले ही दिन अपने बांग्लादेशी समकक्ष से दो टूक लहजे में कहा है कि हिन्दुओं और हिन्दू धर्मस्थलों की रक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने अपने समकक्ष मोहम्मद जशीमुद्दीन के साथ बैठक के दौरान अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण सहित भारत की चिंताओं से अवगत कराया। इसके अगले दिन विपक्षी पार्टी के संयुक्त महासचिव एडवोकेट रूहुल कबीर रिजवी ने राजशाही नगर में भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का ऐलान किया और कथित तौर पर जयपुर में निर्मित चादरों को बीच सड़क पर आग के हवाले कर दिया। इस दौरान बीएनपी नेता ने प्रिंटेड चादरों को दिखाते हुए कहा, यह चादर भारत के राजस्थान की राजधानी जयपुर में बनी है। यह चादर जयपुर के कपड़ा उद्योग द्वारा बनाई गई है... हम भारतीय आक्रमण के खिलाफ विरोध जताने के लिए इसे जला रहे हैं और भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का ऐलान करते हैं।

'भारत की जेल में रह लेंगे, पर बांग्लादेश नहीं जाएंगे'

अगरतला। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए। इस्कॉन के धर्मगुरु चिन्मय प्रभु को गिरफ्तार कर लिया गया। बांग्लादेश के ब्राह्मणबारिया जिले में 30 नवंबर को त्रिपुरा से ढाका होते हुए कोलकाता जा रही एक बस पर हमला किया गया। इसके बाद त्रिपुरा में बांग्लादेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। अगरतला में बांग्लादेशी हाई कमीशन में तोड़-फोड़ की गई। त्रिपुरा के होटल एसोसिएशन और एक हॉस्पिटल ने बांग्लादेशियों के लिए सेवाएं बंद कर दीं। बांग्लादेश ने भी अगरतला में अपनी वीजा सेवाएं रोक दीं और त्रिपुरा से अपने डिप्लोमैट्स वापस बुला लिए हैं। त्रिपुरा तीन तरफ से बांग्लादेश से घिरा है। इसका पड़ोसी देश से सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक आबादी बड़ी तादाद में देश छोड़कर भारत में अवैध तरीके से घुस रही है। उनका कहना है कि वे भारत की जेल में रह लेंगे, लेकिन वापस बांग्लादेश नहीं जाएंगे।

बॉलीवुड कलाकार मुश्ताक खान का अपहरण कर फिरौती वसूली

बिजनौर। कॉमेडियन सुनील पाल का अपहरण करने से पहले बिजनौर का गिरोह बॉलीवुड अभिनेता मुश्ताक खान से भी वसूली कर चुका है। लोगों को सम्मानित कराने के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनाने के बहाने मुश्ताक खान को बुलाया गया। बाकायदा मुंबई से दिल्ली तक का फ्लाइट टिकट भी कराया। दिल्ली एयरपोर्ट से लेने के लिए बिजनौर की स्कॉर्पियो पहुंची थी।

मंगलवार को अभिनेता मुश्ताक मोहम्मद खान के इवेंट मैनेजर शिवम यादव निवासी जोगेशपुरी वेस्ट मुंबई की तहरीर पर शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई। जिसमें कहा गया कि 15 अक्तूबर को मेरठ से राहुल सैनी ने मुश्ताक मौहम्मद खान से वरिष्ठ लोगों को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम के संबंध में बात की। उक्त कार्यक्रम के लिए राहुल सैनी ने रकम का भुगतान किया और 20 नवंबर को मुबंई से दिल्ली के लिए एक फ्लाइट टिकट बुक कराया। 20 नवंबर को मुश्ताक खान को दिल्ली एयरपोर्ट से राहुल सैनी द्वारा बुक कराई गयी गाड़ी से रिसीव किया गया।

उक्त गाड़ी मेरठ लेकर आने वाली थी। कैब में ड्राइवर के साथ एक अन्य व्यक्ति भी सवार था। उधर जैन शिकंजी के पास ड्राइवर ने गाड़ी रोक ली और दूसरी गाड़ी में बैठा लिया। हालांकि उक्त गाड़ी को भी पहली गाड़ी का ड्राइवर ही चला रहा था। गाड़ी के कुछ दूर चलने के बाद दो अन्य लोग भी सवार हो गए, जिसका मुश्ताक मौहम्मद खान ने विरोध किया। मगर आरोपियों ने आतंकित करते हुए अपहरण कर लिया और अज्ञात जगह पर ले गए। इसके बाद उनका मोबाइल लेकर एकाउंट से पैसे ट्रांसफर कर लिए। अपहरण कर मुश्ताक को लाया गया बिजनौरपुलिस सूत्रों के अनुसार मुश्ताक खान का अपहरण करने के बाद बिजनौर लाया गया। यहां पर उन्हें दो दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया। किसी तरह छूटकर मुश्ताक 23 नवंबर को भाग गए। मोहल्ला चाहशीरी में मुश्ताक खान को रखा गया था, जिनसे दो लाख रुपये वसूले गए। पुलिस सूत्रों की मानें तो मुश्ताक खान को स्कॉर्पियो गाड़ी से लाया गया था। फिर इसी गाड़ी का इस्तेमाल मशहूर कॉमेडियन सुनील पाल का अपहरण करने के लिए भी किया गया। पुलिस उक्त स्कॉर्पियो की तलाश में लगी है।

वसूले गए दो लाख

पुलिस अपहरणकर्ताओं और स्कॉर्पियो की तलाश में जुटी

फ्लाइट में बम की झूठी खबर देने वाला आईबी अफसर गिरफ्तार

नागपुर। पिछले महीने नागपुर से कोलकाता जाने वाली इंडिगो की उड़ान में बम होने की अफवाह फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किये गये व्यक्ति की पहचान खुफिया ब्यूरो (आईबी) के एक अधिकारी के रूप में हुई है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को अनिमेष मंडल नामक व्यक्ति ने चालक दल को विमान में 'बम' होने की जानकारी दी थी जिसके बाद विमान को छत्तीसगढ़ के रायपुर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया था। विमान में 187 यात्री सवार थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विमान की जांच के बाद बम की धमकी झूठी निकली, जिसके बाद मंडल को कथित तौर पर गलत सूचना देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया था।

मंडल के वकील फैजल रिजवी ने संवाददाताओं को बताया कि उनके मुवक्किल 'आईबी' में डीएसपी रैंक के अधिकारी हैं, जो नागपुर में तैनात हैं तथा वह निर्दोष हैं। रिजवी का कहना था कि वह सूचना साझा करने का अपना काम कर रहे थे। हालांकि, पुलिस ने कहा है कि स्थानीय पुलिस और आईबी की संयुक्त दल ने मंडल से पूछताछ की थी और उनके द्वारा साझा की गई जानकारी फर्जी पाए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

लिंगायत प्रदर्शनकारियों पर पुलिस का लाठीचार्ज

आरक्षण की मांग

पुलिस सुरक्षा घेरा तोड़कर विधानसभा को घेरने का कर रहे थे प्रयास

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेलगावी में लिंगायतों के सबसे बड़े उप-संप्रदाय पंचमसाली समुदाय आरक्षण की मांग पर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन मंगलवार को उनका आंदोलन तब हिंसक हो गया, जब इस समुदाय के धार्मिक प्रमुख बसवजय मृत्युंजय स्वामीजी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। प्रदर्शनकारी सुरक्षा घेरा तोड़कर विधान सौध (विधानसभा) की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज कर दिया। इस घटना में कई प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। सोमवार से ही विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हुआ है।

प्रदर्शनकारियों ने धमकी दी थी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे विधान सौध का घेराव करेंगे। आज जब प्रदर्शनकारी इसी मंशा से विधानसभा की ओर बढ़ने लगे और बैरिकेडिंग तोड़ी तो पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए उन पर लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने इस दौरान भाजपा के कई सांसदों और मृत्युंजय स्वामीजी के साथ-साथ उनके कई समर्थकों को ऐहतियातन हिरासत में लिया है। इस घटना के बाद सड़क पर जूते बिखरे पड़े मिले। लाठीचार्ज से पहले प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच बहस भी हुई। बता दें कि स्वामी ने मंगलवार को बेलगावी में ट्रैक्टर रैली की योजना बनाई थी, लेकिन जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू कर दी और शहर में ट्रैक्टरों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। कुदाल संगम के पंचमसाली गुरु पीठ के पुजारी दिसंबर 2012 से ही पंचमसाली समुदाय को अन्य पिछड़ी जातियों की 2ए श्रेणी के अंतर्गत लाने के लिए राज्य सरकार पर दबाव डाल रहे हैं। यह समुदाय फिलहाल 3बी श्रेणी के अंतर्गत आता है और सरकारी शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में इसे पांच प्रतिशत आरक्षण मिलता है। उनकी मांगें अगर पूरी हो जाती हैं तो समुदाय को 15 प्रतिशत आरक्षण मिल सकेगा।

संभल हिंसा के पीड़ित परिवारों से मिले राहुल

नई दिल्ली। संभल हिंसा के पीड़ित परिवारों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुलाकात की है। उन्होंने राजधानी दिल्ली में 4 परिवार वालों से मुलाकात की है, उस बैठक के दौरान संभल हिंसा पर विस्तार से चर्चा की गई। इससे पहले कांग्रेस नेता खुद संभल जाने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस ने उन्हें गाजीपुर बॉर्डर पर ही रोक दिया था। अब दिल्ली में उनकी कुछ परिवार वालों से मुलाकात हो गई है।

राहुल गांधी ने बिलाल, रूमान, अयान और कैफ के परिवार वालों से मुलाकात की है। इन चारों की युवकों ने इस हिंसा में अपनी जान गंवा दी थी। अब जिस समय यह मुलाकात हुई, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी भी वहां मौजूद थी, उन्होंने भी पीड़ित परिवारों से बात की। अब क्या बातचीत हुई, क्या आश्वासन दिए गए, अभी तक इसे लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। जानकारी के लिए बता दें कि राहुल गांधी ने इसी महीने की शुरूआत में संभल जाने की कोशिश की थी। उनके साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी भी मौजूद थी। लेकिन जब पुलिस ने उन्हें गाजीपुर बॉर्डर पर ही रोक दिया, राहुल ने अकेले जाने की पेशकश भी की। लेकिन पुलिस ने तब उनको इसकी इजाजत भी नहीं दी थी, उसी वजह से काफी विवाद देखने को मिला और सरकार पर गंभीर आरोप भी लगाए गए।

पूजा करने के साथ ही पुजारी ने काटा गला

जनसंदेश न्यूज

अजीबोगरीब

लहूलुहान पुजारी की अस्पताल ले जाते समय मौत

वाराणसी। मंगलवार को गायघाट में एक अजीबोगरीब घटना सामने आयी जिसमें पूजा करते समय पुजारी अचानक जोर-जोर से जय मां काली के जयकारे लगाने लगे। मां दर्शन दो...कहकर चाकू से खुद का गला रेत दिया। गला कटते ही पुजारी जय-जयकार करते हुए चीखने लगे। फिर जमीन पर गिर पड़े। चीख सुनकर किचन में खाना बना रही पत्नी दौड़कर कमरे में पहुंची। देखा तो पुजारी लहूलुहान हालत में फर्श पर पड़े थे।

परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन पुजारी का शव लेकर कहीं चले गए। पुलिस उन लोगों की तलाश कर रही है। घटना कालभैरव कोतवाली के गायघाट मोहल्ले की है। वाराणसी के गायघाट निवासी सूरज प्रसाद मेहरा के मकान की दूसरी मंजिल पर 5 साल से पुजारी अमित शर्मा, पत्नी जूली और बेटे समीर (10) के साथ रहते थे। मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे पुजारी अमित शर्मा मंदिर से घर आए।पत्नी जूली उनके लिए खाना बनाने चली गईं।

इस बीच अमित घर के मंदिर के पास चौकी लगाकर पूजा पाठ करने लगे। कुछ देर बाद वह जय मां काली...जय मां काली, मां दर्शन दो...मां दर्शन दो जोर जोर से पुकारने लगे।

एक बार तो पत्नी भी चौंक कर उन्हें देखने आई।पत्नी ने देखा कि वह पूजा कर रहे हैं तो वह वापस किचन में चली गईं। इस बीच अचानक मां का आह्वान करने की आवाज उनकी चीख में बदल गई। चीख सुनकर मौके पर पहुंची पत्नी ने पुजारी को खून से लथपथ जमीन पर पड़े देखा। फर्श पर खून बिखरा था और पास में ही खून से सना एक चाकू पड़ा था।यह देखकर पत्नी जूली की चीख निकल गई। शोर सुनकर मकान मालिक समेत कई लोग मौके पर पहुंचे। तुरंत पुजारी को मंडलीय अस्पताल कबीरचौरा लेकर पहुंचे। जहां इमरजेंसी वार्ड के डॉक्टर ने अमित को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में रोना-पीटना मच गया।

कुछ देर बाद ही परिजन स्ट्रेचर से शव उठाकर ऑटो पर रखकर कहीं चले गए।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची। लेकिन तब तक पुजारी के परिजन शव लेकर जा चुके थे। पुलिस की टीम उनके किराए के घर पहुंची। वहां घर का दरवाजा खुला हुआ था, लेकिन परिजन गायब थे। पुलिस ने मकान मालिक से नंबर लेकर पुजारी की पत्नी को फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा। पुलिस उन लोगों की तलाश कर रही है।मकान मालिक सूरज प्रसाद मेहरा ने बताया कि जब अमित उनके मकान में रहने आए तो उन्होंने बताया था कि वह पुजारी हैं। मंदिरों में पूजा-पाठ के साथ-साथ पर्यटकों को बनारस भी घुमाते हैं। मकान मालिक ने बताया कि वह पुजारी थे इसलिए कमरा दे दिया था।अमित यहां कई मंदिरों से जुड़े थे। वह रोज सुबह मंदिर जाते थे। यहां पूजा-पाठ करते और आने वाले पर्यटकों को घुमाते, मंदिरों का इतिहास बताते।

दोपहर को घर आते खाना खाते। शाम को फिर से निकल जाते। गंगा आरती पर्यटकों को दिखाते, उसका महत्व बताने के साथ ही बनारस की गलियां भी घुमाते। इसके बाद घर में आकर पूजा करते थे। घटना को लेकर पुजारी के मोहल्ले के लोगों का कहना है कि वह पूजा-पाठ के साथ-साथ तंत्र-मंत्र भी करते थे। इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया होगा। परिजनों के अचानक से शव लेकर भागने के पीछे का भी यही कारण बताया जा रहा है।

लोगों का कहना है कि कहीं उनकी पत्नी शव लेकर किसी तांत्रिक के पास या पुजारी के किसी गुरु के पास तो नहीं गईं। फिलहाल पुलिस उन लोगों की तलाश कर रही है।डीसीपी काशी जोन गौरव बंसवाल ने बताया, गयाघाट पर एक युवक के खुद का गला रेतने की सूचना मिली है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। परिवार से भी संपर्क किया गया है। एसीपी कोतवाली मामले की जांच कर रहे हैं।

मारपीट में घायल युवक की मौत

चौबेपुर। क्षेत्र के श्रीकंठपुर धोबहिया पर गांव में विगत 24 अक्टूबर की रात पुरानी रंजिश में गांव के एक विकास राम 19वर्ष पुत्र भोलाराम को गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी,डंडे व चाकू से मारपीट कर घायल कर दिया था।जिसका इलाज बीएचयू के ट्रामा सेंटर में चल रहा था । लेकिन मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की मां उषा देवी ने चौबेपुर थाने में तहरीर दी है कि मेरे इकलौते बेटे विकास को 24 अक्टूबर की रात गांव के ही चंदन पुत्र पारस ,सोनू पुत्र सुरेंद्र ने लाठी डंडे व चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिये थे। तभी से उसे होश नहीं आया।उसी समय से बीएचयू ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा था कि मंगलवार को उसकी मौत हो गई। मृतक के मां ने तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। मृतक घर पर रहकर मजदूरी करता था। पुलिस ने शव का बीएचयू में पोस्टमार्टम कराया। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि इस मामले में पहले हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज था अब धारा 304के तहत मुकदमा किया जा रहा है।

संक्षेप

सरोवर संरक्षण क्लब का चुनाव संपन्न

वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के सरोवर संरक्षण क्लब का वार्षिक चुनाव वर्ष 2024 मंगलवार को पश्चिमी उपनगर कार्यालय में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 13 उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें से 10 सदस्यों का चयन वोटिंग के माध्यम से किया गया। चुनाव में अजय कुमार, अमरनाथ, एखलाक हुसैन खान, प्रमेन्द्र कुमार, प्रेम कुमार राय, मृत्युंजय कुमार भास्कर, विजय कुमार, विपुल कुमार सिंह, शेखर चंद्र गोला, सुजीत कुमार चुने गये। चुनाव प्रक्रिया वरिष्ठ इंजीनियर एवं चुनाव अधिकारी अमित कुमार की देखरेख में कुशलतापूर्वक आयोजित की गई।

जमीन कब्जा के मामले में दो पक्ष भिड़े

वाराणसी। सारनाथ पंचकोशी रेलवे क्रॉसिंग के समीप जमीन कब्जा करने को लेकर मंगलवार को दो पक्षों में मारपीट हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस के सामने ही दोनों पक्ष भीड़ गए और मारपीट करने लगे। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्ष के लागों को हिरासत में लेकर काम रुकवा दिया। पुरानापुल रेलवे क्रॉसिंग के पास तीन बिस्वा जमीन पर पालीकोठी हनुमान फाटक निवासी आशीष बिंद भूमि पर निर्माण कार्य करवा रहे थे। इस बीच दूसरे पक्ष की रीता देवी, मीना देवी, प्रमिला, छोटी व लकी काम रुकवाने लगे। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस उनकी चचिया सास लालती देवी को पहले ही हिरासत में लेकर थाने पर बैठा दिया। रसूलगढ़ की लालती देवी ने बताया कि उनके परिवार का कुल नौ बिस्वा जमीन है। उनके पट्टीदार (परिवार के दूर के सदस्य) पंचकोशी निवासी मुरहू राजभर ने सभी को मृत बताकर उर्मिला बिंद के नाम धोखे से रजिस्ट्री कर दिया। इसके बाद उसने काम शुरू कर दिया। इसका लोगों ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। पुरानापुल चौकी प्रभारी यमुना प्रसाद तिवारी ने बताया कि मुरहू राजभर ने जमीन उर्मिला बिंद को बेच दिया है। इसका दाखिल खारिज भी हो चुका है। इसके बावजूद लोग काम रुकवा दिए। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों का कहना है कि पुलिस ही आशीष बिंद के साथ मिलकर निर्माण कार्य करवा रही थी। जब मामला तूल पकड़ा तब उन्होंने काम रुकवा दिया।

ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

रोहनिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के मोहनसराय पुलिस चौकी अंतर्गत मोहनसराय चौराहा स्थित माता प्रसाद पेट्रोल पंप के सामने स्थित हाईवे पर मंगलवार को रात में लगभग 7 बजे वाराणसी से राजातालाब की तरफ जाते समय ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार संग्राम विश्वकर्मा नामक लगभग 40 वर्षीय मैकेनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे रोहनिया थाना प्रभारी विवेक कुमार शुक्ला ने उक्त घायल व्यक्ति को इलाज के लिए एंबुलेंस से भदवर स्थित हेरिटेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लिया तथा ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मधुपुर राबर्ट्सगंज सोनभद्र निवासी संग्राम विश्वकर्मा वर्तमान में राजातालाब स्थित पशु अस्पताल के बगल में किराए की मकान में अपने दो बच्चों और पत्नी संजना के साथ रहते है। वह रोज की भांति बिजली वायरिंग का काम करके वाराणसी से बाइक से राजातालाब घर वापस जाते समय मोहन सराय चौराहे के पास माता प्रसाद पेट्रोल पंप के सामने हाईवे पर सामने जा रही सवारी वाहन टोटो अचानक ब्रेक मार दिया जिसके पीछे आ रहे संग्राम विश्वकर्मा अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े और पीछे से आ रही ट्रक के चपेट में आ गए जिससे ट्रक के पहिए से पैर दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गए और पैर फैक्चर हो गया। जिसकी सूचना पाकर रोते बिलखते हुए बच्चों के साथ पत्नी संजना घटनास्थल पर पहुंची।

कैंट स्टेशन प्रशासन की शौचालय संचालक पर बड़ी कार्रवाई

वाराणसी। कैंट स्टेशन स्थित द्वितीय श्रेणी यात्री हाल में संचालित शौचालय के ठेकेदार पर दो लाख 13 हजार 333 रुपए जुर्माना लगाया गया है। यात्रियों से मिली अवैध वसूली की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए रेलवे प्रशासन की ओर से यह कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों एक यात्री ने शौचालय के कर्मचारी पर पांच रुपए के बजाय दस रुपए वसूलने का आरोप लगाया था। इसकी शिकायत इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म ' एक्स' के जरिए उच्चाधिकारियों से की गई। वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों की जांच में आरोप सही पाया गया। स्थानीय अधिकारियों की प्रेषित रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए लखनऊ मंडल प्रशासन ने ठेकेदार पर 2.13 लाख का जुर्माना लगाया। इस राशि को 15 दिनों के अंदर जमा करने की मोहलत दी गई है। अन्यथा ठेका निरस्त करने की कार्यवाही होगी। ज्ञात हो कि शौचालय संचालक द्वारा लगातार यात्रियों से अवैध वसूली की शिकायत की जाती रही है।

बचाव के उपाय पर नाविक कर रहे थे मॉकड्रिल

वाराणसी। बचाव के उपाय पर नाविक मॉकड्रिल कर रहे थे। यह कोई मनमानी स्टंट नहीं था, बल्कि एक डेमो जैसा उपाय रहा। यह जानकारी जल पुलिस के प्रभारी एसआर गौतम ने दी है। उन्होंने बताया कि नमो घाट पर स्टंट की मनमानी से स्पीड बोट के पलटने की खबर जहां भ्रामक है,वहीं गलत है। जनसंदेश टाइम्स ने जब इस तरह के किए गए कार्यों से भ्रम पैदा होने की स्थिति पर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि लोगों में बेवजह गलत संदेश नहीं जा सके। इसके लिए अब मॉकड्रिल किए जाने से पहले जनता को जानकारी होगी।

लॉन से चार लाख 90 हजार रुपये चोरी

उचक्कागिरी

पुलिस ने तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा किया दर्ज

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। जौनपुर के कोतवाली क्षेत्र के ख्वाजगी टोला निवासी संजय गुप्ता के पुत्र कार्तिकेय साहू का तिलक का कार्यक्रम 7 दिसंबर की रात्रि 11:30 बजे बाबतपुर स्थित एक लॉन में चल रहा था कि होटल के कर्मचारियों की मिली भगत की वजह से दो अज्ञात व्यक्तियों ने संजय गुप्ता की पत्नी मंजू गुप्ता के पास रखा बैग जिसमें 4 लाख 90 हजार रुपये नगद रखा था उसे चोरी कर लिये।

संजय गुप्ता जब अपना पैसा वाला बैग खोजने लगा तो वह नहीं मिला। इसकी सूचना होटल के प्रबन्धक और 112 नं0 डायल कर पुलिस को दिया। पुलिस के आने के पहले उक्त दोनों अज्ञात व्यक्ति पैसों से भरा बैग लेकर फरार हो गये। पुलिस के आने पर उनकी मौजूदगी में सीसीटीवी फुटेज में उक्त दोनो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पैसौं से भरा बैग चोरी करते हुए और उसे लेकर बाहर जाते हुए देखा गया और उक्त दोनो अज्ञात व्यक्तियों का फोटो सीसीटीवी फुटेज में निकाला गया है। जिसको लेकर संजय गुप्ता ने थाना बड़ागांव में तहरीर दी बड़ागांव पुलिस ने तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सीसी फुटेज के सहारे चोरों की तलाश कर रही है।

लॉन से गायब हुआ लाखों के गहनों से भरा बैग

वाराणसी। लालपुर क्षेत्र के बेलवा बाबा, लमही स्थित निष्ठा लॉन में वैवाहिक आयोजन में एक संदिग्ध व्यक्ति दुल्हन को चढ़ाए जाने वाला लाखों रुपए के आभूषण से भरे बैग को परिजनों से घुल मिलकर और गुमराह कर ले कर फरार हो गया।परिजनों को आभूषण चढाते समय जब बैग की जरूरत पड़ी तो खोजबीन के बाद जब बैंग मौके पर नहीं मिला तो लोगों को घटना की जानकारी हुई। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना देने के साथ ही सीसी फुटेज खंगाला तो एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़ा। मजे की बात यह है कि संदिग्ध व्यक्ति शाम से ही आकर लॉन में मजे से नाश्ता, खाना खाकर घराती बाराती के बीच में देखा गया और शादी की रस्म के दौरान भी उन्हीं लोगों में शामिल रहा और मौका पाते ही लगभग 17 लाख रुपए के आभूषण वाला ट्रॉली बैग लेकर फरार हो गया। लॉन संचालक अतुल सिंह ने बताया कि 9 दिसंबर को लड़की पक्ष के बैंक मैनेजर संजय कुमार निवासी ओमनगर कॉलोनी ने अपनी लड़की वंदना की शादी के लिए लॉन बुक किया था जहां नेवादा बिहार के प्रमोद सिंह के लड़के अनिमेष की बरात आई थी। सभी कार्यक्रम के बाद देर रात वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान जब बैग नहीं मिला तो घटना से सभी लोग परेशान हो गए। लान संचालक का कहना है कि दो से ढाई बजे रात के आसपास चोर ने आसानी से बैग उठाया और लेकर फरार हो गया होगा।सूचना पर एसीपी कैंट, एडीसीपी सहित पुलिस के आला अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। लड़की के पिता संजय कुमार ने लालपुर थाने में तहरीर दे दी है।पुलिस सीसी फुटेज और मोबाइल डिटेल के माध्यम से संदिग्ध की खोज में जुट गई है।

लुटेरी दुल्हन सहित पूरे गैंग को पुलिस ने पकड़ा

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। लंका पुलिस ने सामनेघाट मैदान के सामने से एक लुटेरी दुल्हन उसके पांच साथियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया। लंका इंस्पेक्टर शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि राजस्थान के नागौर जिले परवबतसर वार्ड नंबर दो हरसोर रोड ठेला डाबी का रहने वाला घनश्याम ने पुलिस को सूचना दिया कि मेरे दोस्त सुमेर सिंह उसी यहां का रहने वाला है। सुमेर ने शादी के लिए लड़की के बारे में बताया कि मेरी साली है।

जिसका नाम संगीता है यदि तुम्हे पसंद होगी तो शादी करा दूंगा। उसकी बात पर विश्वास कर घनश्याम अपने छोटे भाई महावीर राम के वाराणसी शादी करने के लिए पहुंचा। सुमेर ने काशी विश्वनाथ मंदिर ले जाकर दुल्हन संगीता से मिलवाया।मौके पर लड़की के फूफा अनिल जीजा प्रसन्न कुमार मां शोभा देवी बुआ गुड़िया मौजूद थी। लड़की पसंद आने पर नगवा स्थित एक घर में ले जाकर दोनों की शादी कराई। शादी के बाद विदाई होकर लड़की बनारस स्टेशन पर पहुंची। स्टेशन पर पहुंचने के बाद लड़की बहना बनाकर अपने कथित भाई के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर फरार हो गई। इसके बाद धीरे धीरे सब वहां से निकल गए। इसके बाद घनश्याम और उनके भाई महावीर को अपने साथ फजीर्वाड़ा होने की जानकारी हुई।

एक लाख सत्रह हजार रुपए सभी ने ले लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके छानबीन में लगी। जांच के दौरान पुलिस को अविवाहित लोगों को फंसाकर पैसा वसूल करने वालों की जानकारी मिली। पकड़े गए सुमेर सिंह पुरान बांस थाना नीमका जिला शिकरा राजस्थान अनिल ग्राम भरारसक थाना मंझनपुर कौशांबी प्रशन कुमार तोड़नी थाना मालपुरा जिला टोक राजस्थान विभा फर्जी नाम संगीता पुत्री बलिंद्र साहनी चक्रलोनर कोठी थाना मेहसी पूर्वी चंपारण शोभा पत्नी संजय कुमार आदित्य नगर करौंदी चितईपुर आसिया पत्नी समसूदीन डुबकियां चौबेपुर की रहने वाली गिरफ्तार किया। इनके पास से 4900 रुपए 6 मोबाइल आधार कार्ड बरामद हुआ है।

कामगारों को योजनाओं की दी गयी जानकारी

वाराणसी। पराड़कर भवन में कामगारों के लिए श्रम विभाग के अधिकारियों ने शिविर लगाकर सरकार की ओर से कामगारों के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। अधिकारियों ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2024 योजना प्रदेश सरकार की आत्मनिर्भरता की और प्रेरित करने हेतु विगत वर्षों से चलाई जा रही है। इस वर्ष 600 लाभार्थी ट्रेलर के तथा 200 से ढाई सौ लाभार्थी हवाई ट्रेड में प्रशिक्षित किया गया जिसका समापन आज नौ दिसंबर को पराड़कर स्मृति भवन के गर्दे सभागार में जिला उद्योग प्रोत्साहन केंद्र लहरतारा वाराणसी के आयुक्त महोदय उमेश सिंह तथा उपायुक्त मोहन शर्मा द्वारा किया गया सभी लाभार्थियों को 10 दिन की प्रशिक्षण कार्यशाला तथा उनके खातों में एक प्रोत्साहन राशि भेजी जाएगी तथा उन्हें प्रमाण पत्र देते हुए एक टूलकिट उपलब्ध करवाया जाएगा जिससे वह सभी आत्मनिर्भर होकर लघु उद्योग को बढ़ावा दे सके और आत्मनिर्भर बन सके इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला उद्योग प्रस्थान केंद्र लहरतारा वाराणसी उमेश सिंह उप आयुक्त श्री मोहन शर्मा तथा विभाग के कई अधिकारी गण उपस्थित रहे कार्यक्रम का मुख्य संचालक नगर निगम वाराणसी के ब्रांड एंबेसडर काशी के प्रसिद्ध कलाकार अमित श्रीवास्तव जी द्वारा किया गया तथा स्वागत सम्मान विकास सिंह सुषमा श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

बच्चों को निमोनिया से बचायेगा 'सांस' : सीएमओ

जानकारी

बच्चों की चिकित्सकीय देखभाल के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को किया जा रहा सुदृढ़

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। निमोनिया की रोकथाम एवं ससमय समुचित इलाज प्रदान कर 0 से पांच वर्ष तक के बच्चों की मृत्यु-दर में कमी लाने के उद्देश्य से सांस (निमोनिया प्रबंधन) अभियान 12 नवम्बर से चलाया जा रहा है जोकि 28 फरवरी तक चलेगो इस अभियान में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आशाओं द्वारा समुदाय स्तर पर निमोनिया से ग्रसित बच्चों की पहचान की जा रही है तथा लक्षण मिलने पर उन्हें रेफर किया जा रहा है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने दी।

उन्होंने बताया कि बच्चों की चिकित्सकीय देखभाल का लगातार पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया जा रहा है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में लगभग 17.5 फीसदी म्रत्यु निमोनिया के कारण होती है। निमोनिया फेफड़ों के संक्रमण, बैक्टीरिया, वायरस एवं फंगल संक्रमण से होता है। सभी धात्री मां शिशु के अच्छे स्वास्थ्य के लिए जन्म के तुरन्त बाद से 6 माह तक सिर्फ स्तनपान तथा 6 माह के उपरान्त समुचित अनुपूरक आहार तथा विटामिन-ए की खुराक अवश्य पिलवायें, साथ ही बीमारी से बचाव के लिए शिशु का टीकाकरण एवं हाथों की स्वच्छता तथा स्वच्छ पेयजल एवं गृह प्रदूषण पर उन्हें विशेष ध्यान देना चाहिए, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं आरसीएच कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ एचसी मौर्या ने बताया कि समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला अस्पताल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ का निमोनिया के प्रबंधन हेतु संवेदीकरण किया जा चुका है, साथ ही समस्त उपकरण एवं दवाइयां उपलब्द्ध करा दी गई हैं, ताकि निमोनिया से ग्रसित बच्चों की ससमय जान बचायी जा सके अब तक अभियान के दौरान आशाओं द्वारा 3522 बच्चों की जांच की गई, जिसमें 272 बच्चे चिन्हित किए गये, 118 बच्चों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज हुआ तथा 154 बच्चे जिला अस्पताल तथा मेडिकल कालेज रेफर किये गये।

उन्होंने बताया कि बच्चों में निमोनिया होने के विभिन्न कारण हो सकते हैं जैसे कि कम वजन का होना, कुपोषण, 6 माह तक स्तनपान न कराया जाना तथा घरेलू प्रदूषण पर ध्यान न देना, खसरा एवं पीसीवी टीकाकरण न कराया जाना, जन्मजात विकृतियों जैसे क्लेफ्ट पैलेट, अनुवांशिक हृदय विकृति तथा अस्थमा में निमोनिया की सम्भावना बढ़ जाती है।

एयरपोर्ट पर बम की सूचना पर मचा हड़कंप

मॉकड्रिल

बम का नाम सुनते ही थम गयी यात्रियों की सांसें

जनसंदेश न्यूज



बाबतपुर। मंगलवार को एयरपोर्ट पर बम की सूचना मिलते ही यात्रियों में हड़कम्प मच गया। जो जहा था वही दुबक गया। सुरक्षा में सीआईएसएफ के जवाना के साथ ही स्थानीय पुलिस के जवान भी मोर्चा संभाल इधर उधर भागने लगे, यात्रियों में बम नाम सुनते ही कई भयानक मंजर सामने आने लगे। इन सब के बीच जब एयरपोर्ट के अधिकारियों ने उन्हें इसे मॉकड्रिल बताया तो सभी यात्रियों ने राहत की सास ली।

वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुख्य टर्मिनल भवन के अंतराष्ट्रीय आगमन क्षेत्र में अपराह्न बम की सूचना मिलते ही सुरक्षाकर्मी सहित हवाई अड्डे पर हड़कम्प मच गया सुरक्षा कर्मियों द्वारा सक्रियता दिखाते हुए जवानों ने तत्काल पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लेते हुए आगे की प्रक्रिया हेतु अधिकारियों को सूचना दी। बम डिस्पोजल दस्ते के साथ सभी सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल मोर्चा सम्हालते हुए अंतरास्ट्रीय क्षेत्र में जांच पड़ताल की प्रक्रिया सुरु किया गया। गहनता पूर्वक जांच के बाद विस्फोटक सामग्री न मिलने के चलते मौजूद अधिकारियों और जवानों ने राहत की सांस ली। उसके बाद सूचना जारी किया गया कि यह एक सुरक्षा अभ्यास था। बतादे की मंगलवार को सीआईएसएफ जवानों को मुख्य टर्मिनल भवन के अंतराष्ट्रीय क्षेत्र में अपराह्न ढाई बजे बैग मे बम होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही जवानों ने वहां घेराबंदी करने के साथ तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना दिया कंट्रोल रूम द्वारा सभी यूनिट को सूचना देने के साथ ही वहां पर डाग स्क्वायड तथा बम डिस्पोजल यूनिट टीम के द्वारा रस्सी लगाकर बैरिकेटिंग कर घेर लिया गया।मौके पर डाग स्क्वायड की टीम के पहुंचने के बाद यह सुनिश्चित हुआ की किसी प्रकार की विस्फोटक वस्तु नहीं था। हला की सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर तत्काल बीटीसीवी (बम थ्रेट कन्टेनमेंट वेसल) और आरओवी (रिमोट आपरेटेड व्हिकील) मशीन भेजी गयी वही प्रस्थान द्वारा पर फायर कर्मी सहित राहत व बचाव कार्य के लिए अन्य सुरक्षा एजेंसियां मोर्चा सभाले हुये थे। मशीन द्वारा जांच करने के साथ ही सुरक्षा जैकेट पहने हुए जवानों ने बैग की विधिवत जांच पड़ताल की बाद में कंट्रोल रूम से सूचना प्रसारित हुआ कि हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए यह एक प्रकार का सुरक्षा मॉक ड्रिल किया गया था। मॉक ड्रिल के बाद कांफ्रेंस हाल में मॉक ड्रिल सम्बन्धित बैठकर समीक्षा की गयी।उक्त बैठक में सभी सुरक्षा एजेंसियों सहित सभी हित धारक के अधिकार मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

मेरा इण्टरमीडिएट सन् 2019 अनुक्रमांक 5686952 की मार्कशीट में मेरे पिता जी का नाम ABHINAY SINGH के स्थान पर ABINAY SINGH हो गया है जो कि गलत है। मेरे सभी अभिलेखों में ABHINAY SINGH नाम दर्ज है। हर्ष सिंह पुत्र अभिनय सिंह निवासी ग्राम-उटरूकलॉ, पो०-गढ़ाबाघराय, जौनपुर।

नसीरुल्ला खाँ पुत्र स्व0 अब्दुल करीम खाँ ग्राम-कुण्डा कला, मुगलसराय, चन्दौली का निवासी हूँ। मेरा बैनामा विलेख मौजा-सतपोखरी, प0-राल्हूपुर, आ0 नं0-4/3 बैनामा विलेख सं0-1796 बैनामा का दिनांक 30.08.1999 घर से जाते समय दिनांक 08.12.2024 को रास्ते में कहीं गिर कर खो गया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर-चन्दौली

प0 संख्या-385/अ0अ0/न0पा0प0पं0दी0द0उ0न0(मु0)/2024-25 दिनांकः 10.12.2024

एतद्द्वारा निम्नलिखित भवन के स्वामियों/क्रेतागणों तथा अन्य सहव्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निम्न भवनों के नाम परिवर्तन/स्वकर निर्धारण की कार्यवाही कर-विभाग नगर पालिका परिषद पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली में विचाराधीन है। सम्बन्धित पक्षों को धारा 147 व धारा 143(1) की नोटिस भेजी जा चुकी है। आपत्तिकर्ता सम्पूर्ण प्रमाण सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के दिनांक से 7 दिन के अन्दर अपना पक्ष/आपत्ति नगर पालिका परिषद कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा सनियम कार्यवाही करते हुए प्रकरण निस्तारित कर दिया जायेगा।

क्र0सं0	भवन संख्या	मुहल्ला	वर्तमान नाम	नामान्तरण/कर निर्धारण हेतु प्रस्तावित नाम
1	11/B-4	छीड़	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्री जगदीश प्रसाद चौरसिया, सुरेश प्रसाद चौरसिया पुत्रगण राधेश्याम चौरसिया, अनिता चौरसिया पत्नी जगदीश प्रसाद चौरसिया, पिंकी चौरसिया पत्नी सुरेश प्रसाद चौरसिया
2	1345/5	अलीनगर	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्री अनोज मेहता पुत्र बनवारी मेहता
3	41	हनु0 चमरौटी	श्री भीमसन जोसेफ पुत्र स्व0 सैमुअल जोसफ	वसीयतनामानुसार-श्रीमती बीनू सिंह पत्नी स्व0 राजीव कुमार सिंह
4	180/T-1	कालीमहाल	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्रीमती तेतरा देवी पत्नी घनश्याम
5	148/A	पराहूपुर	श्री बहादुर यादव पुत्र स्व0 मंगरू यादव	दानपत्र अनुसार-श्री सन्तोष यादव पुत्र बहादुर यादव
6	179/1	वेस्टर्न बाजार	श्रीमती बेला देवी पत्नी स्व0 छोटेलाल	बैनामानुसार-श्रीमती नमिता मेहरोत्रा पत्नी मनोज कुमार मेहरोत्रा
7	343/A	कालीमहाल	श्रीमती चिरौंजी देवी पत्नी लालमनी त्रिपाठी	बैनामानुसार-श्रीमती पूजा पाण्डेय पत्नी प्रमोद कुमार पाण्डेय
8	167	वेस्टर्न बाजार	श्री केशव प्रसाद पुत्र स्व0 झूरी	वरासतन-श्री अशोक कुमार अग्रहरी पुत्र स्व0 केशव प्रसाद व रेखा साव व सुरज साव पुत्र व पुत्रीगण स्व0 तारकेश्वर साव
9	252/J-1	लाठ नं0-2	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-जोगिन्दर कुमार यादव पुत्र छोटेलाल
10	345/A-9	महमूदपुर	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्रीमती शारदा देवी पत्नी विजय बहादुर कुमार
11	694	मुगलचक	श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्याम नारायन दूबे	बैनामानुसार-श्री सोहन प्रसाद यादव पुत्र स्व0 बुल्लर यादव व विजय कुमार पुत्र स्व0 रामायण प्रसाद
12	276	मगलचक	श्री अली मुहम्मद पुत्र स्व0 फतेह मुहम्मद	वरासतन-श्रीमती रेहाना बेगम पत्नी स्व0 इरफान, कुरूतुल बेगम पत्नी रियाजुद्दीन, शहनाज बेगम पत्नी अबुजन खान, जहाँआरा पत्नी इकबाल व नाजीश पत्नी मुखतान
13	642/C1	चन्धासी	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्रीमती मंजू चौधरी पत्नी मुन्ना चौधरी
14	221/T-J	चन्धासी	प्रथम कर निर्धारण	वरासतन-श्री सुहैल अहमद खान, तुफैल अहमद खान, जुनैद अहमद, जुबेर खान पुत्रगण स्व0 मुनीर अहमद खान
15	267/M-D	परशुरामपुर	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्रीमती ममता देवी पत्नी सन्तोष कुमार केशरी व शेखर कुमार केशरी पुत्र सन्तोष कुमार केशरी
16	267/M-5	परशुरामपुर	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्रीमती ममता देवी पत्नी सन्तोष कुमार केशरी व शेखर कुमार केशरी पुत्र सन्तोष कुमार केशरी
17	500/1	मवईखुर्द	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्रीमती तारा देवी पत्नी स्व0 रामधनी यादव
18	57	कसाब महाल	श्रीमती प्रभावती देवी पत्नी स्व0 शिवशंकर प्रसाद	वरासतन-श्री भोलानाथ गुप्ता व विनोद कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व0 शिवशंकर प्रसाद
19	168	ईस्टर्न बाजार	श्रीमती प्रभावती देवी पत्नी स्व0 शिवशंकर प्रसाद	वरासतन-श्री भोलानाथ गुप्ता व विनोद कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व0 शिवशंकर प्रसाद
20	161	ईस्टर्न बाजार	श्रीमती प्रभावती देवी पत्नी स्व0 शिवशंकर प्रसाद	वरासतन-श्री भोलानाथ गुप्ता व विनोद कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व0 शिवशंकर प्रसाद
21	302	काली महाल	श्रीम

वाराणसी सर्राफा भाव

सोना (RTGS 999.0)
80000/inc.GST

चांदी (99.50)
94100/- प्रति किलो

चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

वाराणसी मंडल

काली पट्टी बांध विद्युतकर्मियों ने जतायी नाराजगी

विद्युत विभाग की उन्नति व उपभोक्ताओं के बेहतरी के लिए ली सौगंध

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को जिले भर में समस्त कर्मचारियों और अभियंताओं ने काली पट्टी बांधकर प्रस्तावित निजीकरण का विरोध करते हुए एकता का परिचय दिया। इस दौरान अभियंताओं और कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से जनहित में बिजली वितरण व्यवस्था के निजीकरण के फैसले को रद्द करने की अपील की। इस दौरान सभी ने विभाग की उन्नति और उपभोक्ता सेवा की बेहतरी की सौगंध भी ली।

संघर्ष समिति के निर्णय के अनुसार प्रस्तावित निजीकरण के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए कर्मचारियों और अभियंताओं ने कार्य प्रभावित होने नहीं दिया। दावा किया गया कि प्रदेश के मुख्य अभियंताओं ने भी काली पट्टी बांधकर काम किया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लगायत मुख्य अभियंता स्तर तक के अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर एकजुटता का प्रदर्शन किया। भोजनावकाश में और कार्यालय समय के बाद कर्मचारियों व अभियंताओं ने अपने-अपने कार्यालय प्रांगण में

निजीकरण का विरोध

लखनऊ में प्रदेश नेतृत्व आज तय करेगा राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति

निजीकरण के विरोध में जोरदार नारेबाजी की। जिला मीडिया सचिव एवं प्रभारी अंकुर पांडेय ने बताया कि 11 दिसंबर को लखनऊ में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एण्ड इंजीनियर्स की होने वाली मीटिंग में उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ में किए जा रहे बिजली के निजीकरण के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। मीटिंग में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमेन शैलेंद्र दुबे, सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर

राव, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष आरके त्रिवेदी, सेक्रेटरी जनरल अभिमन्यु धनकड़, इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ ऑफिसर्स एसोसिएशन के अशोक राव और ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के सेक्रेटरी जनरल मोहन शर्मा शामिल होंगे।

नव निर्वाचित बूथ अध्यक्षों का भौतिक सत्यापन कल से

जनसंदेश न्यूज

भाजपा संगठन चुनाव

सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी व सर्वग्राही संगठन की संरचना करना हम सबका दायित्व : संजीव

काशी क्षेत्र के 16 जिलों के मंडल अध्यक्षों के नामों पर मुहर लखनऊ में लगेगी

वाराणसी। भाजपा के संगठन पर्व 2024 के तहत चल रहे संगठनात्मक चुनाव में बूथ अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। आगामी 12 व 13 दिसम्बर को इन बूथ अध्यक्षों के भौतिक सत्यापन होगा। इस दौरान नये बूथ अध्यक्षों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की तरफ से प्रेषित अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उक्त बातें प्रदेश के सह प्रभारी संजीव चौरसिया ने मंगलवार को रोहनिया स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में संगठनात्मक चुनाव के निमित्त बनाए गए चुनाव पर्यवेक्षक, जिला एवं मंडल चुनाव अधिकारी की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा परिवारवादी पार्टी नही है, बल्कि परिवार भाव से चलने वाली पार्टी है। संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया में सहमति के आधार पर काम करना है। बूथ की मजबूत संरचना से प्रत्येक चुनाव जीतना संभव है। इसलिए संगठनात्मक चुनाव में सक्रिय और समर्पित लोगों को जोड़ना है। सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और सर्वग्राही संगठन की संरचना तैयार करना है, जिसमें सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व समाहित हो। कहा कि मंडल अध्यक्ष पद के चुनाव के पूर्व 13 से 15 दिसम्बर तक मंडल स्तर पर बैठक करें। बैठक में मंडल के सामाजिक समीकरण पर चर्चा करें। तत्पश्चात मंडल अध्यक्ष की योग्यता रखने वाले कार्यकर्ता के नामों की चर्चा करें। फिर तीन नामों का पैनल बनाकर उसकी सूची क्षेत्र को सौपे। कहा कि 17 दिसम्बर को लखनऊ में होने वाली काशी क्षेत्र की बैठक इन नामों पर मुहर लगेगी। 18 दिसम्बर को चयनित नाम का नामांकन होगा एवं 19 दिसम्बर को मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा होगी।

प्रदेश के सह चुनाव अधिकारी राजेंद्र तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र में फाइनल लड़ाई का केंद्र बूथ है। एक्टिव बूथ अध्यक्ष और एक्टिव बूथ समिति के गठन के साथ ही मंडल स्तर पर संगठनात्मक गठन की प्रक्रिया की ओर अब हम आगे बढ़ रहे हैं। स्वागत क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल व संचालन शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने किया। बैठक में प्रदेश सरकार में मंत्री जसवंत सिंह सैनी, प्रदेश महामंत्री अनुप गुप्ता, एमएलसी अश्वनी त्यागी, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, अनामिका चौधरी, अशोक चौरसिया, संतोष पटेल, विद्यासागर राय, नागेंद्र रघुवंशी, राजेश राजभर, डॉ. सुदामा पटेल, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, सह प्रभारी संतोष सोलापुरकर, नवीन कपूर, अखंड प्रताप सिंह, जगदीश त्रिपाठी, संजय सोनकर, सुरेश सिंह, आत्मा विशेश्वर, मधुकर चित्रांश आदि उपस्थित रहे।

रामबाबू बने बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव

जनसंदेश न्यूज

रामनगर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामबाबू सोनकर को बाबा साहब

अम्बेडकर वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने की है।

रामबाबू को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर पर कार्यकर्ताओं हर्ष व्यक्त है। अम्बेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र यादव मलिक ने कहा कि रामबाबू पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं और इनके नियुक्ति से नगर सहित जिले में पार्टी मजबूत होगी। वहीं रामबाबू सोनकर ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए दिन-रात मेहनत किया जाएगा। बधाई देने वालों में जितेंद्र यादव मलिक, महानगर अध्यक्ष विवेक कहार रौकी, पार्षद रामकुमार यादव राजु, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सुजीत गुप्ता, इंज्मामू खान, संजय यादव, दिलदार खां आदि शामिल रहे।

कई सेवाओं के निजीकरण का दंश झेल रही है जनता

वाराणसी। पूर्वांचल और दक्षिणांचल वितरण निगमों के प्रस्तावित निजीकरण के बाबत उपभोक्ताओं ने मिश्रित बयान दिया है। कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि विद्युत विभाग के कई सेवाओं के निजीकरण का दंश कई साल से जनता झेल रही है और उससे निजात नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में जब विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था निजी हाथों में होगा तो भगवान ही मालिक होगा। वहीं, कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली विभाग का निजीकरण होना चाहिए, लेकिन निजी कंपनी पर नियंत्रण सरकार का हो।

कंदवा निवासी कॉलोनाइजर राजेश नारायण सिंह का कहना है कि उत्तर प्रदेश में पूर्व की अपेक्षा अब विद्युत आपूर्ति और पावर कॉरपोरेशन के तमाम कार्यों में काफी सुधार हुआ है, इसलिए पावर कॉरपोरेशन के निजीकरण की कोई आवश्यकता नहीं है। बिजली विभाग का निजीकरण हो जाने के पश्चात निजी कंपनियां निश्चित रूप से मनमाने तरीके से कार्य करेंगी। चाहे विद्युत दर बढ़ाने के मामले में हो अथवा

उपभोक्ता कहिन

रसोई गैस की तरह बिजली सब्सिडी भी खत्म करने पर आमादा है सरकार

अधिकारियो/कर्मचारियों की छंटनी की। निजी कंपनियां फायदे के लिए अपने हिसाब से काम करेंगी।

भगवानपुर निवासी निजी क्षेत्र में कार्यरत सुनील कुमार झा का कहना है कि बिजली विभाग का निजीकरण नहीं होना चाहिए, क्योंकि निजीकरण के पश्चात निजी कंपनियां शुरू में तो उपभोक्ताओं को सुविधा देती हैं, परंतु कुछ महीनो के पश्चात वह मनमाने तरीके से कार्य करना शुरू कर देती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक धनराशि का भुगतान करना पड़ता है। साथ ही साथ कई अन्य मामलों को लेकर मानसिक उत्पीड़न भी झेलना पड़ता है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि पावर कॉरपोरेशन के कार्य प्रणाली में सुधार करें, जिससे यहां कार्य कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन में रखा जा सके

राजेश सिंह

सुनील झा

डॉ. विनय मिश्रा

सचिन सेठ

ताकि विद्युत उपभोक्ताओं का हित हमेशा सुरक्षित रहे। सारनाथ निवासी डॉ. विनय मिश्रा का कहना है कि बिजली विभाग का निजीकरण होना चाहिए बशर्ते उत्तर प्रदेश सरकार पावर कॉरपोरेशन का निजीकरण करते समय निजी कंपनियों से विद्युत उपभोक्ताओं के हित में आवश्यक शर्तों एवं नियमों को रखे, ताकि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का एक समय सीमा के अंदर का समाधान हो सके। साथ ही मनमाने तरीके से बढ़ाए जाने वाले विद्युत दरों को रोका भी जा सके। मंडुआडीह निवासी ट्रैवल्स व्यवसायी सचिन सेठ का कहना है कि पावर कॉरपोरेशन का निजीकरण कदापि नहीं होना चाहिए, क्योंकि उपभोक्ताओं के हित में विद्युत नियामक आयोग विद्युत दरों का निर्धारण करती हैं तथा विद्युत नियामक के आदेश को पावर कॉरपोरेशन को भी मानना पड़ता है। परंतु इस विभाग का निजीकरण हो जाने के पश्चात निजी कंपनियां मनमाने तरीके से बिजली दर बढ़ाएंगी और नियामक आयोग कुछ नहीं कर पायेगा। उनका कहना है कि जिस तरह मोबाइल कंपनियां नियत तिथि पर रिचार्ज न करने से आउटगोइंग बंद कर देती है। उसी तरह निजी कंपनियां भी नियत तिथि पर भुगतान न करने पर बिजली काट देंगी, जबकि वर्तमान पावर कॉरपोरेशन मानवीय आधार पर विद्युत उपभोक्ताओं को बिल का भुगतान करने के लिए दो से चार दिन की सहूलियत देती है।

भाजयुमो ने फूंका बांग्लादेश के तानाशाह का प्रतीकात्मक पुतला

जनसंदेश न्यूज

रामनगर। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार की शाम रामनगर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर मंत्री सृजन श्रीवास्तव के नेतृत्व में बांग्लादेश के तानाशाह मोहम्मद युनुस का पुतला फूंका गया। दूर्ग के समीप से मंगलवार शाम काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला और रामनगर चौक पर पुतले को जूते की माला पहनाकर उसको आग के हवाले कर दिया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की वह बांग्लादेश पर दबाव बनाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां के हिंदुओं के जान-माल की रक्षा करें

और बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को बंद करवाने में अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करें।

कार्यक्रम में पूर्व जिला मंत्री नंदलाल चौहान, गोविंद मौर्य, कुलदीप सेठ, जय सिंह चौहान, कृष्ण मिश्रा, सनी सोनकर, अजय पटेल, कन्हैया प्रजापति, राजू यादव, राजा सिंह, इरफान अहमद, अंशु सोनकर, राजीव यादव आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

सीवर समस्या से परेशान लोगों का जोरदार प्रर्दशन

आक्रोश

नगर आयुक्त ने ली अधिकारियों की क्लास

समस्या के त्वरित निस्तारण की महिलाओं ने की मांग

वाराणसी। सीवर समस्या से परेशान नवविस्तारित वार्ड शिवदासपुर के लोग मंगलवार को नगर निगम पहुंचे। समस्या के तत्काल निस्तारण की मांग को लेकर जोरदार प्रर्दशन किया। प्रदर्शन में दर्जनों महिलाएं और पुरुष शामिल रहे। इस दौरान प्रर्दशकारी नगर आयुक्त अक्षत वर्मा से मिले और लहरतारा वार्ड के शिवदासपुर,पंचवटी नगर आदि क्षेत्रों में सीवर व्यवस्था ठीक नहीं रहने से हो रही परेशानी से उन्हें अवगत कराया,वहीं इलाके के जेई द्वारा जनउपेक्षात्मक रवैया अपनाए जाने की शिकायत की। प्रर्दशनकारियों ने क्षेत्रीय पार्षद पर

जनहित के मामले में लापरवाह होने का आरोप लगाया। समस्याओं को लेकर जनता के साथ नगर निगम नही आने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। प्रर्दशनकारी महिलाओं का कहना था कि उक्त क्षेत्रों में सीवर लाइन नहीं होने से लोगों को शौच जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों तथा महिलाओं को हो रही है लेकिन अधिकारी नही सुन रहे हैं।

नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने इस मामले में फोन पर ही जहां अधिकारियों की क्लास ली। वहीं त्वरित निस्तारण के लिए संबधित अधिकारी को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उक्त जगह नवविस्तारित क्षेत्रों में है। जहां पुराने हिसाब से नाली बनी हुई है। इसके कारण लोगों को थोड़ी परेशानी तो होती होगी, लेकिन इसके वैकल्पिक निस्तारण के लिए त्वरित कारवाई होगी, जिसके लिए संबधित अधिकारी को निर्देश दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि भविष्य में ऐसी समस्या न हो इसके लिए नई पाइप लाइन डालने की व्यवस्था की जाएगी।

पांच जोनों में नगर निगम ने लगाया कैंप

वाराणसी। नगर निगम ने घर बैठे भवनस्वामियों को सुविधा देने और शहर में गृहकर वसूली में तेजी लाए जाने के लिए जहां लोगों को जागरूक किया,वहीं मंगलवार पांच जोनों में कैंप लगाकर दो लाख रुपये जमा भी कराया। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के निर्देश पर लहरतारा, चेतगंज, आदमपुर बटलोहिया, बजरडीहा तथा रुद्रा अपार्टमेंट में आदि क्षेत्रों में लगाया गया। इस दौरान लहरतारा से बीस हजार,और चेतगंज में छब्बीस हजार रुपये जमा हुए ,वहीं आदमपुर में बासठ हजार, बजरडीहा में पैसठ हजार की वसूली की गई जबकि रुद्रा अपार्टमेंट में पच्चीस हजार रुपए गृहकर के रूप में जमा किए गए। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने सभी भवन स्वामियों से अपील की गई है कि वे अपने भवन का गृहकर शीघ्र जमा कर दें, जिससे अनावश्यक लगने वाले ब्याज से बचा जा सके। इसके लिए वाराणसी नगर निगम द्वारा ऑनलाइन भी गृहकर जमा करने की सुविधा प्रदान की गई है। जिसमें कोई भी भवन स्वामी नगर निगम के वेबसाइड डब्लूडब्लूडब्लू डाट एनएनवीएनएस डाट ओआरजीडाटइन के माध्यम से जहां ऑनलाइन गृहकर जमा कर सकता है,वहीं नगर निगम ने भवन में चस्पा किए गए क्यू आर एस के माध्यम से भी गृहकर जमा करने की सुविधा दी गई है।

नामांकन के सारे पर्चे वैध

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। बनारस बार एसोसिएशन की वार्षिक चुनाव में मंगलबार को प्रत्याशियों के नामांकन पत्र के जांचोपरांत सारे पर्चे वैध पाए गए है। बुधवार को नाम वापसी के बाद विभिन्न पदों के प्रत्याशियों का सूची जारी की जायेगी। 20 दिसम्बर को मतदान और 22 दिसंबर को मतगणना होगी। सोमवार को नामांकन के अंतिम दिन

कुल 20 पदों पर 44प्रत्याशीयो ने नामांकन किया गया था। जिसमे प्रबंध समिति सदस्य 15 वर्ष से ऊपर में 6 पद पर 6 प्रत्याशी व प्रबंध समिति सदस्य 15 वर्ष से कम व 7 वर्ष से अधिक में 6 पद पर 6 प्रत्याशी ही अंतिम सूची में होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। उसी तरह आय व्यय निरीक्षक एक पद पर एक प्रत्याशी होने के कारण भी निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। इस प्रकार कुल 07 पद पर 31 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। कुल मतदाता की संख्या 5367 है, जिसमें से आजीवन सदस्य 3457 व साधारण सदस्य 1910 हैं।

दूसरे दलों से आने वालों को नहीं मिलेगी भाजपा की कमान

दो बार अध्यक्ष रहने वालों को अब नहीं मिलेगा कोई और मौका

जितेंद्र श्रीवास्तव

संगठनात्मक चुनाव

मंडल, महानगर और जिला अध्यक्ष पद के लिए जोड़-तोड़ शुरू

आम सहमति से चुनाव कराने की कोशिश, जनप्रतिनिधि सक्रिय

वाराणसी। भाजपा में संगठनात्मक चुनाव को लेकर सरगर्मियां बढ़ गयी है। जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष ही नहीं मंडल अध्यक्ष पद पाने के लिए जोड़-तोड़ की राजनीति शुरू हो गयी है। इसके लिए सक्रिय कार्यकर्ता अपने-अपने आकाओं के यहां पैरवी के लिए चक्कर लगाने लगे हैं। संगठनात्मक चुनाव को लेकर जनप्रतिनिधियों की भी सक्रियता बढ़ गयी है।

इन सबके बीच माना जा रहा है कि संगठनात्मक चुनाव आम सहमति से कराने की कोशिश होगी। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व की भी यहीं मंशा है। लेकिन इतना तय है कि दूसरे दलों से आने वाले लोगों को पार्टी के अध्यक्ष जैसे प्रतिष्ठापरक पद पर नहीं बैठाया जाएगा। आपराधिक प्रवृत्ति वालों को तो संगठन में कोई पद नहीं दिया जाएगा। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने संगठनात्मक चुनाव में आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। पार्टी सूत्रों की माने तो बीते संगठनात्मक चुनाव में कई ऐसे लोगों को विभिन्न पदों पर बिठाया गया, जिससे संगठन की काफी किरकिरी हुई थी। इसको देखते हुए अबकी संगठनात्मक चुनाव में आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए सभी पर्यवेक्षकों, जिला चुनाव अधिकारियों से लेकर मंडल चुनाव अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। शीर्ष नेतृत्व ने स्पष्ट कर दिया है कि 2019 के बाद गैर दलों से आए लोगों को जिला और मंडल की कमान न सौंपी जाए। यह भी ध्यान रखा जाए कि दागदार लोग अध्यक्ष न बनने पाएं। यदि ऐसा होगा तो पार्टी की छवि धूमिल होगी और चुनाव पर इसका असर पड़ेगा। इसका कड़ाई से अनुपालन किया जाना चाहिए।

पार्टी सूत्रों की माने तो जिला या मंडल का दो बार अध्यक्ष रहने वालों को अबकी बार मौका नहीं दिया जाएगा। इससे साफ हो गया है कि मंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष पद पर कोई नया चेहरा ही सामने आएगा। मंडल अध्यक्षों का चुनाव हर हाल में 15-20 दिसम्बर और जिला अध्यक्षों का चुनाव 31 दिसम्बर तक सम्पन्न कराने हैं। मंडल अध्यक्ष बनने के लिए पार्टी ने तय किया है कि दो बार के सक्रिय सदस्य को ही इस पद की जिम्मेदारी दी जाए। सक्रिय सदस्य का 2019 में भी सक्रिय सदस्य होना आवश्यक है।

शीर्ष नेतृत्व ने यह भी तय किया गया है कि जिसे भी मंडल या जिला अध्यक्ष बनाया जाएगा, वह कम से कम दो बार पार्टी में किसी न किसी पद पर पदाधिकारी अवश्य रहा हो।

इनसे ली जाएगी राय पर सिफारिश नहीं चलेगी

पार्टी सूत्रों की माने तो जिला और मंडल अध्यक्ष पर योग्य कार्यकर्ता के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारियों को काफी मेहनत करनी होगी। पार्टी के आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए एक-एक बिंदु पर फूंक-फूंक कर कदम उठाना होगा। सूत्रों का कहना है कि जिले के सांसद, विधायक और महापौर से जिला अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के चुनाव की खातिर रायशुमारी तो की जा सकती है, लेकिन उनके बताये नाम का चयन नहीं किया जाएगा यानी जनप्रतिनिधियों की सिफारिश पर कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी। इतना ही नहीं, पर्यवेक्षकों को यह भी जिम्मेदारी दी गयी है कि अध्यक्ष का नाम आम सहमति से तय हो जाए तो बेहतर होगा और संगठन में भाई-चारे का संदेश जाएगा।

पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल कार्यकर्ता होंगे अयोग्य

पार्टी सूत्रों की माने तो आचार संहिता में यह भी तय किया गया है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष पद किसी कीमत पर नहीं दिया जाएगा। इसके लिए तर्क दिया गया है कि किसी भी चुनाव या संगठन के प्रति निष्ठावान न होने वाले कार्यकर्ता को यदि अध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण पद दिया गया तो आगामी चुनावों में पार्टी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। इतना ही नहीं, आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने वाले को किसी कीमत पर अध्यक्ष न बनाने की चेतावनी दी गयी है। ऐसे में चुनाव अधिकारियों को इस बात का पूरा ध्यान रखना होगा और जिला अध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष पद की दावेदारी करने वाले की पूरी कुंडली खंगाली होगी।

यूपी कॉलेज में पीएचडी को मिली मान्यता

खुशखबरी

उदय प्रताप महाविद्यालय में इसी सत्र से विद्यार्थियों को दिया जाएगा प्रवेश

वाराणसी। यूपी कॉलेज को यूजीसी से पीएचडी की मान्यता मिल गई है। इसी सत्र से नियमित तौर पर शोध और अनुसंधान होंगे। इस स्वायत्तशासी संस्थान में 2024-25 सत्र से 2032-33 तक पीएचडी में प्रवेश हो सकेंगे।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने अधिसूचना जारी कर संबद्ध यूपी कॉलेज में पीएचडी की मान्यता से जुड़ी जानकारी दी है। इस फैसले के बाद यूपी कॉलेज ने विश्वविद्यालय का दर्जा पाने के लिए एक कदम और बढ़ा दिया है।

प्राचार्य प्रो. डीके सिंह ने कहा कि इससे पहले यूपी कॉलेज से गाइड चुने जाते थे, लेकिन पूरी पीएचडी प्रक्रिया महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में पूरी होती थी। अब यूपी कॉलेज में पीएचडी कार्यक्रम के तहत शोध निदेशक नियुक्त करने, प्रवेश परीक्षा कराने, कोर्स वर्क पूरा कराने, शोध प्रबंध जमा कराने और मूल्यांकन से शोध मौखिकी तक का काम किया जा सकता है। यूजीसी रेगुलेशन 2023 का पालन करना होगा। महाविद्यालयों की स्वायत्तता और स्वायत्त कॉलेजों के मानकों के रखरखाव संबंधी उपाय को अनिवार्य रूप से मानना ही होगा। प्रोफेसर की संख्या के आधार पर पीएचडी सीटें निर्धारित की जाएंगी। महाविद्यालय को पीएचडी की मान्यता मिलने से छात्रों के साथ ही शिक्षकों में भी हर्ष का माहौल है।

काशी विद्यापीठ में महिला यौन उत्पीड़न प्रतिषेध समिति का गठन

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में विशाखा गाइड-लाइन के आलोक में महिला यौन उत्पीड़न प्रतिषेध समिति का गठन किया गया। कुलसचिव डा. सुनीता पांडेय ने बताया कि समिति का अध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग की प्रो. अमिता सिंह को बनाया गया है। इनके अलावा डॉ. नीरज धनकड (अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषा विभाग), डॉ. सुरेन्द्र प्रताप सिंह, (हिंदी और अन्य भारतीय भाषा विभाग), मनीष कुमार गुप्ता (डाटा इंट्री ऑपरेटर, आईक्यूएसी), डा. प्रीति शारदा (कनिष्ठ सहायक, सामान्य प्रशासन विभाग), डा. रोली सिंह (डा. शंभूनाथ सिंह रिसर्च फाउण्डेशन) एवं अंकिता सिंह अधिवक्ता सदस्य हैं।

गुलाबी साफा व पीला उत्तरीय पाकर खिले छात्रों के चेहरे

तैयारी

बीएचयू में अब 14 दिसंबर को होने वाले दीक्षांत समारोह का विद्यार्थियों को बेसब्री से इंतजार

वाराणसी। बीएचयू के 104वें दीक्षांत समारोह (14 दिसंबर)के पहले से ही साफा और उत्तरीय का वितरण शुरू हो गया है। इसी क्रम में मंगलवार को भी छात्रों में साफा और उत्तरीय का वितरण किया गया। सभी मेधावियों के चेहरे की रौनक बता रही थी कि अब दीक्षांत समारोह का उन्हें कितनी बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले सोमवार को भी सामाजिक विज्ञान संकाय के पांच विभागों के 2000 उपाधि धारकों को दिया गया था।

मेडल और उपाधि से पहले ही पीला उत्तरीय और गुलाबी साफा पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से चमक उठे। कई विद्यार्थियों इन वस्त्रों को धारण कर फोटोग्राफी भी कराई। इधर, मंगलार से बीएचयू के 16 हजार से ज्यादा पूर्व छात्र-छात्राओं को साफा और उत्तरीय बांटने का सिलसिला शुरू हो गया।

इस बार उत्तरीय व साफा के स्टॉक की कमी होने की गुंजाइश कम है। साफा और उत्तरीय के स्टॉक को जरूरत से 10 प्रतिशत तक बढ़ाकर तैयार कराया गया है। सबसे ज्यादा 2500 साफा और उत्तरीय कला संकाय में बांटे जाएंगे। बाकी संस्थाओं और संकायों में 2-3 दिन के अंतराल में इसे दिया जाएगा। 13 दिसंबर तक सभी संकायों, महिला महाविद्यालय और अलग-अलग कॉलेजों के छात्र और छात्राओं को उनके परिसर में उत्तरीय व सफा का वितरण होगा। राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में बीवोक के 300 छात्र-छात्राओं को कला संकाय में साफा और उत्तरीय मिलेंगे। वेटनरी के विद्यार्थियों को मुख्य परिसर के कृषि विज्ञान संस्थान में दिया जाएगा। साफा गुलाबी रंग का और उत्तरीय पीले रंग का है। बीएचयू सिंह द्वार और माता सरस्वती की पेंटिंग बनी हुई है। अंग्रेजी और हिंदी में काशी हिंदू विश्वविद्यालय व दीक्षांत समारोह लिखा हुआ है। यूजी, पीजी और पीएचडी के सभी उत्तीर्ण छात्रों ने 200-200 रुपये ऑनलाइन जमा किए हैं। अकादमिक परिधान की व्यवस्था पूर्व छात्र और छात्राओं को खुद करनी होगी।

पुरुष वर्ग में छात्रावास व महिला वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग विजेता

खेलकूद

काशी विद्यापीठ में फिट इंडिया वीक के दूसरे दिन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के द्वारा आयोजित फिट इंडिया वीक के दूसरे दिन मंगलवार को महिला व पुरुष वर्ग का वालीबॉल मैच खेला गया। पुरुष वर्ग का पहला मैच मानविकी संकाय व छात्रावास के मध्य खेला गया, जिसे छात्रावास ने 15 -13, 25-11 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच शारीरिक शिक्षा विभाग व समाज विज्ञान संकाय के मध्य होना था किंतु इस मैच में शारीरिक शिक्षा विभाग को वॉकओवर मिला, जिससे शारीरिक शिक्षा विभाग को सीधे फाइनल में प्रवेश मिला। पुरुष वर्ग का फाइनल मैच शारीरिक शिक्षा विभाग एवं छात्रावास के मध्य खेला गया, जिसे छात्रावास ने 25-18, 25-27 एवं 25 -15 से जीतकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग के मैच में शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम ने समाज कार्य विभाग को 25-10, 26-24 से हराकर विजेता बनी। इस मैच में मुख्य अतिथि काशी विद्यापीठ के वित्त अधिकारी संतोष कुमार शर्मा और विशिष्ट अतिथि हरीश चंद प्रभारी अभियंत्रण विभाग रहे। कीड़ा परिषद के सचिव डा. नवरत्न सिंह ने बताया कि 11 दिसंबर को बास्केटबॉल पुरुष एवं महिला वर्ग का मैच सुबह 11 से खेला जाएगा। मैच के दौरान क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार गुप्ता, डा. अमरेंद्र सिंह, डा. राधेश्याम राय आदि उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका में शुभम मिश्रा, सुनील तिवारी, यशपाल, द्रविड़ व गौरव मिश्रा मौजूद रहे।

यूनिक क्लब ने सेंट्रल क्लब को दी शिकस्त

खेलकूद

रामदुलारी देवी स्मृति जिला स्तरीय बालिका हॉकी प्रतियोगिता में 3-0 से किया पराजित

वाराणसी। यूनिक क्लब ने मंगलवार को रामदुलारी देवी स्मृति जिला स्तरीय बालिका हॉकी प्रतियोगिता में सेंट्रल क्लब को 3-0 से पराजित कर पूरे अंक हासिल किया।

परमानंदपुर स्थित मिनी स्टेडियम में खेले गए इस मैच की शुरूआत से ही यूनिक क्लब की विजयलक्ष्मी, आंचल मौर्य और राधिका के संयुक्त आक्रमण से सेंट्रल क्लब की रक्षापंक्ति मैं आई दरार का फायदा उठाते हुए आंचल मौर्य ने खेल के 13वें मिनट में एकल प्रयास से शानदार गोल कर यूनिक क्लब को 1-0 से आगे कर दिया। एक गोल से पिछड़ने के बाद सेंट्रल क्लब की सोनाली और रानी प्रजापति को गोल करने के कई मौके मिले लेकिन यूनिक क्लब की गोलकीपर शिवानी यादव ने शानदार बचाव कर अपनी टीम को राहत पहुंचाई । खेल के 19वें मिनट में चांदनी गोस्वामी के पास पर विजयलक्ष्मी ने बेहतरीन गोल कर टीम यूनिक क्लब का स्कोर 2-0 कर दिया। प्रथम हाफ में यही स्कोर बना रहा। खेल के दूसरे हाफ मे भी तेज गति से खेला गया लेकिन सेंट्रल क्लब के खिलाड़ी गोल करने में नाकाम रही । खेल के 37वें मिनट में राधिका चौहान के पास पर आंचल मौर्य ने कलात्मक गोल कर यूनिक क्लब को 3-0 की मजबूत बढ़त दिला दी। लम्बी सीटी बजने तक यही स्कोर कायम रहा। चांदनी गोस्वामी, राधिका और अंजली जूनियर ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

मानव अधिकार के प्रति स्वयं हों जागरूक

आयोजन

काशी विद्यापीठ के विधि विभाग में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के विधि विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मंगलवार को एक संगोष्ठी आयोजित की गई। विधि विभाग के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि बीएचयू के विधि संकाय के डा. राजू मांझी ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के ऐतिहासिक संदर्भ को व्यक्त करते हुए मानव अधिकारों के सार्वजनिक घोषणा पत्र पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानवाधिकार की संकल्पना एक फैशन बन गया है। इस वैश्वीकरण के दौर में मानवाधिकार की बातें तो होती हैं, परंतु अधिकार कर्तव्यविहीन है। मानवाधिकार के प्रति लोगों को स्वयं जागरूक होना होगा।

उन्होंने संविधान के अनेक अनुच्छेदों को उद्धृत करते हुए बताया कि अभिव्यक्ति की आजादी, भोजन का अधिकार आदि जनमानस को सशक्त बनाते हैं, लेकिन अभी भी लोगों में जागरूकता के अभाव के कारण अधिकार विहीन है। स्वागत विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. रंजन कुमार, संचालन डा. हंसराज एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक डा. रवीन्द्र कुमार गौतम ने किया। इस अवसर पर धनंजय कुमार शर्मा, डा. रामजतन प्रसाद, डा. पंकज कुमार, डा.शशांक चंदेल सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

एलएलबी व बीए एलएलबी की छूटी मौखिक परीक्षा 14 को

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर एवं संबद्ध विधि महाविद्यालयों के एलएलबी (त्रिवर्षीय) एवं बीए एलएलबी (पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम की छूटी हुई मौखिक परीक्षा 14 दिसंबर को आयोजित है। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. रंजन कुमार ने बताया कि परीक्षा सुबह 11 बजे से विधि विभाग में संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक कार्य/अभ्यास पुस्तिका के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है, अन्यथा कि स्थिति में उनकी मौखिकी परीक्षा संभव नहीं हो पायेगी।

विद्यापीठ में अंतर्महाविद्यालयी नेटबॉल प्रतियोगिता 12 व 13 को

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में अंतर्महाविद्यालयी नेटबाल (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता 12 व 13 दिसंबर को सुबह 10 बजे से होगी। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सचिव डा. नवरत्न सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता विवि स्थित पं. जवाहर लाल नेहरू क्रीड़ांगन में आयोजित है। इस प्रतियोगिता में विवि परिसर, एनटीपीसी, गंगापुर परिसर, भैरव तालाब परिसर के छात्र प्रतिभाग कर सकते हैं। डा. सिंह ने बताया संस्थागत छात्र/छात्राएं अंतर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिता 2024-25 के लिए इलिजिबिलिटी प्रोफार्मा, हाईस्कूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र, इंटरमीडिएट अंक पत्र व प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र, फीस रसीद, आधार कार्ड, कोविड-19 के टीकाकरण की छाया प्रति, चार पासपोर्ट साईज फोटो के साथ विवि परिसर के क्रीड़ा परिषद में नेटबाल की प्रभारी बीना से संपर्क कर सकते हैं।

मानवाधिकारों को लागू कराने में महात्मा गांधी की महती भूमिका

आयोजन

काशी विद्यापीठ के समाज कार्य संकाय में मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने रखे विचार

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समाज कार्य संकाय में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर मंगलवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मैप्सवी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. रामप्रकाश द्विवेदी ने भारत में मानवाधिकारों को लागू करवाने में महात्मा गांधी की महती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों की वैश्विक स्थापना में फ्रांसीसी क्रांति, रूसी क्रांति एवं अमेरिका की स्वतंत्रता से संबंधित क्रांतिकारी दस्तावेजों का महत्वपूर्ण योगदान है। गांधीजी ने भारत की राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ ही देश से अश्पृश्यता एवं असमानता के निवारण तथा गरीबों के सामाजिक, आर्थिक उत्थान और सभी के लिए समान आर्थिक, सामाजिक व नागरिक अधिकारों की वकालत की, जो कि भारतीय संविधान के वैचारिक आधार बने। मुख्य वक्ता एशियन ब्रिज के निदेशक मो. मूसा आजमी ने कहा कि सामान्य नागरिकों के मौलिक अधिकारों को प्रतिबंधित, बाधित एवं नियंत्रित करने के लिए राजसत्ता अथवा समाज के अभिजात्य वर्ग द्वारा किया गया कोई भी प्रयास वैश्विक मानवाधिकारों एवं संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन है। प्रो. अनिल कुमार चौधरी ने मानव अधिकारों की ऐतिहासिक एवं राजनीतिक पृष्ठभूमि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रो. शैला परवीन ने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष को तेज करने की जरूरत पर बल दिया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. एमएम वर्मा ने मानवाधिकार की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि 10 दिसंबर, 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पारित मानवाधिकारों की घोषणा वह पहला स्वीकृत दस्तावेज था, जिसमें मानव को गरिमापूर्ण जीवन एवं उनकी सर्वांगीण उन्नति के अवसरों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. भावना वर्मा एवं संचालन डा. चंद्रशेखर सिंह ने किया।

वाराणसी की खबरें पेज 13 पर भी

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सीयर, बलिया

पत्रांकः 1390/लेखा/रा0/के0वि0/निविदा सूचना/2024-25 दिनांक 10 दिसम्बर 2024

अल्प कालीन निविदा-सूचना

क्षेत्र पंचायत-सीयर अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग योजानान्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित परियोजनाओं के निर्माण कार्यों को कराये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से बन्द लिफाफे में कार्यवार अलग-अलग दिनांक 17.12.2024 को सायं 03.30 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार दिनांक 11.12.2024 से 17.12.2024 तक कार्यालय दिवस में प्रातः 10.30 बजे से सायं 03.00 बजे तक निविदा फार्म निर्धारित शुल्क देकर क्रय कर सकते हैं। निविदा बाक्स में पड़े हुए निविदाओं को निविदा समिति द्वारा दिनांक 17.12.2024 को ही सायं 4.00 बजे खोला जायेगा।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	अनुमानित लागत (लाख रुपये में)
1	ग्रामसभा तुर्तीपार में अटवा जाने वाले रास्ते पर पुलिया का मरम्मत कार्य।	6.0
2	ग्रामसभा हल्दिरामपुर के रामपुर माइनर पर पुलिया का निर्माण कार्य।	6.5
3	ग्रामसभा हल्दिरामपुर के पनिसरा माइनर पर पुलिया का निर्माण कार्य।	9.99
4	ग्रामसभा हल्दिरामपुर के तारनपुर हरिजन बस्ती में नहर पर पुलिया का निर्माण कार्य।	9.99
5	ग्रामसभा तिरनई खिजिरपुर में पुलिया का मरम्मत कार्य।	6.0
6	ग्रामसभा राजपुर में नाले पर पटिया लगाने का कार्य।	7.0
7	क्षेत्र पंचायत के विभिन्न जगहों पर 8 अदद सोलर हाई मास्ट लाइट का कार्य।	9.99
8	क्षेत्र पंचायत के विभिन्न जगहों पर सोलर स्ट्रीट लाइट का कार्य।	9.99
9	कम्पोजिट विद्यालय सोनाडीह में शुद्ध पेय जल पिने की व्यवस्था।	6.00
10	कम्पोजिट विद्यालय सरया डिहु भगत में शुद्ध पेय जल पिने की व्यवस्था।	6.00
11	ग्रामसभा तुर्तीपार में पिच रोड से बह तक नाला का निर्माण कार्य।	8.00
12	ग्रामसभा तुर्तीपार में राजेश के घर से अभिराम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	4.00
13	ग्रामसभा तुर्तीपार में माली टोलो शिव मंदिर में धरमेंदर के घर के तरफा इण्टरलाकिंग कार्य।	9.99
14	ग्रामसभा तुर्तीपार में गोबरी मल्लाह के घर से लक्ष्मी मल्लाह के घर के तरफ इण्टरलाकिंग कार्य।	8.00
15	खण्ड विकास अधिकारी के आवास के पास सी0 सी0 कार्य और अन्य विकास कार्य।	9.99
16	ग्रामसभा अखोप में पिच रोड से मोहित के घर के तरफ इण्टरलाकिंग कार्य।	8.00
17	ब्लाक परिसर में आवासीय भवनों का मरम्मत और सुन्दरीकरण कार्य।	9.99
18	क्षेत्र पंचायत के विभिन्न जगलों पर बोर रिबोर कार्य।	9.99
19	ब्लाक कार्यालय के लिए फर्नीचर आपूर्ति कार्य।	9.99
20	ब्लाक परिसर में शेड का निर्माण कार्य।	7.00
21	ग्रामसभा नथना में डीह स्थान से प्राथमिक विद्यालय तक इण्टरलाकिंग कार्य।	8.00
22	ग्रामसभा पलिया में पिच रोड से शैलेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	7.00
23	ग्रामसभा सेमरी में रोड से मिश्र जी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	6.00
24	ब्लाक परिसर में अतिरिक्त कक्ष का जीर्णोधार एवं टाइल्सिकरण कार्य।	9.99
25	प्राथमिक विद्यालय इन्द्रानगर में सुन्दरीकरण कार्य।	9.99
26	प्राथमिक विद्यालय इन्द्रानगर में अतिरिक्त कक्षों का जीर्णोधार एवं अन्य विकास कार्य।	9.99

निविदा के नियम एवं शर्तें

1. टेण्डर फार्म रु0 500.00 नकद जमा कर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. निविदादाता का जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है, वह जी0एस0टी0 करदाता हो उसका विवरण संलग्न करना अनिवार्य है।
3. प्रत्येक निविदा के साथ 2-00 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी नकद या FDR/PASSBOOK अथवा अन्य कोई जमा प्रमाण-पत्र जो ख0वि0अ0 सीयर के पदनाम से बंधक होगी देना होगा।
4. निविदा स्वीकृत फर्म को नियमानुसार धरोहर धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा। धरोहर राशि एफ0डी0 अथवा डाकघर एन0एस0सी के माध्यम से जमा करना होगा जमा न होने की स्थिति में अन्तिम बिल धरोहर की धनराशि घटा कर भुगतान किया जायेगा, जो कार्य पूर्ण होने के छः माह बाद वापस किया जायेगा।
5. टेण्डर निविदा हेतु गठित समिति द्वारा निस्तारित किया जायेगा।
6. निविदा खोले जाने की तिथि को किसी अपरिहार्य स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।
7. निविदादाताओं द्वारा किये गये कार्य पर नियमानुसार आयकर/जी0एस0टी0/लेबरसेस आदि की कटौती की जायेगी।
8. प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि कार्यादेश के तिथि से तीन माह की होगी।
9. निविदा प्रक्रिया में वि0ख0 कार्यालय के कर्मचारी/अधिकारियों व ब्लाक प्रमुख के परिवारों/रिश्तेदारों द्वारा भाग नहीं लिया जा सकता।
10. निविदा द्वारा उपलब्ध कराये गये समस्त अभिलेख एवं सूचनाओं की सत्यता के सम्बन्ध में रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ-पत्र (मूल रुप में)।
11. ब्लैक लिस्टेड नहीं होने के सम्बन्ध में घोषणा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी सीयर में निहित होगा।

(शिवांकित वर्मा)
खण्ड विकास अधिकारी
सीयर-बलिया

खड़ी टेपों से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

हादसा

शादी समारोह में शामिल होकर लौटते समय हुआ हादसा

जनसंदेश न्यूज

बलिया। हल्दी थाना क्षेत्र के नीरुपुर ढाले पर खड़ी टेम्पो में पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया। इससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया और आवाश्यक कार्रवाई में जुट गयी। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह चंदपुरा पांडेयपुर, थाना ब्रम्हपुर, जिला बक्सर, बिहार निवासी रमेश साहनी (39) पुत्र रघुनाथ साहनी अपने छोटे भाई की शादी में रेवती थाना क्षेत्र के तुलसी छपरा में शामिल होने आया था। तुलसी छपरा निवासी लखन साहनी (38) पुत्र बहाल साहनी जिसकी रिश्तेदारी चंदपुरा पांडेयपुर में ही है, वो भी रमेश के साथ बाइक से जाते समय साथ हो गया। दोनों साथ ही वापस अपने गांव व्यासी पुल के रास्ते जा रहे थे। इसी बीच नीरुपुर ढाले पर खड़ी टेम्पो से उनकी बाइक टकरा गयी। इससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, पुलिस बाइक को कब्जे में लेकर थाने ले आयी है।

बोलेरो के धक्के से बालिका की मौत

बैरिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के टेंगरही-संसार टोला तटबंध मार्ग पर श्रीपालपुर ढाले के निकट हनुमान मंदिर के पास स्कूल से पढ़कर आ रही से पांच वर्षीय प्रियांजल पुत्री स्व. बृजेश गोंड को अज्ञात बोलेरो ने धक्का मार दिया। इससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद चालक बोलेरो लेकर फरार होने में सफल रहा। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। एसएचओ रामायण सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं, परिजनों की तहरीर पर अज्ञात बोलेरो चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस दुर्घटना में शामिल बोलेरो और चालक की तलाश कर रही है।

सड़क पर पलटी बाइक, अधेड़ की मौत

घटना की सूचना से परिजनों में मचा कोहराम

बलिया। गड़वार थाना क्षेत्र के रतसड़-नूरपुर मार्ग पर स्थित पानी टंकी के समीप सोमवार की रात असंतुलित होकर सड़क पर बाइक पलटने से गड़वार थाना क्षेत्र के भैरोबांध निवासी बाइक सवार बुद्धिराम चौहान (49) पुत्र स्व.लल्लन चौहान एवं गौरीकांत चौहान (45) बुरी तरह घायल हो गये। दोनो को सीएचसी पर लाया गया, जहां जांचोपरांत चिकित्सक ने बुद्धिराम को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजन शव को लेकर घर चले गये। वहीं, घायल गौरीकांत का प्राथमिक उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की रात गांव से बारात निकटवर्ती गांव एकडेरवा गई थी। उसी बारात में शामिल होने यह दोनों लोग बाइक से जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गये। मृतक के परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को नही दी थी। मृतक के दो पुत्र अन्य प्रांत में कामगार है। उनके आने पर शव का अंतिम संस्कार किया जायेगा। शव का पोस्टमार्टम कराये जाने के सवाल पर परिजन सहमत नही दिखे। वहीं, हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

बलिया। सहतवार रेलवे स्टेशन के पूर्वी केबिन के समीप सोमवार की देर रात एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 35 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि सहतवार कस्बा के वार्ड नंबर 10 निवासी अजय राजभर मजदूरी करने के लिए बलिया गया था। वह मजदूरी करने के बाद देर शाम को पैसेंजर ट्रेन से सहतवार रेलवे स्टेशन पर उतरकर रेलवे लाइन पकड़कर अपने घर जा रहा था कि एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना से परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। मृतक की एक पुत्री और चार पुत्र है।

सचल दस्ता ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

बेरुआरबारी। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं सात दिसम्बर से आरम्भ हो गयी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन नकलविहीन और शुचितापूर्ण परीक्षा कराने के लिए कटिबद्ध है। पूर्व की भांति इस बार भी परीक्षाएं ससमय और शुचितापूर्वक संपन्न होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एवं कुलसचिव एसएल पाल ने श्रीमती फुलेहरा स्मारक महिला महाविद्यालय कमतैला, रसड़ा, शिवराज स्मारक महाविद्यालय रामपुर एवं हीरानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और शुचितापूर्ण परीक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी केंद्रों पर परीक्षाएं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही थीं। परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण के लिए दो सचल दस्तों का गठन विश्वविद्यालय ने किया है। पहले सचल दस्ते में प्रो.धर्मात्मानंद के साथ डॉ. मनोज जायसवाल, डॉ. संध्या नारायण एवं डॉ. प्रवीण नाथ यादव शामिल हैं। दूसरे दस्ते में डॉ. शिव नारायण यादव के साथ डॉ. दुर्गा प्रसाद सिंह, डॉ. अंजू पटेल और डॉ. मनोज यादव शामिल हैं। दोनों सचल दस्ते लगातार परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर रहे हैं।

संक्षेप

रजिस्ट्री के बाद भी भुगतान नहीं मिलने पर संपर्क करें

बैरिया। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए प्रशासन बहुत ही मुस्तैद है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पक्ष में अपनी-अपनी जमीन रजिस्ट्री करने वाले किसानों से तहसीलदार सुदर्शन कुमार ने आग्रह किया है कि अगर किसी भी काश्तकार का पैसा रजिस्ट्री करने के बाद भी प्राप्त नहीं हुआ है या उसका अंश बकाया है तो वह तत्काल मेरे कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करे। अथवा मुझसे संपर्क करें। उनका भुगतान तत्काल कराया जाएगा। साथ ही थ्रीडी प्रकाशन के बाद रजिस्ट्री करने वाले किसानों से आग्रह किया है कि अगर उनकी जमीन का पैसा बकाया है तो सम्बधित अभिलेख प्रस्तुत करें। उनका भी भुगतान तत्काल कराया जाएगा। अगर काश्तकार ऐसा नही करेंगे तो बाद में भुगतान पाने में लम्बी प्रक्रिया का सामना करना पड़ेगा, जो काफी कठिन है। ऐसे में शीघ्र मेरे कार्यालय में सम्पर्क कर अपना-अपना भुगतान प्राप्त कर ले।

एडी ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण

बेल्थरारोड। शासन की मंशा के अनुरुप आजमगढ़ मण्डल के अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार डा. बी चन्द्रा ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीयर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों की भारी भीड़ देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। कहा कि यह भीड़ सच्ची एवं कड़ी सेवा का परिणाम है, जिसे नकारा नही जा सकता। उन्होंने कहा कि मैं अस्पताल के विकास कार्यो का निरीक्षण करने एवं अस्पताल की ब्यवस्था को परखने आया हूं। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर सरकारी सुविधा सुलभ होने के बारे में जानकारी प्राप्त किया। सभी मरीजों ने सरकारी सुविधा मिलने को स्वीकारते हुए ब्यवस्था की सराहना की। डा. चन्द्रा ने सीएचसी सीयर के एक्स-रे कक्ष, दवा वितरण कक्ष, मरीज वार्डो में को दी गयी सुविधा, महिला चिकित्सक डा. पूजा सिंह के कक्ष पर महिलाओं की भारी भीड़ को देख सराहा तथा उनसे विभागीय चर्चा भी की। उन्होंने सुसज्जित आपरेशन थियेटर का विधिवत निरीक्षण कर साफ-सफाई की सराहना की। महिला प्रसव कक्ष के पास महिला वार्डो में जाकर आपरेशन के बाद बेड पर लेटी हुई प्रसुति महिला रोगियों से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर संतोष ब्यक्त किया। अस्पताल में मरीजों के हित में जरुरी आवश्यकताओं पर अधीक्षक से अनौपचारिक चर्चा की। इस मौके पर एसीएमओ डा.आनन्द कुमार, एसीएमओ डा.बीरेन्द्र कुमार संग सीएचसी सीयर के अधीक्षक डा.राकेश कुमार सिंह तथा संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

बेल्थरारोड। उभांव पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर बीते 27 अगस्त को स्थानीय बिचला पोखरा के निकट मारपीट के मामले में चार नामजद व 5-6 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना पुलिस चौकी प्रभारी सीयर देवेन्द्र कुमार को सौंप दिया है। दर्ज मुकदमे के अनुसार स्थानीय नगर के वार्ड नंबर 4 निवासी अभिषेक मोदनवाल ने तहरीर में कहा कि मेरा भाई हिमांशु बाइक से रामलीला मैदान की ओर जा रहा था। इस बीच वह खड़ा होकर अपने एक मित्र से बातचीत कर रहा था कि कुछ लोगों ने भाई पर हमला कर दिया तथा मारपीट कर घायल करने के बाद 3050 रुपए व बाइक की चाबी छीन लिए। इस बाबत पूछताछ करने जाने पर भी मारपीट की गई। कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घटना की सूचना उभांव पुलिस को दी। पुलिस ने मेडिकल मुआयना कराने के बाद भी केस दर्ज नहीं किया। इसकी सूचना एसपी को भी दी गई। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उभांव पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश पारित किया था। एसएचओ विपिन सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया गया है।

पिकअप से गोवंश बरामद, दो व्यक्ति गिरफ्तार

बांसडीह। चार गोवंश को अमानवीय तरीके से लेकर जा रहे पिकअप को पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने पिकअप को जब्त करते हुए दो व्यक्तियों के खिलाफ मुदकमा दर्ज किया है। वही, बरामद गोवंश को एक व्यक्ति को सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार स्थानीय कस्बे के चौकी इंचार्ज रंजीत विश्वकर्मा अपने हमराहियों के साथ सोमवार की देर शाम क्षेत्र में भ्रमणशील थे, तभी बांसडीह-सहतवार मार्ग पर सहतवार की तरफ से एक पिकअप में गाय लदी दिखाई दी। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो पिकअप चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। इसके बाद पुलिस ने उसका पीछा किया और उसे घेरकर कुछ दूरी पर जाकर पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस की तलाशी में गाड़ी में तीन गाय व एक बछड़ा लदे मिले। गाड़ी में चालक समेत दो व्यक्ति मिले, जिनकी पहचान मनोज वर्मा निवासी सिसवार, थाना रसड़ा व दूसरे की पहचान अमित कुमार यादव निवासी वार्ड नंबर आठ रेवती के रूप में हुई। दोनों ने पुलिस को बताया कि वह गाय खरीदकर कहीं बेचने ले जा रहे थे। पिकअप में ठूंसकर गोवंश लादने को लेकर उनके द्वारा बताया गया कि गाड़ी में जगह कम होने एवं पैसे बचाने के लिये उनके द्वारा एक ही वाहन में उन्हें ठूंसकर लाद दिया गया। मामले में पुलिस ने पकड़े गये दोनों व्यक्तियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पिकअप वाहन को सीज कर पुलिस ने गोवंशों का मेडिकल करवाकर उन्हें एक स्थानीय व्यक्ति को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जिले में 12 को आएंगे डिप्टी सीएम

बलिया। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का जिले में आगमन 12 दिसंबर को हो रहा है। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक का हेलीकाप्टर 11:50 बजे इब्राहिमपट्टी में बनाये गये हेलीपैड पर उतरेगा। उसके बाद अपराह्न 12 बजे चंद्रशेखर कैंसर हास्पिटल इब्राहिमपट्टी का निरीक्षण करेंगे। उसके बाद नवनिर्मित डायलिसिस यूनिट एवं चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करेंगे। साथ ही हास्पिटल में आयोजित अन्य कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे।

पूर्व प्रधान प्रतिनिधि के निधन पर शोक

बलिया। शहीद मंगल पांडेय के पैतृक गांव नगवां के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि एवं मंगल पांडेय विचार मंच के संरक्षक विमल पाठक के असामयिक निधन पर मंगलवार को मीडिया सेंटर अखार पर मंगल पांडेय विचार मंच के सदस्यों तथा पत्रकारों द्वारा शोक सभा का आयोजन कर गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। लोगों ने कहा कि विमल पाठक का व्यक्तित्व गांव, क्षेत्र तथा समाज के लिए हमेशा समर्पित रहा। उन्होंने अपने मृदुभाषी एवं मिलनसार स्वभाव के कारण जनपद में एक अलग छवि बना रखी थी। उनके निधन से हर कोई स्तब्ध है। इस मौके पर कृष्णकांत पाठक, गणेश जी सिंह, रणजीत सिंह, गोविंद पाठक, विश्वनाथ पांडेय मुखाग्नि उनके बड़े भाई निर्मल पाठक के पुत्र चंदू पाठक ने दिया।

नगर को अतिक्रमण मुक्त कराने पर बनी सहमति

बैठक

प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ की बैठक

जनसंदेश न्यूज

बैठक में सुझाव देता व्यापारी

सिकंदरपुर। नगर के विभिन्न चौराहों और मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापारियों संग बैठक की। इस दौरान व्यापारी संगठन के पदाधिकारियों और सभासदों ने अतिक्रमण से जूझ रहे नगर को मुक्त कराने की पहल का स्वागत किया।

व्यापारियों ने बस स्टेशन चौराहा से जल्पा चौक तक सड़क के दोनों तरफ ठेले और खोमचे वालों द्वारा दुकान लगाने, ई-रिक्शा चालकों द्वारा बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा करने सहित डिवाइडर के दोनों तरफ बड़े वाहन खड़ा करने से निजात दिलाने की मांग की। साथ ही यह भी कहा कि ठेला और खोमचा वालो को उचित स्थान दिया जाय, ताकि उनकी रोजी-रोटी पर किसी प्रकार का संकट उत्पन्न न हो। वहीं, एसडीएम सिकंदरपुर रवि कुमार ने व्यापारियों और सभासदों से नगर को अतिक्रमण मुक्त कराने में सहयोग की अपेक्षा की। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार पांडेय, एसएचओ विकास चंद्र पांडेय, चेयरमैन प्रतिनिधि संजय जायसवाल, प्रयाग चौहान, डा. उमेश चंद्र, गौरी शंकर वर्मा, बजरंगी चौहान, प्रमोद गुप्ता, मदन सोनी, लालू तुरहा आदि मौजूद रहे।

कल से अभियान चलाने का निर्णय

सिकंदरपुर। व्यापारियों के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 12 दिसंबर से अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाएगा। यह गांधी इंटर कालेज से शुरू होकर बस स्टैंड चौराहा होते हुए नगरा मोड़ तक चलेगा। वहीं, 13 दिसंबर को बस स्टैंड से जल्पा चौक, बाजार, गंधी चौक, चौक बाजार होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अगले चरण में 16 दिसंबर को चौक बाजार से पुलिस चौकी होते हुए जलालपुर चौराहा तथा बस स्टैंड से मानापुर तक अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। 19 दिसंबर को बस स्टैंड चौराहा से बालूपुर में कोल्ड स्टोरेज तक अतिक्रमण मुक्त कराने का शेड्यूल निर्धारित किया गया है।

सड़क की पटरियों से हटवाया अतिक्रमण

चितबड़ागांव। स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन ने मंगलवार को सड़कों पर अतिक्रमण करने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया। इस दौरान एनएच-31 सहित नगर पंचायत के मुख्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान की टीम को देखकर अतिक्रमणकारी अपने सामानों को हटाते नजर आये। नपं के अधिशासी अधिकारी धर्मराज और थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार चौधरी दल-बल के साथ पहुंचे और अतिक्रमण हटवाया। यह अभियान बलिया-वाराणसी मुख्य मार्ग से आरम्भ होकर राजकीय बालिका विद्यालय के सामने, पीसीओ तिराहा से शहीद स्मारक तक चलाया गया। अधिशासी अधिकारी धर्मराज ने बताया कि यह अभियान पूरे दिसंबर माह तक चलेगा। इसी क्रम में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया है। यह आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद यदि पुनः अतिक्रमण पाया गया तो विधिक कार्यवाही की जायेगी।

टीम को देख दुकानदारों में मची अफरा-तफरी

बलिया। नगरा नगर पंचायत के मुख्य मार्गों पर सोमवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। हालांकि नगर पंचायत प्रशासन का प्रचार वाहन तीन दिन पूर्व से बाजार में घूम रहा था। अतिक्रमण हटाओ अभियान की टीम को देखकर दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रशासन एवं दुकानदारों में हल्की नोकझोंक भी हुई। वैसे, नगरा का अतिक्रमण बहुत पहले से लाइलाज बन चुका है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी फहीम कुरैशी, थानाध्यक्ष हरिशंकर सिंह सहित अधिसाशी आधिकारी, कार्यालय लिपिक, सफाई नायक दीपक पाण्डेय, अविनाश दुबे आदि मौजूद रहे।

एसडीएम से की अतिक्रमण हटाने की मांग

बेल्थरारोड। कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर और आस-पास के क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण का बोलबाला है। अतिक्रमण हटाने को लेकर मंडी के व्यापारियों ने एसडीएम निशांत उपाध्याय को पत्रक दिया। कहा कि मंडी परिसर उसके आस-पास मुख्य सड़क पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने के बाद बांस-बल्ली आदि डालकर दुकान संचालित किया जा रहा है। इससे मुख्य गेट पर जाम लगा रहता है, जिससे मंडी व्यापारियों के ट्रक व अन्य वाहन को आने-जाने में कठिनाई होती है। इसको लेकर आए दिन विवाद हो रहा है। अतिक्रमणकारियों एवं व्यापारियों के बीच गाली-गलौज होती है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। एसडीएम श्री उपाध्याय ने बताया कि अवैध अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। शीघ्र ही मंडी परिसर एवं आस-पास का क्षेत्र अतिक्रमण से मुक्त कर दिया जाएगा।

कटहल नाला के किनारे पाथवे बनाने की तैयारी

पहल

प्रस्तावित आकलन में 11.9 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान

बलिया। विधानसभा चुनाव-2022 में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कटहल नाला को जुहू चौपाटी की तर्ज पर विकसित करने का वादा किया था। इस पर शासन, जिला एवं नगर पालिका प्रशासन की ओर से कवायद शुरू की गई है, लेकिन कटहल नाला के नाम पर भूमि नहीं होने तथा नाला पर अतिक्रमण से विकास में बाधा आ सकती है। कार्य के लिए प्रस्तावित आकलन में 11.9 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है।

शहर के बीच से होकर गुजरने वाला लगभग 18 किमी लंबा कटहल नाला इन दिनों गंदगी और अतिक्रमण से जुझ रहा है। सुरहाताल से निकलकर शहर के दक्षिणी छोर पर गंगा नदी में यह नाला मिलता है। पिछले दिनों कटहल नाला की सफाई करायी गई, लेकिन अभी भी नाला बदहाल है। नाले का लगभग तीन किमी का हिस्सा शहरी क्षेत्र से होकर गुजरता है। इस परिधि में अतिक्रमण चरम पर है। प्रशासन की ओर से पहले भी कई बार अतिक्रमण हटाने का प्रयास हुआ है, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब शासन के मुख्य सचिव ने इसको सजाने-संवारने की परियोजना पर कार्य करने का निर्देश दिया है। मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन ने बताया कि विगत् दिनों प्रमुख सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में इसे लेकर निर्देश दिया था। इसके बाद जिला प्रशासन एवं नगर विकास विभाग के आर्किटेक्ट ने कटहल नाला के किनारे पाथवे बनाने का नक्शा तैयार किया। इसके दोनो किनारो पर पौधरोपण एवं आकर्षक लाइटिंग करने की योजना है। इस पर लगभग 11.9 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन ने बताया कि यदि दस्तावेजो में कटहल नाला के नाम पर भूमि दर्ज नहीं है तो संबंधित भूमि का अधिग्रहण सिंचाई विभाग के नाम पर दर्ज कराया जायेगा। साथ ही नाले की भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाकर पाथवे बनाने का रास्ता साफ किया जायेगा।

मारपीट में दो महिलाओं समेत तीन घायल

रसड़ा। कोतवाली क्षेत्र के अजीजपुर खरसड़ा गांव में मंगलवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पट्टीदार आपस में भिड़ गए। इसमें एक पक्ष के दो महिलाएं सहित एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गये। आस-पास के लोगों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र रसड़ा पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के दौरान एक लड़की की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। बताते चले कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के अजीजपुर, खड़सरा गांव निवासी शंभूनाथ मौर्य और प्रभुनाथ मौर्य में कुछ दिनों से जमीनी विवाद चल रहा था। मंगलवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर आपस में तू-तू, मैं-मैं करने लगे। देखते ही देखते मामले ने इतना तूल पकड़ कि दोनों पक्षों से लाठी-डंडे चलने लगे। इसमें एक पक्ष से प्रभुनाथ मौर्य (47), उनकी पत्नी अनीता मौर्या (42), पुत्री टीही मौर्य (23) गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुत्री टीही मौर्या की हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। प्रभुनाथ मौर्या की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

जिला जज ने प्रचार वाहन को दिखायी हरी झंडी

जनसंदेश न्यूज

प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाते जिला जज

बलिया। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊके निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर, दिन शनिवार को किया जाना है। इसके व्यापक प्रचार-प्रसार और जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिये जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित पाल सिंह द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं उपयोगिता और कार्य पारदर्शिता और व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मंगलवार को प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इसका संचालन हरीश कुमार अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। उक्त प्रचार वाहन दीवानी न्यायालय परिसर बलिया से निकलकर जिले के समस्त तहसीलों का भ्रमण करते हुए जन-जन तक राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को बतायेगी तथा जनसामान्य को यह अवगत करायेगी कि वह अपने सभी प्रकार के मामलों, जो जुर्माने से दण्डनीय हो, अथवा पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, बिजली के मामलें, टेलीफोन बिल के मामलें, टेक्स के मामले, चेक बाउंस के मामलें, सुलह योग्य फौजदारी मामलें, इत्यादि का पूर्ण और प्रभावी समाधान प्राप्त कर सकते है। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किये गये मामले की कोई अपील नही की जाती। आपके खर्चे भी कम आते है। समाधान का प्रभाव वैसा ही होता है, जैसा न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय का प्रभाव होता है।

अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगाकर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते है।

श्री लक्ष्मी नारायण ज्वेलर्स का भव्य उद्घाटन

सोने के आभूषण की बनवाई पर 10 व डायमंड पर 20 प्रतिशत का ऑफर

श्री लक्ष्मी नारायण ज्वेलर्स शो-रूम में पहुंचे संत

संत का स्वागत करते रमेशचंद लड्डू

संत का आशीर्वाद लेते प्रेम सर्राफ

उद्घाटन के अवसर पर जुटी भीड़

जनसंदेश न्यूज

बलिया। नगर के आर्यसमाज रोड स्थित एक और नये आभूषण के शो-रूम का धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य उद्घाटन हुआ। इस मार्ग पर श्री लक्ष्मी नारायण ज्वेलर्स का पहला शो-रूम है। इसका मंगलवार को भव्य उद्घाटन श्रीश्री 1008 विनय ब्रह्मचारी जी ने किया। उनके साथ गुरूजी महाराज ने भी कार्यक्रम का श्रीगणेशाय किया। इस दौरान संत दर्शन के लिये ग्राहकों एवं शो-रूम के परिवार जनों की भीड़ लगी रहीं। पंडित सिद्धार्थ शंकर पांडेय, पंडित अभिषेक जी संतों की सेवा में लगे रहे।

संतों की सेवा में रमेश चंद्र लड्डू, भगवान दास, महावीर सराफ, प्रेम सराफ, धर्मवीर, चंद्रशेखर व राजीव के साथ ही सतीश उपाध्याय लगे रहे। उद्घाटन के अवसर पर ग्राहकों को सोने के आभूषण की बनवाई पर 10 प्रतिशत, डायमंड के मूल्य पर 20 प्रतिशत का आफर रहा। यह आफर 20 दिसंबर तक रहेगा। बतातें चले कि श्री लक्ष्मी नारायण ज्वेलर्स के सहयोगी प्रतिष्ठान में मोहिनी ज्वेलर्स चौक स्टेशन रोड, एचएच ज्वेलर्स सिनेमा रोड भी है। उद्घाटन के अवसर पर सुबह से लेकर देर शाम तक भीड़ लगी रही। हरिकीर्तन एवं रूद्राभिषेक के साथ भव्य उद्घाटन किया गया।

श्री लक्ष्मी नारायण ज्वेलर्स में दीप प्रज्ज्वलित करते विनय ब्रह्मचारी

शो-रूम का फीता काटकर उद्घाटन करते विनय ब्रह्मचारी एवं बगल में खड़े प्रेम सर्राफ

15.9 करोड़ से 500 मीटर लंबा बनाया जाएगा कटर

गिराये जा रहे बोल्डर, नदी की धारा मोड़ने का होगा काम

बलिया। बाढ़ के समय गंगा नदी से माल्देपुर के सामने कटान ने भारी क्षति पहुंचाई थी। इसको देखते हुए शासन ने कटानरोधी कार्य पर जोर दिया है। 15.9 करोड़ से 500 मीटर लंबा कटर बनाया जाएगा। कटर के बीच पिचिंग का भी कार्य होगा, जिससे नदी की धारा को मोड़ा जा सके। इसके लिए बोल्डर गिराए जा रहे हैं। एक दशक पूर्व गंगा नदी एनएच-31 से चार किमी दूर बहती थी। अब मात्र 800 मीटर पर गंगा एवं तमसा का संगम हो गया है। दो नदियों के संगम के कारण इस स्थल पर कटान ज्यादा होती है।

गंगा नदी तक जाने के लिए लोगों को पहले तमसा नदी को पार कर तीन किमी तक चलना पड़ता था। दोनों नदियों के बीच किसान खेती भी करते थे। उस समय तमसा एवं गंगा का मिलान शिवरामपुर घाट पर होता था, जिसे आज भी संगम तट कहा जाता है। वर्तमान समय में दोनों नदियां माल्देपुर के सामने ही मिल रही हैं। हालत यह है कि हर वर्ष कटान से गंगा की धारा धीरे-धीरे माल्देपुर एनएच-31 के करीब आती जा रही है। कटान रोकने के लिए क्षेत्रीय जनता ने कई बार मांग की थी। इसके बाद बाढ़ विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेजा। इस पर शासन ने धनराशि जारी की है। कटानरोधी कार्य के लिए बड़े-बड़े बोल्डर गंगा तट पर गिराए जाने लगे हैं। बोल्डर से संगम तट से 500 मीटर तक 13 कटर बनाए जाएंगे। इनके बीच में पिचिंग का भी कार्य होगा, जिससे नदी की धारा को मोड़ा जा सके। संजय कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता, बाढ़ खंड ने बताया कि माल्देपुर के सामने कटानरोधी कार्य के लिए शासन से धनराशि जारी हो गई है। इससे 13 कटर बनाने के साथ ही पिचिंग का भी कार्य किया जाएगा। फरवरी तक कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

वायु प्रदूषण से बिगड़ रही लोगों की सेहत

बलिया। जिले में वायु प्रदूषण मापने की कोई व्यवस्था नहीं है और ना ही जिला प्रशासन ने इसके लिए कोई पहल की है। वहीं, प्रदूषण नियंत्रण विभाग की भी व्यवस्था नहीं है। वर्षा मापी यंत्र के अलावा अन्य कोई व्यवस्था नहीं है। पिछले एक माह में वायु प्रदूषण के कारण सांस एवं हृदय रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। बिना मास्क के खुले में घुमना बीमारी को आमंत्रण देना हो गया है। कम इम्युनिटी वाले लोग गले में खराश, छींक के साथ सर्दी, जुकाम एवं सांस की परेशानी की चपेट में आ रहे है। जिले में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। शहर के दक्षिणी हिस्से में ऐतिहासिक ददरी मेला का आयोजन चल रहा है। इसके कारण जिले की आबोहवा खराब हुई है। यूपी-बिहार से सटे एवं तीन तरफ से नदियों से घिरे होने के बावजूद आजादी के 75 वर्ष बाद भी जिले में वायु प्रदूषण मापने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बनायी गई है। मापक यंत्र एवं विभाग न होने से वायु प्रदूषण की सही जानकारी नहीं हो पाती। मौसम की जानकारी के लिए पटना या गूगल से जानकारी लेनी पड़ती है। इस संबंध में एडीएम देवेन्द्र सिंह ने बताया कि सदर तहसील सहित कई स्थानों पर वर्षा मापक यंत्र लगाये गये है। वायु प्रदूषण के मामले में पहल की जायेगी।

महिला प्रधानों को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

कार्यक्रम

महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर के नेतृत्व में महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना योजनांतर्गत महिला उत्पीड़न घरेलू हिंसा एवं उनसे जुड़े कानून के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका कम्युनिटी हाल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में महिला ग्राम प्रधानों को बुलाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि महिलाएं अपने अधिकारों के बारे में जान और अपनी ग्राम पंचायत में हो रहे हिंसा, भेदभाव, दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह सहित अन्य बातों के प्रति जागरूक हो और अपने ग्राम पंचायत में महिलाओं को भी जागरूक करें। प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी सुमित सिंह ने महिलाओं को जागरुक करते हुए कहा कि महिला ग्राम प्रधान अपने ग्राम पंचायत में महिलाओं को जागरूक करें तथा किसी भी हिंसा से जुड़े मामले को सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबरों पर जानकारी दें, जिससे संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा अन्य मामलों का त्वरित निस्तारण किया जा सके। संयुक्त निदेशक अभियोजन द्वारा भारत में महिला सशक्तिकरण और नए कानून संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि भारत में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा से तात्पर्य किस महिला के विरुद्ध सामान्यत किसी पुरुष द्वारा की गई शारीरिक या यौन हिंसा से है। महिलाओं को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रसव पूर्व निदान तकनीकी अधिनियम 1994 विकसित तकनीकी के दुरुपयोग को रोकने की इस अधिनियम द्वारा व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम के दौरान 11वीं की की छात्रा अनामिका चैरसिया द्वारा भाषण एवं गीत प्रस्तुत किया गया। इसके तत्पश्चात अनामिका चैरसिया द्वारा शपथ भी दिलाई गई कि मैं भारत के जिम्मेदार नागरिक के रूप में शपथ लेता हूं कि सदैव बालिकाओं महिलाओं का सम्मान करुंगा और उनके अधिकारों का संरक्षण करूंगा। मैं प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से अपने कृत्यों, शब्दों तथा कर्मों से किसी बालिका या महिला को अधिकारों एवं मयार्दा का हनन नहीं करूंगा न होने दूंगा। मैं शपथ लेता हूं कि मैं बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके विकास हेतु समान अवसर प्रदान करने में अपना पूरा योगदान दूंगा। कार्यक्रम संगोष्ठी में कक्षा 10वीं तथा 12वीं की छात्राओं को राज्य बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली 10-10 सर्वोच्च छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप 5000-5000 हजार की डेमो चेक के अलावा पुरस्कार देकर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा विश्व शौचालय दिवस के समापन के अवसर पर जनपद के विकासखंड कोपागंज के सहरोज ग्राम पंचायत की महिला ग्राम प्रधान इस्त्रावती देवी को सबसे अच्छा सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता में चयनित होने पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता अतुल राय ने किया। कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायत की महिला ग्राम प्रधान एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

यौन शिक्षा व संबंधों पर खुलकर करें बात : डॉ. एकिका सिंह

मऊ। युवाओं में अपनी यौन इच्छाओं और सीमाओं पर चर्चा करना, समझौता करना एवं उन्हें स्पष्ट करना तथा दूसरों की इच्छाओं और सीमाओं का सम्मान करना सिखना अति आवश्यक है। युवाओं में सेक्स और रिश्तों को लेकर बात करना भले ही अजीब या शर्मनाक लगे पर एक शोध से पता चला है कि युवा इसकी जानकारी चाहते हैं। युवाओं को इस बारे में खुलकर बात करने की आवश्यकता है। गलत लोगों से गलत जानकारी प्राप्त करने से बेहतर है कि सही व्यक्ति से सही जानकारी प्राप्त कर यौन संबंधी समस्याओं से निजात पायें।

प्रसिद्व चिकित्सक, फॉग्सी अध्यक्ष डॉ एकिका सिंह ने यह विचार फॉग्सी मऊ एवं वाईटीपी कमेटी फॉग्सी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किया। वह लिटिल फलावर चिल्ड्रेन स्कूल एवं किड्स किंगडम स्कूल में आयोजित परिचर्चा कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। वाईटीपी कमेटी फॉग्सी के चेयरपर्सन डॉ रोहन पदसेलकर ने बताया कि युवाओं में यौन जागरुकता संबंधी कार्यक्रम का आरंभ पहली बार मऊ जनपद से किया जा रहा है। युवाओं में छोटी उम्र से यौन शिक्षा के बारें में जानकारी मिलने से उनमें यौन नैतिकता का विकास होता है। जानकारी के आभाव में यह यौन हिंसा में बदल जाती है। प्रसिद्व चिकित्सक डॉ संजय सिंह एवं डॉ सुजीत सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी जिज्ञाषाओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान किया। कहा कि युवाओं में यौन शिक्षा का आभाव सामाजिक संरचना को भी प्रभावित करता है। शायंकाल शारदा नारायण हास्पिटल में आयोजित विमर्श कार्यक्रम में युवाओं यौन शिक्षा को लेकर विस्तार से विमर्श किया गया। इस दौरान डॉ कुसुम वर्मा, डॉ माला मित्तल, डॉ फरहान नोमानी, डॉ आकांक्षा, आईएमए अध्यक्ष डॉ एसी तिवारी, इनरव्हील क्लब, रोटरी क्लब, लायन्स क्लब सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारियों ने परिचर्चा में विस्तार से प्रतिभाग किया।

संक्षेप

शादी से वापस लौट रहे दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

रतनपुरा (मऊ)। जनपद मुख्यालय के बलिया मोड़ के पास राजमार्ग संख्या 34 (मऊ-बलिया मार्ग)पर स्थित रोज गार्डेन के पास सोमवार की रात्रि बाइक सवार दो युवकों की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि हलधरपुर थाने के गोनईपुर गांव निवासी अमित यादव पुत्र स्वर्गीय रविंद्र यादव (25 वर्ष) एवं राकेश यादव पुत्र रामप्रवेश (19 वर्ष) भुजौटी स्थित एक मैरिज हॉल से किसी निमंत्रण में शामिल होने के बाद भोजन कर रात्रि के लगभग 9:30 बजे अपनी बाइक से घर वापस आ रहे थे। इस दौरान वे दोनों जब रोज गार्डेन के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे किसी वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया। जिससे दोनों के सिर, सीने एवं पैर में गंभीर चोटें आईं। जिनकी इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। इस दुर्घटना की खबर मिलते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। मृतक अमित के पिता रविंद्र की भी मौत पाँच वर्ष पूर्व रतनपुरा के पास एक सड़क दुर्घटना में हो गई थी। अमित का विवाह लगभग छह वर्ष पूर्व हुआ था उसकी एक बेटी एवं एक बेटा है। जबकि दूसरे मृतक राकेश का विवाह अभी नहीं हुआ था।

गुरादरी पर गोविंद दशमी के मेले में जुटे हजारों श्रद्धालु

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय ब्लॉक के प्रसिद्ध गुरादरी मठ पर मंगलवार को गोविंद दशमी के भव्य मेले एवं पुण्य स्नान में हजारों श्रद्धालुओं का जमावड़ा हुआ। अलसुबह से लेकर ढलती शाम तक श्रद्धालुओ ने स्नान-दान, परिक्रमा कर बाबा घनश्याम साहब की समाधि पर मत्था टेका एवं अन्न भंडार में नई फसलों का दान कर वर्तमान महंत का दर्शन किया। साथ ही भभूत प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। मेले में अपनी जरूरतों का सामान खरीदा एवं विशेषतया लाल गन्ना एवं खजला लेकर घर गए। बता दें कि यह स्थान बाबा घनश्याम दास की साधनास्थली के रूप में 350 वर्षो से आस्था और विश्वास का केंद्र बना हुआ है। इनके अलावा यहां बाबा पदारथ साहब, बाबा महाबल साहब, बाबा प्रहलाद साहब, बाबा सत्यनारायण साहब और बाबा जगन्नाथ साहब जैसे सिद्ध संतो की समाधियां स्थित हैं। चूंकि यह सतनामी संत परंपरा की पीठ सिद्ध संत गोविन्द साहब की शिष्य पीठ है, इसलिए जो भक्त वहां नहीं जा पाते वह यहीं स्नान-दान, दर्शन-पूजन करके मेले का आनंद उठाते हैं। मेले में फूल-प्रसाद, श्रृंगार सामग्री, खेती किसानी के उपकरण, लकड़ी के सामानों, पत्थर के सामानों, कंबल, मिठाई, चाट-पकौड़ी, चाउमीन, अनारकली, खिलौना-गुब्बारे, चर्खी झूले खजला और लाल गन्ने की दुकानों पर ज्यादा भीड़ देखी गयी। मठ प्रबंध तंत्र एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन की चाक-चैबंद व्यवस्था से मेला शांतिपूर्ण तरीके से बिना किसी अप्रिय घटना के समाप्त हो गया।

इलाज के बाद आयुष्मान से कितनी निकाली धनराशि

बलिया। जिले में कुल 900731 आयुष्मान कार्डधारक है। इसके लिए 15 हास्पिटल नामित किये गये है। इन हास्पिटलों में आयुष्मान कार्ड के तहत मरीजों का उपचार किया जाता है। कई आयुष्मान कार्डधारकों से पैसे भी लिये जाने की जानकारी मिली है। डाक्टर यह कहते है कि इस बीमारी का आपरेशन हमारे हास्पिटल में आयुष्मान कार्ड से नहीं किये जायेंगे, जबकि उस हास्पिटल को आयुष्मान कार्ड से इलाज करने के लिए नामित किया गया है।

यह जांच का विषय है कि मरीज द्वारा कराया गया इलाज आयुष्मान कार्ड से होना चाहिए था अथवा नहीं। हालांकि, एक डाक्टर ने स्पष्ट रूप से बताया कि कुछ ऐसे भी आपरेशन है, जो हमारे यहां आयुष्मान कार्ड से नहीं होते है। यह सही है कि हम आयुष्मान कार्ड से इलाज करते है। इसकी शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बैठे नोडल अधिकारियों से की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इसकी जांच की जायेगी। इसके अलावा दूसरी शिकायत यह भी आयी है कि नगर के एक आंख अस्पताल द्वारा मरीजों के आंखों की जांच कर चश्मा दिया जा रहा है और उनसे आयुष्मान कार्ड लिये जा रहे है। लेकिन इलाज के लिए उस आयुष्मान कार्ड से कितनी धनराशि ली गई? यह नहीं बताया जा रहा है। बताते चले कि जिन हास्पिटलों को आयुष्मान कार्ड से इलाज के लिए नामित किया गया है, उनमें एक हेल्प काउंटर बनाना अनिवार्य था। लेकिन अधिकतर हास्पिटलों में अब आयुष्मान कार्ड काउंटर भी हटा दिये गये है। यह भी बता दें कि वहां एक मशीन के द्वारा मरीज को यह भी जानकारी मिल सकती है कि इलाज के दौरान आपके आयुष्मान कार्ड से कितने पैसे निकाले गये? लेकिन हकीकत में अधिकतर हास्पिटलों में मरीजों को इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है।

इन हॉस्पिटलों में है इलाज की व्यवस्था

बलिया। आयुष्मान कार्ड से शांति सर्जिकल हास्पिटल मझौली, माया हास्पिटल तिखमपुर, शारदा हास्पिटल तिखमपुर, असर्फी हास्पिटल तिखमपुर, गौरव हास्पिटल रामदहिनपुरम के पास, डा. महावीर सिंह हास्पिटल मिश्रनेवरी, जीवन ज्योति हास्पिटल कदमतर, शिवम हास्पिटल महिला अस्पताल रोड, मां चैरिटेबल हास्पिटल रामपुर महावल, शांति नेत्रालय जगदीशपुर, गुलाब चंद आई हास्पिटल कदमतर, एसपी सिटी जगदीशपुर, जननायक चंद्रशेखर इब्राहिमपट्टी, डा. आकाश सिंह वैशाली रोड, बाबा रामदल पकवाइनार में मरीजों के इलाज की व्यवस्था है।

कम उम्र, तेज गति व नशे में वाहन चलाने पर होगी कड़ी कार्रवाई:डीएम

बैठक

12 दिसंबर से 27 दिसंबर तक चलेगा स्कूली वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि है राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा अन्य सड़कों पर आवश्यक बड़े वाहनों का पार्किंग न होने दे इसके लिए सभी क्षेत्राधिकारियों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

जिला अधिकारी ने ठंड एवं कोहरे के प्रभाव को देखते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट निश्चित रूप से लगाए, अन्यथा वाहन जांच के दौरान यदि किसी वाहन चालक द्वारा नियमों का पालन नहीं करते हुए पाए गए तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी। जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की यातायात जांच के दौरान वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण नियमित कराते रहे और नशे में वाहन चलाते हुए पाए जाते हैं तो पुलिस प्रशासन का सहयोग लेकर जेल भिजवाने की कार्यवाही कराए। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि विद्यालयों में यातायात के नियमों की जानकारी साझा करने हेतु यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर कराते रहे।

जिलाधिकारी ने नगर पालिका सहित अन्य नगर पंचायतों के अंतर्गत आने वाले मुख्य मार्गों पर होटल एवं ढाबों के कारण ट्रक या बड़े वाहन सड़क के किनारे खड़ा होने के कारण दुर्घटना होने की संभावना अत्यधिक रहती है। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी मुख्य मार्ग पर पढ़ने वाले होटल एवं ढाबों के कारण सड़क के किनारे वाहन खड़ा न होने दे, जिससे दुर्घटना को रोका जा सके।

जनपद में संचालित विद्यालयों में लगे वाहनों के विरुद्ध 12 दिसंबर से 27 दिसंबर तक अभियान चलाकर वाहनों के फिटनेस, चालकों के स्वास्थ्य एवं नशा जैसी अन्य बिंदुओं की जांच की जाएगी। जनपद में विभिन्न स्थानों पर हुई दुर्घटना की समीक्षा में प्रभारी यातायात द्वारा बताया गया कि माह नवंबर में कुल 40 सड़क दुर्घटनाएं घटित हुई, जिसमें मृतकों की संख्या 20 व घायलों की कुल संख्या 35 दर्ज की गई है। अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने कहा कि नगर क्षेत्र के अलावा सभी नगर पंचायत के अंतर्गत सड़क के किनारे ठेला, घूमती या अन्य संसाधनों के माध्यम से सड़कों पर अतिक्रमण किया गया है, उन स्थानों को जल्द से जल्द अतिक्रमण मुक्त करते हुए उन लोगों को उचित स्थानों पर व्यवस्थित किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश समस्त अधिशासी अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक इलामरन जी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कठिन परिश्रम से अवश्य मिलेगी सफलता

ज्ञानकुंज एकेडमी में छात्र को प्रमाण पत्र देती प्रधानाचार्या सुधा पांडेय

प्रमाण पत्र के साथ बच्चे एवं डॉ. देवेन्द्र नाथ सिंह

बोले डॉ. देवेन्द्र नाथ सिंह

ज्ञानकुंज एकेडमी में स्काउट गाइड को किया गया पुरस्कृत

सिकंदरपुर। जनपद में तीन दिवसीय जिलास्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता में ज्ञानकुंज एकेडमी बंशीबाजार के छात्रों ने एक बार फिर से अपना परचम लहराया है। जिलास्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता में ज्ञानकुंज एकेडमी के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर मंगलवार को विद्यालय प्रांगण में स्काउट गाइड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ ही स्काउट टीचर को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मनित किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक डॉ. देवेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। सफल होने के लिए परिश्रम के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर स्काउट गाइड अध्यापक आनंद यादव सहित सभी शिक्षकों की सराहना की। कहा कि सभी अपने जीवन में इसी तरह कठिन परिश्रम निरंतर करते रहें। प्रधानाचार्य श्रीमती सुधा पाण्डेय ने स्काउट गाइड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्काउट गाइड अनेकता में एकता, स्वच्छता, विपरित परिस्थितियों में धैर्य से कार्य करना, टीम वर्क एवं करके सीखने की क्षमता का विकास के लिए सदैव प्रेरित करता है। उप प्रधानाचार्य श्रीमती शीला सिंह ने कहा कि हम सबको अपने पड़ोसियों एवं सहायतार्थ व्यक्तियों की सहायता के लिए निःस्वार्थ भाव से हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस मौके पर दीपक तिवारी, प्रिया पाण्डेय, जेपी तिवारी, सौरभ कुमार, शीबा नाज, राजीव कुमार, नीरज सर, अभिनव सर, लक्ष्मण चौहान, राज वर्मा, ज्योत्सना, स्वेता राय, रौशन खान आदि मौजूद रहे।

विद्यालयों में कॉल सेंटर बनाने का निर्देश

बैरिया। शिक्षा के स्तर को सुधारने और छात्र-छात्राओं को प्रतिभावान बनाने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद विद्यार्थियों की सुविधा का दायरा बढ़ाने जा रहा है। विभाग की ओर से बोर्ड परीक्षा को मॉडल प्रश्न पत्र की सुविधा पहले ही दे दी गई है। अब काल सेंटर की भी व्यवस्था कर दी जाएगी, जहां विद्यार्थी फोन करके विभिन्न विषयों से संबंधित जिज्ञासा का उत्तर प्राप्त कर सकेंगे। संबंधित विषयों के प्रश्नों को हल करने के लिए विद्यालयों में काल सेंटर बनाया जाएगा। परीक्षा में विद्यार्थियों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए शासन ने विषयवार शिक्षकों का नाम, मोबाइल नंबर एवं समय उपलब्ध कराने के लिए शिक्षकों से जानकारी मांगी है। इसके परिपेक्ष्य में सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य से सूचना देने का निर्देश माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा जारी किया गया है। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से होनी प्रस्तावित है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। इसलिए उन्हें काल सेंटर की व्यवस्था दी गई है। बाबा लक्ष्मण दास द्वाबा राष्ट्रीय इंटर कालेज बैरिया के प्रधानाचार्य गोपाल जी सिंह, आचार्य जेबी कृपलानी इंटर कालेज जमालपुर के प्रधानाचार्य कमलेश्वर प्रसाद यादव आदि के प्रधानाचार्यो ने बताया कि छात्रों को गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान की तैयारी में दिक्कत आती है। विद्यार्थी इन विषयों में अच्छा अंक हासिल करें। इसके लिए काल सेंटर की सुविधा प्रस्तावित है।

धूमधाम से मना अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि

बलिया। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसो. की ओर से मंगलवार को नगर के बहादुरपुर में विश्व मानवाधिकार दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला अस्पताल के उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अभिषेक कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि प्रमोद शंकर पांडेय, डा. विजया वर्मा, पंडित तारकेश्वर मिश्र, एसो.के जिलाध्यक्ष डा. आरआर प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि साफ सुथरा खाना, शिक्षा तथा सुरक्षा ये सभी मानव के अधिकार है, जिसे सबको मिलना चाहिए। कहा कि जिस तरह से परिवार में माता-पिता अपने बच्चों को सिखाते हैं। उन्हें अच्छी बातें बताते हैं। ये उनका अधिकार है। उसी तरह भारत के संविधान में सबको शिक्षा का अधिकार दिया गया है। कहा कि आम आदमी अपने अधिकारों प्रति सजग रहे और दूसरों को भी जागरूक करें। विशिष्ट अतिथि विधि सचिव एडवोकेट तारकेश्वर मिश्र ने मानवाधिकार के बारे में विस्तार से बताते हुए लोगों को जागरूक रहने की अपील की। वहीं, साहित्यकार फतेहचंद बेचैन ने काव्यपाठ कर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर डा. जेपी कुशवाहा, अजय कुमार मौर्य, रमेश सिंह, राजेश चौबे, प्रसिद्व नारायण वर्मा आदि रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा. आरआर प्रसाद तथा संचालन रामेश्वर प्रसाद वर्मा ने किया।

खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

बांसडीह। ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर हाईस्कूल बांसडीह के प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि कार्यवाहक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार चौबे तथा विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह एवं विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. घनश्याम चौबे ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद दीप प्रज्जवलित करके प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

प्राथमिक स्तर पर बालक-बालिका के 50 मीटर की दौड़ में प्रावि खरौनी के छोटू पासवान एवं अंजली यादव अव्वल रहे। 100 एवं 200 मीटर की दौड़ में प्रावि खरौनी के अनमोल एवं मेघना वर्मा प्रथम रहे। प्राथमिक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता के बालक-बालिका वर्ग में प्रावि अकोल्ही की टीम विजेता घोषित हुई। जूनियर स्तर पर बालक-बालिका के 100 मीटर की दौड़ में उप्रावि शंकरपुर के नीरज एवं मुस्कान, 200 मीटर की दौड़ में उप्रावि खरौनी के अंकित यादव एवं देवडीह के शीतल प्रथम रहे। 400 मीटर की दौड़ में उप्रावि जितौरा के समीर एवं शंकरपुर की लक्ष्मी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में उप्रावि शंकरपुर और बालिका वर्ग में बांसडीह की टीम विजेता घोषित हुई। निर्णायक की भूमिका रजनीश, वेद प्रकाश, बृजेश कुमार, विपुल ने निभायी। इस अवसर पर जयप्रकाश, आदित्य यादव, देवेश सिंह, केके सिंह, संतोष पाण्डेय, संतोष तिवारी, नंदलाल मौर्या, मणींद्र सिंह, अभिषेक सिंह, कौशल सिंह, जयप्रकाश सिंह, जनार्दन दुबे, रत्नाकर सिंह, बन्दना गुप्ता, सुनन्दा मिश्रा, इम्तियाज, रंजीत वर्मा, रवीन्द्र तिवारी, एहसानूल हक, राकेश मौर्य आदि उपस्थित रहे।

दीप प्रज्ज्वलित करके प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि

कार्यालय नगर पालिका परिषद पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर-चन्दौली

प0 संख्या-385/अ0अ0/न0पा0प0पं0दी0द0उ0न0(मु0)/2024-25 दिनांकः 10.12.2024

एतद्द्वारा निम्नलिखित भवन के स्वामियों/क्रेतागणों तथा अन्य सहव्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निम्न भवनों के नाम परिवर्तन/स्वकर निर्धारण की कार्यवाही कर-विभाग नगर पालिका परिषद पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली में विचाराधीन है। सम्बन्धित पक्षों को धारा 147 व धारा 143(1) की नोटिस भेजी जा चुकी है। आपत्तिकर्ता सम्पूर्ण प्रमाण सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के दिनांक से 7 दिन के अन्दर अपना पक्ष/आपत्ति नगर पालिका परिषद कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा सनियम कार्यवाही करते हुए प्रकरण निस्तारित कर दिया जायेगा।

क्र0सं0	भवन संख्या	मुहल्ला	वर्तमान नाम	नामान्तरण/कर निर्धारण हेतु प्रस्तावित नाम
1	163/A-2	महमूदपुर	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्रीमती राजेश्वरी पत्नी भोलानाथ
2	458/S-1	अलीनगर	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्रीमती अफसाना बेगम पत्नी मुख्तार आलम
3	1337/P-2	अलीनगर	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्रीमती प्रभा देवी पत्नी राजेन्द्र प्रसाद
4	1232/B-1-P-1	बेचूपुर	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्री प्रदीप कुमार जायसवाल पुत्र स्व0 धन्नू साव
5	421	मुगलचक	श्री सेचन पुत्र स्व0 चिरकुट	वरासतन-श्रीमती श्यामधारी देवी पत्नी स्व0 सेचन व विष्णु कुमार गुलशन कुमार पुत्रगण स्व0 सेचन राम
6	901	बेचूपुर	श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी विश्वनाथ	वसीयतनामानुसार-श्रीमती राधारानी गुप्ता पत्नी गनेश उर्फ गनेश प्रसाद गुप्ता, सुजीत कुमार गुप्ता, सुदीप कुमार गुप्ता पुत्रगण गनेश उर्फ गनेश प्रसाद गुप्ता
7	328/M-1	हनु0 अहिरान	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्रीमती माया देवी पत्नी स्व0 जगदीश प्रसाद
8	298/A	हनु0 अहिरान	प्रथम कर निर्धारण	खतौनीनुसार-श्रीमती गायत्री देवी पत्नी रामजीत
9	234/T-1	चन्धासी	प्रथम कर निर्धारण	खतौनीनुसार-श्री सदानन्द पुत्र तेगरी
10	654/A-J	चन्धासी	प्रथम कर निर्धारण	श्री अजय जायसवाल पुत्र स्व0 रामसूरत जायसवा
11	90	चन्धासी	श्री पन्नालाल पुत्र विष्णु	वरासतन-श्री पिन्टू कुमार व आकाश कुमार व मधु कुमारी पुत्र व पुत्री स्व0 महेश प्रसाद
12	75/A-1	लाठ नं0-1	श्री गोपाल पुत्र स्व0 लच्छुराम, कलावती देवी पत्नी स्व0 सतपाल, अंकित चौधरी, अंकुर चौधरी पुत्रगण स्व0 सतपाल, मुन्नी देवी पत्नी स्व0 धर्मपाल, सन्तोष चौधरी राहुल चौधरी पुत्र स्व0 धर्मपाल	भवन संख्या 75A के जुजभाग पर बैनामानुसार-श्री अंकित चौधरी अंकुर चौधरी पुत्रगण स्व0 सतपाल विकल उर्फ सतपाल वर्तमान दर्ज नाम में से गोपाल पुत्र स्व0 लच्छुराम का नाम निरस्त कर शेष अंकित नाम यथावत रखते हुए
13	794/C	महमूदपुर	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्रीमती इसरत जहाँ पत्नी जावेद
14	37	पथरा	श्री अचाऊ पुत्र स्व0 बुद्धू	वरासतन-श्रीमती शकुन्तला देवी व प्रभा देवी पुत्रीगण स्व0 अचाऊ व सुजीत कुमार पुत्र स्व0 अचाऊ
15	685/A-10	महमूदपुर	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्री सोमनाथ सरकार पुत्र स्व0 नरेन सरकार
16	673	महमूदपुर	श्रीमती गोदावरी पत्नी दशरथ प्रसाद	खतौनीनुसार-श्रीराम धर्मेन्द्र कुमार, राजकुमार पुत्रगण स्व0 दशरथ प्रसाद
17	76	ओड़वार	श्री बुद्धू पुत्र स्व0 बच्चन	बक्शीसनामानुसार-श्री सीताराम पुत्र स्व0 बुद्धू
18	208	कालीमहाल	श्रीमती कुमारी देवी पत्नी संकठा प्रसाद	बैनामानुसार-श्री संकठा प्रसाद पुत्र स्व0 भटू साव
19	208/A	हनु0 अहिरान	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्रीमती एतवारी देवी पत्नी देव नारायण मौर्या
20	599	अलीनगर	श्री फैयाज हुसैन पुत्र स्व0 अ0 हमीद	बैनामानुसार-श्रीमती शकीला बेगम पत्नी इम्तियाज अहमद
21	1245/A/2	अलीनगर	श्री भगवान दास पुत्र स्व0 खखन	भवन संख्या-1245/A/2 के जुजभाग पर बैनामानुसार-श्रीमती प्रेमलता पुत्र स्व0 स्वामीनाथ यादव वर्तमान दर्ज नाम यथावत रखते हुए
22	25/1	छीड़	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-लालबहादुर जैसवार पुत्र स्व0 बिरजू राम जैसवार
23	72/K-L	लखमीपुर	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्री कमलेश श्रीवास्तव पुत्र शिवदुलार लाल श्रीवास्तव
24	147/M-P	लखमीपुर	प्रथम कर निर्धारण	बैनामानुसार-श्रीमती ममता कुमारी पत्नी प्रदीप कुमार

अपना कर समय से जमा कर नगर के विकास में सहयोगी बनें।

राजस्व निरीक्षक
नगर पालिका परिषद
पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली

पोखरी में सिपाही का मिला शव, हत्या की आशंका

जनसंदेश न्यूज

कठवामोड़। नोनहरा थाना क्षेत्र के हंसी गांव निवासी छुट्टी पर आएं सिपाही की संदिग्ध हालात में पोखरी में शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि परिजनों ने पुलिसकर्मी की हत्या का आरोप लगाया है।

बता दें कि सोमवार शाम चक्तहा गांव के पास एक पोखरी में सिपाही का शव पानी में तैरता हुआ पाया गया। सूचना मिलने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और पहचान की पुष्टि की। घटना की जानकारी मिलते ही मुकेश यादव के घर में कोहराम मच गया। उनकी पत्नी शोभा का रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना पर थाना नोनहरा के प्रभारी धीरेंद्र कुमार सोनकर और कासिमाबाद के अनिल चंद तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों ने मुकेश की मौत को लेकर हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि मुकेश के मिलनसार और सरल स्वभाव के चलते किसी दुश्मनी की संभावना नहीं थी। जिस पोखरी में उनका शव मिला, वह गांव से करीब दो किलोमीटर दूर है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। सिपाही मुकेश यादव (30) गोरखपुर पुलिस लाइन में तैनात थे। मृतक मुकेश यादव अपने पिता स्व. लोरिक यादव के सात पुत्रों में छठवें नंबर पर थे। उनकी शादी दो साल पहले हुई थी और उनका छह महीने का बेटा भी है। मुकेश यादव एक महीने की छुट्टी पर अपने गांव आए हुए थे। तीन-चार दिन पहले से वह घर से गायब थे, जिसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारी और अन्य संभावित स्थानों पर उनकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

मुकेश यादव (फाइल फोटो)।

दु:खद

तैनाती स्थल गोरखपुर से अवकाश पर घर आया था मुकेश

थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार सोनकर ने कहा कि तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जायेगी। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की गुत्थी सुलझेगी।

निजीकरण के खिलाफ आवाज उठाएंगे विद्युत संगठन

गाजीपुर। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन की मासिक बैठक संगठन भवन अंधऊ में संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष ने अवर अभियंताओ/प्रोन्नत अभियंता की समस्याओ के बारे विचार किया गया एवं संगठन के एक एक सदस्यों से उनके समस्याओं को हर हाल में निराकरण अधीक्षण अभियंता के माध्यम से आश्वासन दिलाया। दूसरी तरफ बिजली विभाग के निजीकरण में सीधा आरोप लगाया गया कि उच्च प्रबंधन पर अवैध रूप से विराजमान भारतीय प्रशासनिक सेवा के अनुभवहीन अधिकारियों ने कुछ ऐसा मायाजाल रचा कि किसी को कुछ पता ही नहीं चला कि कैसे पावर कॉरपोरेशन से लेकर सरकार तक को गुमराह कर दिया। बताया कि जिले में लगभग हजारों करोड़ों की योजना बिजली विभाग में जिले में चल रही है। जिसमें जर्जर तार बदलना और ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि आदि शामिल है। जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिले। वहीं दूसरी तरफ निजी हाथों में अरबों खरबों की संपत्ति कौड़ियों के भाव में बेचना किसी भी तरह से तर्कसंगत नहीं लगता है। जिले के सभी अवर अभियंताओ ने एक स्वर में कहा किसी भी किसी भी परिस्थिति में बिजली विभाग का निजीकरण नहीं होने दिया जाएगा। क्योंकि न तो यह कर्मचारियों के लिए हितकारी है न ही उपभोक्ता के लिए हितकारी है, क्योंकि निजी कंपनी सिर्फ मुनाफा कमाना चाहती है। बैठक में जनपद वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं कमलेश प्रजापति, एसडीओ उपाध्यक्ष इं इंदल राम, सचिव इं इंद्रजीत पटेल, उपखंड अधिकारी प्रमोद,उपखंड अधिकारी दीपक गुप्ता,उपखंड अधिकारी सुधीर कुमार, उपखंड अधिकारी एस के सिंह, इं आशीष यादव, इं. अश्वनी कुमार सिंह, राजन चौबे, शशिकांत पटेल, रवि राव, विनोद यादव, चंदन यादव, एवं समस्त सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्षता मिथिलेश ने की।

संक्षेप

हाईटेंशन तार से हाइवा में लगी आग

जखनियां। स्थानीय क्षेत्र में नवनिर्मित नेशनल हाईवे 124 डी पर मंगलवार की सुबह मिट्टी गिराते वक्त हाई टेंशन तार के संपर्क में आते ही हाईवा में आग लग गई। नेशनल हाईवे 124 डी पर इस समय काम तेजी से चल रहा है उसी के तहत मिट्टी गिराई जा रही है। मिट्टी गिराते वक्त जखनियां तालगांव के बीच 33 हजार बिजली तार के संपर्क में आते ही हाईवा में आग लग गई और धं धूं कर जलने लगा वह तो संजोग अच्छा रहा कि ड्राइवर तत्काल नीचे कूद गया। अन्यथा और बड़ा हादसा हो सकता था। आग लगने के बाद लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई काम कर रहे मजदूरों ने मिट्टी फेंक कर आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका और हाईवा जलकर खाक हो गया। बन रहे नेशनल हाईवे 124 डी की ऊंचाई होने की वजह से बिजली के तार कई जगहों पर काफी नीचे आ चुके हैं जिससे हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है।

लुटेरों का सुराग लगाने पर पुलिस विफल

रेवतीपुर। सुहवल थाना अंतर्गत नगसर-सुहवल मार्ग पर बीते तीन दिसंबर की देर शाम युवक को गोली मारने और लूट के असफल प्रयास के मामलें वांछित तीन लुटेरों को पुलिस घटना के सात दिन बाद भी उन्हें दबोच पाना तो दूर उनका सुराग तक नहीं लगा सकी है,जिसके चलते पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे है।वहीं इस घटना में वांछित लुटेरो तक पुलिस की जांच टीमों के अब तक न पहुंच पाने से पीड़ित परिजन ही नहीं इलाके के लोग सहमें हुए है,यही कारण है कि ग्रामीण अब रात के पहर इस मार्ग से आवागमन काफी कम दिए है,लोगों ने कहा कि इस घटना में शामिल लुटेरों को जल्द दबोचा जाए और उन्हें सलाखों के पिछे भेंजा जाए। मालूम हो कि बीते तीन दिसंम्बर की देर शाम को इलाके के बडौरा निवासी श्रीकेश सिंह कुश्वाहा उम्र करीब 32 वर्ष अपने ही गाँव के एक दोस्त के साथ तिलक समारोह से घर लौट रहा था कि नगसर-सुहवल मार्ग पर पेट्रोल पम्प से पहले एक बाइक पर सवार तीन असलहाधारी नकाबपोश बाइक को ओवरटेक कर रोक लूट में असफल देख लूटेरों ने बाइक चालक को गोली मार दी थी। बीते बारह सितंबर की रात ढढनी-सुहवल मार्ग पर स्कूटी सवार चिकित्सक से 50 हजार और मोबाइल की लूट,21 अक्टूबर को नगसर-ढढनी मार्ग पर दिनदहाडे शराब सेल्समैन से साढे चार लाख की लूट,24 दिसंम्बर की शाम नगसर-ढढनी मार्ग पर बाइक लूट जबकि बीते तीन दिसंम्बर को नगसर- सुहवल मार्ग पर युवक को गोली मार लूट का असफल प्रयास आदि की घटनाएं हो चुकी है।प्रभारी निरीक्षक राजू दिवाकर ने बताया कि युवक को गोली मारने के मामलें में वांछित लुटेरो की तलाश की जा रही है,जल्द ही उन्हें दबोच लिया जाएगा।

पुलिस उपाधीक्षक से लगाई सुरक्षा की गुहार

गहमर। गांव के ही चार लोगों पर गाली-गलौज कर मारपीट करने व गांव से उठवाकर हत्या करने का ओरोप लगाते हुए पुलिस उपाधीक्षक जमानिया से जान-माल की सुरक्षा का गुहार लगाया है। पुलिस उपाधीक्षक जमानिया के आदेश पर गहमर पुलिस ने पीड़ित का मुकदमा दर्जकर विवेचना शुरू कर दिया। त्रिवेणी प्रसाद पुत्र मुन्नी लाल निवासी गांव पचौरी ने बताया कि बीते दिनों शुक्रवार की सुबह अपने घर पर मौजूद था। इसी बीच मेरे ही गांव के शिल्पा गुप्ता, सतेन्द्र, जगमोहन प्रसाद, मारकन्डेय प्रसाद आदि पहुंचे और गाली-गलौज, मारपीट करने लगे तथा घर से उठाकर हत्या करने की धमकी देने लगे। शोर शराबा सुनकर अगल-बगल के ग्रामीण जब जुटने लगे तो वहां से सभी भाग खड़े हुए। इससे पूर्व मेरे घर के परिसर में लगे विभिन्न प्रजाति के दस हरे पेड़ जबरदस्ती काट लिया मना करने पर मारपीट भी किया। प्रभारी निरीक्षक राम सजन नागर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्जकर आवश्यक कार्रवाई किया जा रहा है।

ट्रक के धक्के से सफाई कर्मचारी घायल, हालत गंभीर

रेवतीपुर। सुहवल थाना क्षेत्र अंतर्गत ताड़ीघाट- बारा नेशनल हाईवे पर विद्युत उपकेंद्र के समीप आज मंगलवार को ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार विनोद कुमार उम्र करीब 44 वर्ष निवासी डेढगावां गंम्भीर रूप जख्मी हो गये,वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भीड का फायदा उठाकर फरार हो गया,हादसे की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई ,लोगों की सूचना पर पहुंचे 108 एम्बुलेंस के ई? एम टी प्रदीप कुमार सिंह और पायलट जितेंद्र कुमार सिंह घायल को रेवतीपुर सीएचसी ले गये,जहां हालात गंभीर देख चिकित्सक ने गाजीपुर रेफर कर दिया,जहाँ उसकी हालात गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों व परिजनों के मुताबिक घायल विनोद कुमार गाजीपुर सफाई कर्मी के पद पर तैनात है वह गाजीपुर से ड्यूटी से वापस घर आ रहे थे कि सामने से आ रहे ट्रक के धक्के से घायल हो गया।

मानवाधिकारों का सम्मान-संरक्षण किसी भी समाज की उन्नति

जमानियां। विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय तहसील सभागार में एक भव्य परिचर्चा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मानवता की सेवा में समर्पित व्यक्तियों और संस्थाओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मानवाधिकारों का सम्मान और संरक्षण किसी भी समाज की उन्नति और स्थिरता का आधार है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी का दायित्व है। विशिष्ट अतिथि राम नारायण वर्मा ने मानवाधिकारों को मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह केवल कानूनी विषय नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति के जीवन का आधार है। सुलह अधिकारी चंदन कुमार ने कहा कि मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता ही समाज में सकारात्मक बदलाव का आधार बन सकती है। उन्होंने इस दिशा में सभी को योगदान देने की अपील की। डॉ. हरिश्चंद्र सिंह ने मानवाधिकारों को जीवन के हर पहलू में लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि समानता और सह-अस्तित्व की भावना से ही समाज में बदलाव संभव है। इस दौरान पर वक्ताओं ने समाज में समानता लाने, मानवाधिकारों की रक्षा करने, और जागरूकता फैलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास करने की अपील की। यह आयोजन मानवाधिकारों की महत्ता को समझाने और समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में प्रयासरत व्यक्तियों और संस्थाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासनिक और सामाजिक क्षेत्रों के कई प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में खान जिया उद्दीन मोहम्मद कासीम, पूर्व कैप्टन सुब्बा सिंह यादव, मोहम्मद सौफ, साहब खां, डॉ हरिश्चन्द्र सिंह, आसिफ गाजीपुरी, केसर, आफताब अजहर, नूरूल हसन, मोहम्मद अफसर खां, विजेंद्र सिंह, अनित कुमार, उमर जमा, वेद प्रकाश श्रीवास्तव आदि जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं को उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अतिक्रमण के खिलाफ चला नगर पालिका का अभियान

मुहम्मदाबाद। स्थानीय नगर पालिका अंतर्गत क्षेत्र के चितबड़ागांव बस स्टैंड से लेकर रजिस्ट्री ऑफिस तक मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर पालिका द्वारा विशेष अभियान गया। इसके अंतर्गत जहां सड़क के दोनों नालियों पर दुकानों के सामान रखे गए थे ,उसे हटाया गया। इस अभियान में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विरेंद्र राव एवं पुलिस प्रशासन तथा नगर पालिका के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। सड़कों के आसपास ठेले वालों को और दुकानदारों को सड़क पर कब्जा करने वाले को हटाया गया। अधिकारियों ने भविष्य में अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी।अतिक्रमण हटाए जाने से सड़क पर चलने वाले राहगीरों और वाहनों को काफी राहत मिली है। लोगों का कहना है कि पहले सड़क पर जगह कम होने के कारण जाम और अव्यवस्था की समस्या होती थी लेकिन अब साफ सफाई से सड़क चौड़ी हो गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन कि इस करवाई की सराहना की और यह आशा कि की भविष्य में भी इस तरह का अभियान चलाया जाय। प्रशासन ने दुकानदारों और व्यापारियों को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में सड़क या नाली पर अतिक्रमण किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी । स्थानीय लोगों के अनुसार इस तरह का अभियान समय-समय पर चलने चाहिए ताकि सड़कों पर यातायात सुचारू रहे और लोग आराम से यात्रा कर सके।

अंतिम संस्कार में शामिल बुजुर्ग सड़क हादसे में गंभीर घायल

जमानियां। क्षेत्र के बड़ेसर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल होने आए नंदलाल कुशवाहा (70 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय शिवदास कुशवाहा तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब वह सड़क किनारे लघुशंका के लिए जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, गगरन निवासी और रेलवे से सेवानिवृत्त नंदलाल कुशवाहा बड़ेसर गंगा घाट पर एक शव के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए थे। लघुशंका के लिए सड़क पार करते समय तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।मौके पर मौजूद साथियों ने तुरंत उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया, जहां डॉक्टर रमेश रत्नाकर ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि टक्कर के कारण उनका एक पैर टूट गया है। इस घटना ने स्थानीय लोगों के बीच तेज रफ्तार वाहनों को लेकर चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया है। लोगों ने प्रशासन से इलाके में यातायात नियमों के सख्ती से पालन और निगरानी की मांग की है।

पुलिस टीम ने छह चोरों को पकड़ा, चोरी का सामान बरामद

जखनियां। कोतवाली भुड़कुड़ा पुलिस व थाना दुल्लहपुर पुलिस के संयुक्त प्रयास से छः चोरों को भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के शिव मंदिर के पास से सोमवार की रात 2:40 पर गिरफ्तार किया गया। क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा द्वारा बताया गया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व पर्यवेक्षण में कोतवाली भुड़कुड़ा पर पंजीकृत मुकदमा एवं थाना दुल्लहपुर पर पंजीकृत मुकदमा का सफल अनावरण करते हुए छः अभियुक्त गणों को जेल भेजा गया। गिरफ्तार हुए अभियुक्तो में आकाश वर्मा पुत्र अशोक वर्मा निवासी जखनियां गोविंद लखनदर उर्फ छोटू चौहान पुत्र रामजी चौहान निवासी शाहापुर सोम्मरराय,सतीश उर्फ चंदू चौहान पुत्र राजदेव चौहान निवासी रामबन, लविश कुमार पुत्र कैलाश प्रसाद निवासी मंझनपुर,श्रवण भारद्वाज पुत्र नंदलाल भारद्वाज निवासी ग्राम कौला जखनियां, कोतवाली भुड़कुड़ा व राजू उर्फ राजकुमार पटेल पुत्र जवाहर पटेल निवासी ग्राम गैबीपुर थाना सैदपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इन अभी अभियुक्तों के खिलाफ भुड़कुड़ा व दुल्लहपुर में मुकदमे दर्ज थे। इनके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल व घटना में प्रयुक्त लोहे की राड सहित एक हजार तीस रुपए नगद व गहने बरामद किए गए। गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, उपनिरीक्षक जगपति मिश्रा, देवेंद्र कुमार, विनय सिंह, रवि राय, सत्येंद्र कुमार, शशि भूषण शर्मा, अजय पटेल रहें। प्रभारी निरीक्षक भुड़कुडा. तारावती यादव ने बताया कि यह सभी शातिर किस्म के चोर थे जो पूरे क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। इनकी गिरफ्तारी से अब क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग जाएगा।

भुड़कुड़ा कोतवाली में चोरों को मीडिया के समक्ष पेश करते क्षेत्राधिकारी।

विद्युत निजीकरण का जताया विरोध, संषर्घ का लिया संकल्प

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन की मासिक बैठक मंगलवार को शाखा अध्यक्ष इं. मिथिलेश यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रस्तावित निजीकरण पर गहरा रोष व्यक्त किया तथा विभाग एवं परिवार के भविष्य को बचाने के लिए हर स्तर के संघर्ष का संकल्प लिया गया।

जिन आंकड़ों के आधार पर कॉरपोरेशन पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल डिस्कॉम का निजीकरण किया जा रहा है। उनकी विश्वसनीयता संदिग्ध है। अभी माह जुलाई 2024 में कॉरपोरेशन द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को प्रस्तुत आंकड़ों में राजस्व वसूली से लेकर लाइन हानियां रोकने,बेहतर विद्युत आपूर्ति तथा बिलिंग दक्षता आदि सभी पैरामीटर में उल्लेखनीय प्रगति की बात कही गई थी। तीन चार माह में ही विपरीत आंकड़े प्रस्तुत कर विभाग को ऋण जाल में फंसे होने की बात कहा जाना सच्चाई से परे मात्र आंकड़ों की बाजीगरी के सिवा कुछ नहीं है।

देश भर में सर्वाधिक 30000 मेगावाट (एक दिन में) की विद्युत आपूर्ति इन्हीं जूनियर इंजीनियर एवं विद्युत कर्मियों द्वारा की गई थी। इन सब के बाद भी उड़ीसा मॉडल पर निजीकरण किया जाना एक छलावा है। जिससे विद्युत उपभोक्ता, किसान, मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के व्यापारी एवं आम जनमानस पर महंगी बिजली खरीदने के लिए बाध्य होंगे साथ ही जूनियर इंजीनियर एवं विद्युत कर्मियों का भविष्य अंधकार मय हो जाएगा। ज्ञातव्य है की उड़ीसा मॉडल एक असफल प्रयोग है जहां पर आज भी विद्युत हानियां 20% के ऊपर हैं जबकि उत्तर प्रदेश में यह 19 प्रतिशत के आसपास हैं और वर्तमान में जारी रिवैंप आदि योजनाओं के पूर्ण होने पर लाइन हानियां 15 प्रतिशत पर आ जाएगी। सभा में मुख्य रूप से इं कमलेश प्रजापति, इं प्रमोद कुमार ने अपने विचार रखें अंत में जिला इकाई द्वारा सर्वसम्मति से निजीकरण के विरुद्ध अपने परिवार एवं विभाग को बचाने हेतु निजीकरण के विरुद्ध संगठन के प्रत्येक संघर्ष कार्यक्रम का पूरा समर्थन करने का प्रस्ताव पारित किया।

रोष

राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन की मासिक बैठक

जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन का किया निरीक्षण

गाजीपुर। भारत सरकार एवं राज्य सरकार की अति महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास खण्ड मनिहारी के ग्राम पंचायत रामपुर जीवन में पानी टंकी के कराये जा रहे कार्यो का जिलाधिकारी आयार्का अखौरी ने स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामवासियों से पानी की आपूर्ति एवं पाइप लिकेज की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत रामपुर जीवन में पानी टंकी के कन्ट्रोल पैनल रूम का निरीक्षण किया एवं उपस्थित अभिलेखों को जॉच कर दुरूस्त रखने को कहा। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में बिछायी गयी पाइप लाइन को खोदवाकर चेक किया। जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण को निर्देशित किया कि जिन घरों में अभी तक स्पलाई के पानी का कनेक्शन नही हुआ है, उन घरों मे जल्द से जल्द कनेक्शन देते हुए शुद्ध पेय जल की आपूर्ति की जाय। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिया कि कराये जा रहे कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी तथा पायी गयी कमियों को तत्काल सही कराया जाय। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम मो. कासिम हाशमी, कार्यदायी संस्था के कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सरकार जनसवालों पर ध्यान न देकर केवल ध्रुवीकरण की कर रही राजनीति

गाजीपुर। विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय आवहन पर 15 सूत्रीय मांगो को लेकर सरजू पाण्डेय पर्क में धरना दिया गया। वक्ताओं ने कहा की वर्तमान सरकार जनसवालों पर ध्यान न देकर केवल ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है। सदियों से भारत की साझी संस्कृति,साझी विरासत की गंगा जमुनी तहजीब को ध्वस्त कर रही है।शिक्षा,स्वास्थ्य महंगा है।भ्रष्टाचार चरम पर है। देश का सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी को बचाया जा रहा है । संसद को सत्तपाक्ष द्वारा हास्यास्पद बना दिया गया है।संसदीय परंपरा की धज्जिया उड़ाई जा रही है।यह सब सत्तपाक्ष कर रहा है। आरोप विपक्ष पर लगाया जा रहा है। जब की संसद में जनता, देश के प्रश्नों पर चर्चा की जानी चाहिए।प्रदेश की कानून व्यवस्था खत्म हो रही है। योगी राज में लूट का साम्राज्य कायम हो गया है। ऐसी दशा में जानता को सड़को पर उतर कर भीषण संघर्ष करना होगा।धरने को भा क पा राजयकार्यकारिणी सदस्य अमेरिका सिंह यादव, पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, पार्टी जिला सचिव जनार्दन राम, सह सचिव राम अवध, बच्चेलाल यादव, अवधनारायण, रामकेर यादव, भूमिधर राजभर, सुभाष, रामशुक्ला, मोहन प्रसाद,अजय मिश्रा आदि रहें।

मिजिल्स रूबेला-एक्यूड फ्लैसिड पैरालाइसिस से बचाव की दी जानकारी

रेवतीपुर सीएचसी में स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण में बोलते एसएमओ डाक्टर सलीम एम खान।

रेवतीपुर। सीएचसी में मंगलवार को प्रशिक्षण सभागार में फार्मासिस्ट, एलटी,और चिकित्साधिकारियों का मिजिल्स रूबेला और एक्यूड फ्लैसिड पैरालाइसिस (एएफपी) का एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गय। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सर्विलांस मेडिकल आफिसर डाक्टर सलीम एम खान ने किया। स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण में बोलते हुए मुख्य अतिथि और जिला सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डाक्टर सलीम एम खान ने कहा कि तीव्र शिथिल पक्षाघात (एएफपी) एक नैदानिक सिंड्रोम है,जिसमें मांसपेशियों में कमजोरी और स्वर में कमी आती है,यह एक ऐसी स्थिति है,जिसमें मांसपेशियों के टोन में अचानक कमी आती है,और पक्षाघात की शुरूआत होती है।

उन्होंने कहा कि एएफपी के कुछ लक्षण गले,पीठ में दर्द,अंगों में कमजोरी आदि समस्या होने लगती है,इसके पहचान के लिए 15 साल के छोटे बच्चों के मांसपेशियों के टोन में अचानक कमजोरी आने के कारण,जांच किया जाना बेहद आवश्यक है।सर्विलांस मेडिकल आफिसर डाक्टर सलीम एम खान ने कहा कि यह एक वायरल बिमारी है, जो बुखार और दाने का कारण बनती है, यह बीमारी अत्यधिक संक्रामक है, खसरे से पीड़ित व्यक्ति से बात करने, खांसने या छींकने से हवा के माध्यम से फैलता है। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर अमर कुमार, मेडिकल आफिसर डाक्टर मनीष कुमार, डाक्टर जितेंद्र कुमार, डब्लूएचओ के फील्ड मॉनिटर अनिल श्रीवास्तव, अंजनी कुमार, सिद्धार्थ सिंह, सूर्यभान, बीपीएम बबीता सिंह, अभिषेक उपाध्याय, आशुतोष सिंह, अजय कुमार के अलावा सभी चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट,एलटी आदि मौजूद रहे।

यू-डायस पर जानकारी अपडेट नहीं, स्कूलों में लगेगा ताला

जनसंदेश न्यूज

गहमर। यू डायस पोर्टल पर स्कूल, शिक्षक व विद्यार्थियों संबंधित जानकारी सभी स्कूलों को 10 दिसंबर तक प्रदर्शित करते हुए अपडेट करनी थी, लेकिन अधिकतर ने इसे पूर्ण करने की जरुरत नहीं समझी। बेसिक शिक्षा विभाग अवधि बीतने के बाद संचालन बंद कराने की तैयारी में है। जिसके लिए शासन स्तर से आदेश निर्गत किए जा चुके हैं।

शिक्षा क्षेत्र भदौरा में अब तक सिर्फ 106 निजी स्कूलों ने ही यू डायस कोड प्राप्त किया है। शैक्षिक सत्र 2024-25 के प्रारंभ होते ही शासन की ओर से प्रत्येक विद्यालय को यू डायस कोड प्राप्त कर इसके सहारे स्कूल, शिक्षकों और विद्यार्थियों की जानकारी को अपडेट करना था। बेसिक शिक्षा और माध्यमिक के स्कूलों ने तो यू डायस कोड त्वरित प्राप्त किया, लेकिन निजी स्कूलों और मदरसों ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। यू डायस नंबर स्कूल हासिल करें इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से कई बार निर्देश पर शिक्षा क्षेत्र के 106 निजी स्कूलों ने ही नंबर आवंटित कराकर अपने विवरण को अपडेट किया है। इसमें 33 विद्यालय विभाग की नजर में अभी तक यू डायस कोड प्राप्त करना जरुरी नहीं समझा जिसमें कुछ मदरसे भी शामिल हैं।

अब बेसिक शिक्षा विभाग ने ऐसे स्कूलों का संचालन बंद कराने के निर्देश दिए हैं। यू डायस नंबर न प्राप्त करने वाले और संपूर्ण जानकारी न अपडेट करने वाले स्कूलों को 10 दिसंबर तक का समय दिया गया है, अवधि के बाद जांच कर संचालन बंद कराते हुए शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। सीता राम यादव, खंड शिक्षा अधिकारी भदौरा।

यह है हाल

सिर्फ 106 निजी स्कूलों ने ही अब तक प्राप्त किया है कोड

ट्रक के धक्के से स्थल क्षतिग्रस्त

दुल्लहपुर। क्षेत्र के कुदनापुर चहुमुहानी पर बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने केलिए बनाएं गए छत के पीलर ट्रक के धक्का से क्षतिग्रस्त हो गया।

गुस्साएं ग्रामीणों ने ट्रक मालिक को बुलाकर मुआवजा की मांग करने लगे। मुआवजा की रकम तय होने पर आपसी बातचीत के बाद मामला शांत हो गया। बतादें कि बोगन के तरफ से बालू लदे ट्रक कोटिया की तरफ जा रहा था। इस दौरान ट्रक चालक द्वारा ट्रक को कूदनापुर चहुमुहानी पर पीछे करने का प्रयास किया गया। पीछे करने के दौरान चार मुहाने पर पहले से स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने के लिए जगह चिन्हित की गई थी। जहां पर पक्के छत का निर्माण किया गया था। उसी छत पर ट्रक को बैक करने के दौरान पीछे से जाकर के ट्रक टकरा गई। जिस वजह से छत का चारों पिलर चटक गया और छत पर चढ़ने वाली सीढ़ी भी लगभग एक फीट से अधिक पीछे खिसक गया।

बेखौफ : बिना डिग्री और पंजीकरण खोल लिया अस्पताल, पकड़े जाने पर कागजी सवाल

गाजीपुर। रौजा, मुहम्मदाबाद, दिलदारनगर, बिरनो, नंदगंज, शादियाबाद रोड पर हॉस्पिटल बिना पंजीकरण के ही संचालित हो रहा था। इन हास्पिटल में जच्चा-बच्चा सहित कई मरीजों की मौत हो चुकी है। विभाग की जांच में भी इसका खुलासा हुआ। जबकि, एक अन्य हॉस्पिटल में भी अप्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ और पंजीकरण में दर्ज चिकित्सक की गैर मौजूदगी जैसी अनियमितताएं भी उजागर हुईं हैं। इन मामलों में विभाग ने केवल नोटिस जारी कर अपना कोरम पूरा कर लिया। यह मामला तो बानगी भर है। शहर से लेकर गांव तक कस्बों में बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल, पैथालॉजी सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। बिना डिग्री के 'मुन्ना भाईयों' ने अस्पताल खोल रखे हैं। मगर जांच के नाम पर सिर्फ कोरम और कार्रवाई में स्पष्टीकरण तक विभाग सीमित है। हालत यह है कि ऐसे बिना पंजीकरण के संचालित होने वाले अस्पतालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। डिग्री न पंजीयन दवा, जांच, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड से लेकर ऑपरेशन तक का धंधा खूब फल-फूल रहा है। कोई रोकटोक न होने से इनके हौसले भी बढ़ते जा रहे हैं। यदा-कदा विभागीय जांच में पकड़े भी गए तो इनके लिए चिंता करने जैसी कोई बात नहीं है। क्योंकि, विभागीय कार्रवाई सिर्फ स्पष्टीकरण तलब करने तक ही सिमट कर खत्म हो जाती है। यहीं वजह है बिना पंजीयन के निजी अस्पताल, जांच सेंटर और दवाखाना खोलने का चलन तेजी से बढ़ा है। जन स्वास्थ्य की परवाह किए बगैर अयोग्य लोग दवा-इलाज की पूरी जिम्मेदारी का दावा कर रहे हैं और लोगों की जिंदगी के साथ खेल रहे हैं। मई से नवंबर तक स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षण में अपंजीकृत अस्पतालों की लंबी फेहरिस्त तैयार हुई है। शहर से लेकर कस्बों तक 15 से अधिक निजी अस्पताल बिना पंजीकरण के संचालित होते पाए गए। इसके अलावा आधा दर्जन से अधिक पैथोलॉजी सेंटर, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड सेंटर भी बिना पंजीयन के चलाए जा रहे थे। जांच और इलाज के इन ठिकानों पर बिना डिग्री वाले डॉक्टर साहब और पैरामेडिकल स्टाफ भी मौ

जनसंपादकीय

दावों और हकीकत के बीच भ्रमित समाज

तनवीर जाफरी



बावजूद इसके कि मेडिकल साइंस काफी तरक़्क़ी कर चुकी है और नित्य होने वाले अनुसंधानों ने लगभग सभी रोगों के क्षेत्र में सकारत्मक परिणाम भी दिये हैं। यहाँ तक कि कैंसर नामक सबसे घातक बीमारी के क्षेत्र में भी हुये अनेक नए शोध व अनुसंधानों ने कैंसर के मरीजों के इलाज में भी सकारात्मक परिणाम हासिल किये हैं। उसके बावजूद अभी भी कैंसर को दुनिया के सबसे खतरनाक व जानलेवा मर्जों के रूप में गिना जाता है। निश्चित रूप से कीमियो/थेरेपी में निरंतर आ रहे सुधारों की कारण बचपन में होने वाले कैंसर के बाद जिंदा रहने वालों की दर में बढ़ोतरी हुई है। यह अमेरिका में अब औसतन 80% या उससे ज्यादा है। हालांकि, दूसरे कैंसर के मामलों में रोग का निदान न होने से हालात अब भी बेहतर नहीं हुए हैं। यही वजह है कि अभी भी वैज्ञानिक कैंसर की आनुवंशिक वजहों और कैंसर कोशिकाओं के खास लक्षणों के बारे में ज्यादा जानने की कोशिश में जुटे हैं। खासतौर पर जब कोई मरीज चौथे स्तर के कैंसर से जूझ रहा होता है तो उसके स्वास्थ्य सुधार की संभावना बेहद कम हो जाती है।

परन्तु हमारे देश में इस खतरनाक मर्ज का इलाज करने के लिये भी विभिन्न स्तरों पर तरह तरह के दावे पेश किये जाते हैं। कैंसर का इलाज निश्चित रूप से मंहगा इलाज है। इसलिये जब किसी गरीब परिवार का सदस्य कैंसर का शिकार हो जाता है और वह धनाभाव के चलते इसका मेडिकल उपचार नहीं करा सकता तो ऐसे गरीब लोगों का इलाज करने के नाम पर लोगों का नेटवर्क पूरे देश में सक्रिय है। कोई जड़ी बूटियों से कैंसर का इलाज करने का दावा करता है तो कोई गोमूत्र या इससे बनी दवाइयां बताकर अपना धंधा चला रहा है। कोई झाड़फूंक में कैंसर का निदान बताता है। हमारे देश में तमाम अनपढ़ अशिक्षित किस्म के लोग और वैद हकीमी का दावा करने वाले अनेकानेक नीम हकीम कैंसर से जूझने वाले मरीजों को गुमराह करने में लगे रहते हैं। इन्हीं मरीजों में कई ऐसे भी होते हैं जो धन संपन्न होने के कारण अपना मेडिकल इलाज भी कराते रहते हैं साथ ही अपने विश्वास के अनुरूप अन्य तरीके के इलाज भी करते रहते हैं। दरअसल आज भी देश का एक बड़ा वर्ग जोकि ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं है, जिसके कारण मरीज अक्सर डॉक्टर से सलाह लेने के बजाय हर्बल नुस्खों का सहारा लेते हैं। ₹ परन्तु ऐसे मामलों में दिक़्क़त तब खड़ी हो जाती है जब एलोपैथी के ईलाज से स्वास्थ्य लाभ पाने वाला मरीज अपने आरोग्य लाभ का श्रेय एलोपैथी प्रणाली या मेडिकल साइंस को देने के बजाये अन्य देसी इलाजों या उपायों अथवा प्रकृतिक स्त्रोतों को देने लगता है। खासकर समाज के लिये उस समय असमंजस्य की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जब इस तरहके दावे किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति,जनप्रतिनिधि अथवा यशस्वी व्यक्ति द्वारा किये जायें।

उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों पूर्व क्रिकेटर व कांग्रेस के नेता नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा अपने अमृतसर स्थित आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर यह दावा किया गया कि -'उनकी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू जोकि खुद भी एक डॉक्टर हैं,ने अपने आहार में कुछ चीजें शामिल करके स्टेज चार के लाईलाज कैंसर जैसे मर्ज पर काबू पा लिया है। सिद्धू ने यह घोषणा की कि उनकी पत्नी अब कैंसर से मुक्त हो चुकी हैं। सिद्धू के अनुसार चूंकि उनकी पत्नी के आहार में नींबू पानी, कच्ची हल्दी, सेब का सिरका, नीम की पत्तियां, तुलसी, कद्दू, अनार, आंवला, चुकन्दर और अखरोट जैसी चीजें शामिल थीं, जिससे वह स्वस्थ हो गईं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में किये गये सिद्धू के इन दावों के बाद से ही यह सवाल उठने लगा था कि क्या कच्ची हल्दी, नींबू पानी और नीम की पत्तियों जैसी साधारण आयुर्वेदिक चीजों से भी कैंसर जैसे मर्ज से मुक्ति पाई जा सकती है ? सिद्धू की इस आत्मविश्वास पूर्ण प्रेस वार्ता के बाद सोशल मीडिया पर सिद्धू के दावों को लेकर बहस छिड़ी तो आखिरकार टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई के 262 कैंसर विशेषज्ञों समेत अनेक पूर्व कैंसर विशेषज्ञों को सामने आना पड़ा। इन सभी कैंसर विशेषज्ञों ने सिद्धू के दावों से पूरी तरह असहमति जताई और कहा कि इन बयानों का समर्थन करने का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। इन कैंसर विशेषज्ञों ने लोगों से अपील भी की कि वे अप्रमाणित उपचारों का पालन न करें और अपने इलाज में देरी न करें। बल्कि, यदि किसी को अपने शरीर में कैंसर के कोई भी लक्षण महसूस होते हैं, तो उनको डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। और यह सलाह भी एक कैंसर विशेषज्ञ से लेनी चाहिए।

इससे पहले मध्य प्रदेश की पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर जोकि स्वयं कैंसर से पीड़ित थीं और कैंसर विशेषज्ञों के उपचाराधीन थीं। परन्तु जब उन्हें दवा इलाज से आंशिक स्वास्थ्य लाभ मिला तो उन्होंने इसका श्रेय मेडिकल उपचार को देने के बजाये 'गाय के शरीर पर हाथ फेरने' को दे दिया। प्रज्ञा ठाकुर ने बाकायदा टी वी कैमरे के सामने गाय पर हाथ फेर कर यह भी बताया कि स्वास्थ्य लाभ पाने के लिये गाय पर हाथ फेरने का सही तरीका क्या है ? इस तरह के निराधार दावे यदि आम लोगों की तरफ से किये जाएँ तो भले ही लोग उस पर तवज्जोह न दें परन्तु जब यही बातें किसी सेलेब्रेटी द्वारा की जाने लगें तो आम लोगों में ऐसे दावों पर चर्चा होना स्वाभाविक है। समाज में ऐसे दावों को लेकर केवल चर्चा ही नहीं होती बल्कि ऐसे सेलेब्रेटीज के अनेक प्रशंसक भी उन अप्रमाणित दावों के पीछे चल पड़ते हैं। वे ऐसे दावों पर तुरंत विश्वास कर लेते हैं। और खुद भी ऐसे ही अप्रमाणित इलाज करने की कोशिश करते हैं।यह कदम बहुत ही हानिकारक हो सकता है। क्योंकि कैंसर का इलाज तभी संभव है जबकि इसका इलाज सही समय पर शुरू कर दिया जाये। परन्तु वे अप्रमाणित इलाज के चक्करों में पड़कर सही समय पर शुरू होने वाले उपयुक्त इलाज से महरूम रह जाते हैं और कैंसर जैसा जानलेवा मर्ज धीरे धीरे शरीर में अपनी जड़ें और भी गहरी कर लेता है। इसलिये किसी भी प्रतिष्ठित व यशस्वी व्यक्ति को ऐसे अप्रमाणित व निराधार दावों से बचना चाहिये क्योंकि समाज ऐसे दावों और हक़ीकत के बीच भ्रमित रहता है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं,
संपर्क - 9896219228)

(इंडिया गटबंधन में दरार दिखने लगी है। राजद और शिवसेना ने गठबंधन के नेतृत्व के लिए ममता बनर्जी के प्रति अपनी पसंद जतायी है। उद्धव ठाकरे की पार्टी ने अपने मुखपत्र 'सामना' में एक संपादकीय में कहा, "पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी कांग्रेस से दूरी बना रही हैं, और अब अरविंद केजरीवाल भी वही रास्ता अपना रहे हैं। यह कांग्रेस के लिए आत्ममंथन का समय है, और विपक्षी एकता को लेकर गंभीर कदम उठाने की जरूरत है।" विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर भी उसे चुनौतियां मिल रही हैं। आने वाले चुनाव विपक्षी गठबंधन के भविष्य के लिए भी अहम और निर्णायक होंगे। विपक्ष की मजबूती उसके खुद के लिए ही नहीं, एक मजबूत लोकतंत्र के लिए भी जरूरी है।)

विपक्षी एकता मुश्किल में

राजनीति

रोहित माहेश्वरी

अडानी मामले पर विपक्ष लगातार संसद में चर्चा की मांग कर रहा है। संसद परिसर में विपक्षी पार्टियों द्वारा विरोध प्रदर्शन भी किया जा रहा है। कांग्रेस और कुछ विपक्षी दल संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग कर रहे हैं? यदि अडानी समूह ने कुछ गलत किया है, तो वह अमेरिकी अदालत तय करेगी और दंडित करेगी। संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चले, इस पर स्पीकर ओम बिरला की अध्यक्षता में सभी दलों में सहमति तो बनी थी, लेकिन वह कारगर कब होगी? बीते 3 दिसम्बर को भी दोनों सदनों में हंगामा हुआ, विपक्ष नारेबाजी करता हुआ अध्यक्ष के आसन तक भी पहुंचा, लिहाजा वह सर्वदलीय सहमति फर्जी लगी।

'अडानी कांड' पर ही विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन में दरारें उभरी हैं। 'इंडिया' में सर्वसम्मति कभी नहीं रही। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के आवास पर 'इंडिया' के सहयोगी दलों की जो बैठक हुई थी, उसमें तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भाग नहीं लिया। वे लगातार मानते रहे हैं कि संसद की कार्यवाही सुचारू चलनी चाहिए। अदाणी ऐसा मुद्दा नहीं है, जिस पर संसद की कार्यवाही स्थगित करने को बाध्य होना पड़े। सपा नेता अखिलेश यादव के साथ 37 सांसद लोकसभा में हैं। उनके लिए संभल क्षेत्र की सांप्रदायिक हिंसा और आम नागरिकों की मौत 'नरसंहार' से कम नहीं है। आखिर हरेक जामा मस्जिद के नीचे हिंदू मंदिर दफन के ऐतिहासिक अतीत को क्यों खोदा जाए? ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के 29 सांसद लोकसभा में हैं। उनके लिए बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, विपक्ष द्वारा शासित राज्य सरकारों के प्रति केंद्र सरकार का सौतेला और भेदभाव वाला रवैया, केंद्र द्वारा पूंजी का अपर्याप्त आवंटन आदि बेहद महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिन पर संसद में बहस होनी चाहिए। तृणमूल के लिए 'अदाणी कांड' बेमानी, फिजूल है।

सपा और तृणमूल इस राजनीति के भी पक्षधर नहीं हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और अडानी परस्पर पूरक हैं। हालांकि कांग्रेस, 'आप', राजद, शिवसेना (उद्धव), द्रमुक और वामदलों के सांसदों ने संसद भवन के 'मकर द्वार' की सीढ़ियों पर विरोध-प्रदर्शन किया, लेकिन सपा और तृणमूल कांग्रेस उसमें शामिल नहीं हुए। सवाल यह है कि क्या संसद में 'इंडिया' गठबंधन विभाजित हो चुका है?

संभल मुद्दे पर भी सपा और कांग्रेस के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। सपा ने कांग्रेस पर संसद में मुद्दा न उठाने का आरोप लगाया है। समाजवादी पार्टी के रामगोपाल वर्मा ने कहा कि जब संसद में इस मुद्दे को नहीं उठाया गया, तो अब वहां जाने का क्या मतलब है? यह बयान विपक्षी एकता में दरार को दशार्ता है. कांग्रेस और सपा के बीच इस मुद्दे पर तनाव स्पष्ट है। रामगोपाल वर्मा ने कहा की समाजवादी पार्टी ने पहले ही संभल जाने का निर्णय कर लिया था। राहुल गांधी अब देरी से क्यों जा रहे हैं ? ये पहला मौका नहीं है जब समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से किनारा किया है। संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में समाजवादी पार्टी अडानी मुद्दे पर भी कांग्रेस से साथ खड़ी नजर नहीं आई।

खरगे की ओर से संसद में विपक्ष की संयुक्त रणनीति तय करने के लिए बुलाई गई सहयोगी दलों के नेताओं की बैठक में नहीं जाने पर तृणमूल कांग्रेस ने कोई टीका-टिप्पणी नहीं की। मगर मेघालय उपचुनाव में टीएमसी के कांग्रेस से आगे रहने के बहाने इशारों में ही कांग्रेस पर तंज कसने से गुरेज नहीं किया। मेघालय विधानसभा की एक सीट के उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार की जीत और टीएमसी प्रत्याशी के दूसरे नंबर पर रहने की पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के एक्स पोस्ट को साझा करते हुए राज्यसभा में टीएमसी के नेता डेरेक ओब्रायन ने यह निशाना साधा। डेरेक ने कहा कि टीएमसी उम्मीदवार मेघालय में दूसरे नंबर पर है पर तीसरे पर कौन, इस बारे में काफी कुछ कहा जा चुका है। कुछ सौ वोटों के अंतर की वजह से कांग्रेस उम्मीदवार के तीसरे नंबर पर रहने का स्क्रीनशॉट भी डेरेक ने पोस्ट में साझा किया।

तृणमूल और शिवसेना यूबीटी के अलावा साझा रणनीति संबंधी खरगे की बैठक में आईएनडीआईए के अन्य तमाम दलों के नेता शामिल हुए और निर्णय लिया गया कि अडानी समूह में कथित भ्रष्टाचार का मुद्दा बेहद गंभीर है जिस पर जेपीसी का गठन किया जाना जरूरी है।

उद्धव ठाकरे की पार्टी ने अपने मुखपत्र 'सामना' में एक संपादकीय में कहा, 'पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी कांग्रेस से दूरी बना रही हैं, और अब अरविंद केजरीवाल भी वही रास्ता अपना रहे हैं। यह कांग्रेस के लिए आत्ममंथन का समय है, और विपक्षी एकता को लेकर गंभीर कदम उठाने की जरूरत है।'

चुनावों के दौरान 'इंडिया' के कई घटक दलों ने अलग-अलग चुनाव लड़े, लिहाजा सवाल है कि क्या अब ह्यइंडियाह्न भीतरी तौर पर भी एक बंटा हुआ गठबंधन है? संसद की कार्यवाही बेशकीमती है, क्योंकि वह देश के निर्वाचित सांसदों का सबसे बड़ा सदन है। संसद की कार्यवाही स्थगन से कितना पैसा बर्बाद होता है, अब यह उतना संवेदनशील मुद्दा नहीं रहा, क्योंकि इसकी चर्चा बार-बार की जाती है, लेकिन यह चिंतित करने वाली स्थिति है कि 5 दिन में लोकसभा सिर्फ 69 मिनट और राज्यसभा 94 मिनट ही काम कर पाई। क्या संसद नारों और हंगामे का ही सदन बन गया है?

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

गठबंधन में बढ़ती मुश्किलें

ललित गर्ग

विपक्षी गठबंधन इंडिया की मुश्किलें बढ़ रही हैं। दिल्ली, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से आ रही खबरों से साफ होता है कि इंडिया गठबंधन में सब कुछ सही नहीं चल रहा। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पड़ रही है। एक-दूसरे के खिलाफ असंतोष, दोषारोपण और बयानबाजी विपक्षी एकता के लिए बिल्कुल भी शुभ संकेत नहीं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रभावी प्रदर्शन एवं परिणामों के कारण ही वह अधिकारपूर्वक इंडिया का नेतृत्व अपने हाथों में ले पायी। लेकिन कांग्रेस की ओर से ऐसी कोई मजबूत एवं प्रभावी पहल बाद में हुए हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, जम्मू-कश्मीर आदि प्रांतों के चुनावों में देखने को नहीं मिली, राज्यों के विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन का हिस्सा होते हुए भी पार्टियों ने अपनी क्षेत्रीय जरूरत को सर्वोपरि रखते हुए फैसले लिए जो गठबंधन की प्रतिबद्धताओं पर प्रश्न लगाती है। अडानी मुद्दे को लेकर शीतकालीन संसद सत्र में इंडिया गठबंधन में दरार दिखने लगी है। कांग्रस और राहुल गांधी लगातार संसद में हंगामा कर रहे हैं, सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई है। वहीं, गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी और टीएमसी कांग्रेस से अलग अपना रुख दिखा रहे हैं। ये दोनों दल ही 66 सांसदों के साथ गठबंधन के मजबूत आधार है।

इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले भाजपा का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन का शानदार प्रदर्शन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। हरियाणा विधानसभा चुनावों में हमने देखा कि इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी थी और वहां भाजपा ने शानदार जीत हासिल की। महाराष्ट्र में भी इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। आप ने तो कांग्रेस से दूरी बनायी ही है, अन्य दल भी दूरियां बना रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस एवं आप के बीच सहमति नहीं पायी है। आप ने समझ लिया है कि गठबंधन से कांग्रेस को ही फायदा अधिक होता है। इस तरह गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक छंटते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। कांग्रेस, आप एवं भाजपा के त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिला है और आगे भी ऐसा ही होने की संभावनाएं है।

महाराष्ट्र चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया बिखरा हुआ ही प्रतीत हुआ, सपा ने शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से नाराजगी की बात कहते हुए महाविकास अघाड़ी गुट से नाता तोड़ा, भले इससे राज्य की सियासत पर असर न पड़ा हो, लेकिन इसके गहरे राजनीतिक मायने हैं। इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का इंडिया को लीड करने की इच्छा जाहिर करना भी बहुत कुछ कहता है। इन दोनों की नाराजगी गठबंधन के नेतृत्व और इस तरह से सीधे कांग्रेस को लेकर है। विभिन्न राज्यों में जहां-जहां इंडिया गठबंधन दलों की सरकारें हैं, वे अडानी जैसे मुद्दों से दूरी बनाना चाहती हैं। ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदानी मामले को तूल दिया जाए। कांग्रेस को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि गत दिवस ही माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बंदरगाह के विकास के लिए अडानी समूह के साथ एक पूरक समझौते को अंतिम रूप दिया। साफ है कि माकपा भी अडानी मामले में कांग्रेस के रुख से सहमत नहीं। आखिर राहुल गांधी यह सब क्यों नहीं देख पा रहे हैं?

शीतकालीन सत्र में अडानी मामले पर कांग्रेस और टीएमसी ने अलग राह पकड़ ली। दरअसल, यह टकराव राष्ट्रीय राजनीति में फिर से मजबूत होने की कोशिश कर रही कांग्रेस और अपनी खोयी राजनीतिक जमीन को पाने के लिए लड़ रहीं क्षेत्रीय राजनीति की धुरंधर पार्टियों के बीच का ज्यादा है। कुछ अरसा पहले ही यूपी में उपचुनाव को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच जैसी असहज स्थिति बनी थी, वैसा सहयोगियों के बीच तो नहीं होता। महाराष्ट्र चुनाव के दौरान भी सहयोगी दलों में तालमेल की कमी होने की बात सामने आई थी। बंगाल में पहले ही कांग्रेस और टीएमसी एक-दूसरे के विरुद्ध हैं। इसी तरह, दिल्ली में आप और कांग्रेस में गठजोड़ नहीं है। यह कैसा गठबंधन है, जिसमें इतने अंतर्विरोध एवं असहमतियां हों। जहां पार्टियां आम चुनाव में साथ हों, लेकिन राज्यों के चुनाव में आमने-सामने। ऐसे में इन दलों के समर्थकों की उलझन की सहज की कल्पना की जा सकती है।

विपक्ष के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि आम चुनाव के बाद वह जितना एकजुट और मजबूत नजर आ रहा था, अब उतना ही बिखरा एवं अलग-थलग होता हुआ दिख रहा है। जम्मू-कश्मीर और झारखंड की जीत इतनी बड़ी नहीं है, जो बाकी हार को छुपा सके। इन दोनों राज्यों में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया की जीत में क्षेत्रीय दलों की बड़ी भूमिका रही और कांग्रेस की कम। इसलिए अब विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर भी उसे चुनौतियां मिल रही हैं। आने वाले चुनाव विपक्षी गठबंधन के भविष्य के लिए भी अहम और निर्णायक होंगे। विपक्ष की मजबूती उसके खुद के लिए ही नहीं, एक मजबूत लोकतंत्र के लिए भी जरूरी है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

गीतकार प्रदीप ने गुलाम भारत में अंग्रेजों को ललकारा

स्मृति दिवस पर

जाहिद खान

हिंदी सिनेमा में गीतकार प्रदीप वह हस्ती हैं, जो अपने देश प्रेम और देशभक्ति गीतों की वजह से सारे देश में जाने-पहचाने जाते हैं। उनका एक नहीं, कई ऐसे गीत हैं जिन्हें सुनकर देशप्रेम का जज्बा जाग उठता है और देशवासी देश पर मर मिटने के लिए तैयार हो जाते हैं। साल 1943 में फिल्म 'किस्मत' में लिखे उनके क्रांतिकारी गीत 'दूर हटो ऐ दुनिया वालों...' की लोकप्रियता से घबराकर, बर्तानिया हुकूमत ने गीतकार प्रदीप के खिलाफ गिरफ़्तारी वारंट जारी कर दिया था। जिसके चलते प्रदीप कई दिनों तक अंडरग्राउंड रहे, लेकिन न तो फिल्म से यह गाना हटाया गया और न ही उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत से माफी मांगी। उस जमाने में यह गीत इस कदर लोकप्रिय हुआ कि सिनेमाघरों में दर्शक इसे बार-बार सुनने की फरमाइश करते थे। आलम यह था कि दर्शकों की फरमाइश पर फिल्म के आखिर में इस गीत को दोबारा सुनाया जाने लगा। किसी फिल्मी गीत के जानिब ऐसी दीवानगी फिर कभी दिखाई नहीं दी। गीतकार प्रदीप के देशभक्ति गीत की बात हो, और 'चल चल रे नौजवान...' का जिक्र न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। फिल्म 'बंधन' (1940) में लिखे उनके इस गीत को, तो राष्ट्रीय गीत का मर्तबा मिला। वह दौर, देश की गुलामी का दौर था। सिंध और पंजाब असेंबली ने इस गीत को राष्ट्रीय गीत की मान्यता दे दी और ये गीत वहां की असेंबली में गाया जाने लगा। अदाकार बलराज साहनी, उस वक़्त लंदन में बीबीसी हिंदी रेडियो में एनाउंसर थे, वे भी इस गीत को वहां प्रसारित करने से अपने आप को नहीं रोक पाये। स्वतंत्रता दिवस हो या गणतंत्र दिवस 'ऐ मेरे वतन के लोगों...' गीत के बिना अधूरा होता है। देश की गली-गली, चौराहों, सरकारी समारोह में यह गीत जरूर सुनाई देता है। 27 जनवरी, 1963 की शाम राजधानी दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में जब लता मंगेशकर ने इस देशभक्ति से ओतप्रोत गीत को पहली बार गाया, तो कार्यक्रम में मौजूद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के साथ-साथ सभी लोगों की आंखें नम हो गई थीं। आज भी जब कभी यह गीत बजता है, तो हर देशवासी की यही हालत होती है।

साल 1954 में आई फिल्म 'जागृति' में भी गीतकार प्रदीप ने कई यादगार गीत लिखे। 'आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की...', 'हम लाए हैं तूफान से कश्ती निकाल के...,' और 'दे दी हमें आजादी बिना खड़ग बिना ढाल...' आदि गीतों ने बच्चों में जितनी धूम उस जमाने में मचाई थी, उतनी ही मकबूलियत आज भी कायम है। एक के बाद एक आये इन देशभक्ति भरे गीतों ने कवि प्रदीप को राष्ट्रकवि का मर्तबा दिला दिया। प्रदीप को सिर्फ.देशभक्ति भरे गीत लिखने में ही अकेले महारत नहीं थी, बल्कि उन्होंने अनेक धार्मिक और दार्शनिक गीत भी सफलता से लिखे। उनकी मधुर आवाज ने इन गीतों को और नई ऊंचाईयां दीं। 'देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान' (फिल्म-नास्तिक), 'तेरे द्वार खड़ा भगवान' (फिल्म-वामन अवतार), 'काहे को बिसारा हरी नाम...', 'माटी के पुतले...' (फिल्म-चक्रधारी), 'पिंजरे के पंक्षी रे...' (फिल्म-नागमणि), 'कोई लाख करे चतुराई...' (फिल्म-चंडीपूजा), 'दूसरों का दुखड़ा दूर करने वाले' (फिल्म-दशहरा), 'मुखड़ा देख ले प्राणी' (फिल्म-दो बहन), 'सुख दुःख दोनों रहते' (फिल्म-कभी धूप कभी छांव)। प्रेरणास्पद गीत लिखने में भी प्रदीप का कोई सानी नहीं था। फिल्म 'पैगाम' का 'इंसान का इंसान से हो भाईचारा...' और फि ल्म 'संबंध' का 'चल अकेला चल अकेला तेरा मेला पीछे छूटा....' ऐसे ही कुछ नगमें हैं, जिनके जरिए उन्होंने समाज को एक पैगाम देने की कोशिश की। यह गाने आज भी अंधेरे में हमें एक नई राह दिखलाते हैं।

कवि प्रदीप ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री हासिल की। अपने कॉलेज के दिनों में वह आनंद भवन के नजदीक रहते थे। पं. जवाहरलाल नेहरू का घर होने की वजह से यह स्थान उस वक़्त सियासत का मरकज था। जहां आये दिन सियासी बैठकें होती रहतीं। नौजवान रामचन्द्र नारायण द्विवेदी भी इनमें शामिल होते। उन्हें बचपन से ही लिखने का भी बड़ा शौक था। साहित्यिक दिलचस्पी बढ़ी, तो गीत-कविताएं लिखने लगे। इलाहाबाद के साहित्यिक वातावरण ने उनके इस शौक को और बढ़ाया। वह कवि सम्मेलनों में शिरकत करने लगे और उन्होंने अपना उपनाम 'प्रदीप' रख लिया। अपने उत्कृष्ट लेखन और सुरीली आवाज से वह थोड़े से ही अरसे में साहित्यिक जगत में लोकप्रिय हो गए। यहां तक कि महाकवि निराला भी उनके गीत-कविताओं की तारीफ करने से अपने आप को नहीं रोक पाए। कवि प्रदीप फिल्मों में कैसे आये ?, इसका मुख़्तार सा कि स्सा कुछ इस तरह से है, एक बार वह कवि सम्मेलन के लिए मुंबई गए, तो उनकी मुलाकात 'बॉम्बे टॉकीज' से जुड़े निर्देशक एनआर आचार्य से हुई। उन्होंने प्रदीप को 'बॉम्बे टॉकीज' के मालिक हिमांशु रॉय से मिलवाया। उन्होंने प्रदीप को अपनी फिल्म 'कंगन' के लिए साइन कर लिया। हर महीने उनकी तनख़्वाह 200 रुपए मुकर्रर की गई। जाहिर है वह इस नौकरी के वास्ते मुम्बई में ही शिफ़्ट हो गए। बतौर गीतकार प्रदीप ने इस फिल्म में चार गाने लिखे और इनमें से तीन को अपनी आवाज भी दी। साल 1939 में आई इस फि ल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिल्वर जुबली मनाई। फिल्म में उनके लिखे गीत 'हवा तुम धीरे बहो...', 'हम आजाद परिंदों को..' खूब़ लोकप्रिय हुए।

'कंगन' फिल्म की कामयाबी के बाद गीतकार प्रदीप 'बॉम्बे टॉकीज' का अभिन्न हिस्सा हो गए। बाद में 'बॉम्बे टॉकीज' की ही फिल्म 'बंधन', 'पुनर्मिलन', 'झूला', 'नया संसार' और 'किस्मत' में भी उन्होंने गाने लिखे। अपने गानों की वजह से इन फिल्मों ने एक नया इतिहास रचा। यह वह दौर था, जब देश में चारों और 'भारत छोड़ो आंदोलन' की गूंज थी। प्रदीप के लिखे गीत 'दूर हटो ऐ दुनियावालों हिंदुस्तान हमारा है' ने उन्हें बड़ा गीतकार बना दिया। 'भारत छोड़ो आंदोलन' में ये गीत सत्याग्रहियों के लिए एक नारा बन गया था। फिल्म 'किस्मत' के बाकी गीत भी सुपर हिट साबित हुए। खास तौर से 'धीरे-धीरे आ रे बादल...', 'पपीहा रे मेरे पिया से', 'अब तेरे सिवा कौन मेरा..' गानों ने देश के घर-घर में धूम मचा दी। अपने गीत-संगीत की वजह से ही 'किस्मत' देश की पहली गोल्डन जुबली फिल्म बनी। फिल्म 'पैगाम' में प्रदीप ने अलग ही रंग के गीत लिखे। खास तौर पर 'ओ अमीरों के परमेश्वर'। इस गाने के जरिये उन्होंने अमीरों की दुनिया में गरीबों की परेशानियों को बड़े ही संवेदनशीलता से दिखलाया है, 'ऐसा लगता गरीबों के जग में/आज रखवाला कोई नहीं/ऐसा लगता के दुखियों के आंसू/पोछने वाला कोई नहीं/ओ अमीरों के परमेश्वर।'

साल 1954 में आई फिल्म 'नास्तिक' के गीतों से प्रदीप को धार्मिक गीतकार के तौर पर नई पहचान मिली। इस फि ल्म में उन्होंने न सिर्फ.गीत लिखे, बल्कि उन्हें गाया भी। जाहिर है कि यह फिल्म भी कामयाब रही। साल 1975 में आई छोटे बजट की फिल्म 'जय मां संतोषी' भी गीतकार प्रदीप के गीतों की वजह से पूरे देश में खूब चली। 'मैं तो आरती उतारूं मां', 'यहां वहां जहां तहां', 'करती हूं मैं तुम्हार व्रत मैं' और 'मदद करो संतोषी मां' फिल्म के सारे गानों ने लोकप्रियता की नई मिसाल पेश की। साल 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान कवि प्रदीप ने सैनिकों की शहादत और उनके सम्मान में 'ऐ मेरे वतन के लोगों....' लिखा। इस गाने को पूरे देश में क्या मकबूलियत मिली, अब यह एक इतिहास है। कवि प्रदीप के ही सुझाव पर इस गाने से हुई कमाई को युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं के कल्याण के लिए दिया जाता है।

गीतकार प्रदीप ने इकहत्तर फिल्मों में तकरीबन सत्रह सौ गाने लिखे। साल 1958 में एचएमवी ने उनकी तेरह कविताओं से सजा एक एलबम 'राष्ट्रकवि' निकाला। प्रदीप वैसे तो कई पुरस्कार-सम्मानों से नवाजे गए। साल 1961 में उन्हें 'संगीत नाटक अकेदमी अवार्ड' तो साल 1997 में उन्हें भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित सम्मान 'दादा साहेब फाल्के सम्मान' से नवाजा गया। मध्य प्रदेश जहां प्रदीप ने जन्म लिया, यहां की सरकार ने उनकी स्मृति में 'राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान' स्थापित किया है। जो हर साल किसी गीतकार को दिया जाता है। 'राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' और 'संत ज्ञानेश्वर सम्मान' से भी वह सम्मानित किए गए, लेकिन देश की सरकारों ने उन्हें अपने सबसे बड़े नागरिक सम्मानों 'पद्म श्री', 'पद्म भूषण' आदि के काबिल नहीं समझा। जबकि उनसे कई दर्जे जूनियर और कम प्रतिभावान लोगों को इन सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। आज भले ही गीतकार प्रदीप हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपने देशभक्ति गीतों की वजह से हमेशा अमर रहेंगे। देशवासी उन्हें कभी भुला नहीं पायेंगे।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं,
संपर्क : 94254 89944)

जैकेट से निकली ठंड

व्यंग्य

अरविंद तिवारी

इधर हमारे शहर में ठंड जोर पकड़ने लगी है। हमारा मौसम दिल्ली से संचालित होता है। सर्दियों में दिल्ली जब बरसात को प्राप्त होती है तो हमारा शहर ठंड में सिकुड़ने लगता है। हमारे शहर में पहेलियों के विशेषज्ञ बताते हैं यह जो ठंड बढ़ी है वह संसद भवन के बाहर एक प्रदर्शन में पहनी गई जैकेट और मुखौटों के कारण बढ़ी है। यदि वहां दो हस्तियों की गर्माहट से जकड़ी जैकेट को नहीं पहना जाता,तो ठंड नहीं बढ़ती। बारिश उसी जैकेट का नतीजा है।इधर विपक्ष अपने को उस चिड़िया का प्रतीक बताता है जिसके अंडे चुनाव का महासागर बहा ले गया!अब चिड़िया के पास प्रतीकात्मक विरोध करने के सिवाय दूसरा रास्ता नहीं बचा।चिड़िया अपनी चौंच में मिट्टी भर भ

बाइक चोर गिरोह का राजफाश, आठ गिरफ्तार

सफलता

गैराज मालिक और कबाड़ कारोबारी भी था गिरोह में शामिल

सात मोटर साइकिल, 118 पार्ट्स तमंचा और कारतूस बरामद

जनसंदेश न्यूज

पुलिस गिरफ्त में बरामद बाइक व उपकरण के साथ आरोपित।

आजमगढ़। शहर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की सुबह अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का राजफाश करते हुए बाग लखरांव पुलिया से छह आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ उनसे पूछताछ के आधार पर गैराज मालिक और कबाड़ कारोबारी को भी हिरासत में ले लिया। सात मोटर साइकिल, 118 पार्ट्स, दो तमंचा और कारतूस बरामद करने के साथ पुलिस ने 12 घटनाओं के अनावरण का दावा किया है। बरामद सामानों की कीमत लगभग 12 लाख आंकी गई है।

सुबह मूसेपुर चौकी प्रभारी राजीव कुमार सिंह व रोडवेज चौकी प्रभारी लाल बहादुर बिंद बवाली मोड़ पर मौजूद थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की मोटरसाइकिल के साथ बाग लखरांव पुलिया पर कुछ लोग खड़े हैं। इस आधार पर पुलिस टीम ने वहां पहुंचकर तीन बाइक के साथ मोनू चौहान निवासी ग्राम मेहमौनी, थाना कप्तानगंज, बबलू चैहान निवासी पुसड़ाआइमा, मुबारकपुर, इसी गांव के प्रमोद कुमार, मुनचुन चौहान, कमलेश चौहान निवासी डिघवनिया काजी, जीयनपुर, अंकित यादव निवासी भगवानपुर, थाना मुबारकपुर को गिरफ्तार करने के साथ तीन बाइक, दो तमंचा, दो कारतूस बरामद किया।

पकड़े गए आरोपितों की निशानदेही पर अवधेश चौहान निवासी पुसड़ा आईमा, मुबारकपुर व संजय गुप्ता निवासी सठियांव, मुबारकपुर को भी गिरफ्तार किया गया और चार बाइक के साथ उसके पार्ट्स बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि प्रमोद व अर्जुन गाड़ी की रेकी कर बब्लू और मोनू को बताता तब बब्लू व मोनू गाड़ी को चुराकर मुनचुन, अंकित व कमलेश के माध्यम से अवधेश चौहान के सठियांव बाजार स्थित गैराज पर लेकर जाकर उसके पार्ट्स को खोलवाकर पार्ट्स को संजय गुप्ता के संठियांव मार्केट के बाहर स्थित कबाड़ की दुकान पर बेच दिया जाता है। इंजन को संजय द्वारा कहीं और बेचकर हम लोगों को पैसा दिया जाता है। आरोपितों ने कई अन्य के भी नाम बताए।

हरियाणा और दिल्ली तक फैला था गिरोह

आजमगढ़। बाइक चोरों का गिरोह हरियाणा और दिल्ली तक फैला था। बरामद बाइक और उपकरणों के बारे में बताया गया कि शहर कोतवाली से 7, मुबारकपुर से 1, नई दिल्ली से 1, जौनपुर से 1, हरियाणा से एक बाइक की चोरी की गई थी। इसके अलावा बिलरियागंज, जीयनपुर में भी बाइक की चोरी की गई है, जिसमें विवेचनात्मक कार्रवाई प्रचलित है।

आरोपितों का आपराधिक इतिहास

आजमगढ़। पकड़े गए मोनू चैहान पर 9, बबलू चैहान पर 9, प्रमोद कुमार पर 10, मुनचुन चैहान पर 9, कमलेश चैहान पर 9, अंकित यादव पर 9, अवधेश चैहान पर 9, संजय गुप्ता पर 10 मुकदमें विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

हैंड पम्प पर नहा रहे ट्रक ड्राइवर की मोबाइल चोरी

संजरपुर (आजमगढ़)। सरायमीर थानांतर्गत छित्तुपट्टी गांव स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में लगे हैंड पम्प पर नहा रहे ट्रक ड्राइवर की मोबाइल चोरी हो गई। डायल 112 पर सूचना देने पर मौके पर पहुंची सरायमीर पुलिस मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला। ट्रक ड्राइवर कुंवर बृजेश यादव निवासी दादरा बनगावा थाना तहबरपुर मंगलवार को सुबह में मध्यप्रदेश से ट्रैक पर गिट्टी लादकर संजरपुर बजार में गिराने के लिए आया था। संजरपुरपुर बाजार पहुंचने से पहले राम जानकी मंदिर पर ट्रक खड़ा कर नहाने लगा। ट्रक के केबिन में जाकर कपड़ा ले रहा था कि तब तक मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति आया हैंड पाइप पर रखी मोबाइल को लेकर सरायमीर की तरफ भाग गया। कुंवर बृजेश यादव ने जिसकी सूचना डायल 112 को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा खंगाला। ट्रक चालक ने पुलिस को बताया की मोबाइल के कवर में छह हजार रुपए नगद थे और उसी मोबाइल से फोन-पे भी चलाता था जिसके खाते में पन्द्रह हजार रुपया पड़े हैं।

अध्यक्ष पद हेतु तीन, तो मंत्री पद हेतु दो ने किया नामांकन

बूढ़नपुर (आजमगढ़)। तहसील बार एसोसिएशन की नामांकन प्रक्रिया मंगलवार को गहमागहमी के बीच प्रातः 10 बजे से 2 बजे दोपहर तक चली। चुनाव अधिकारी उमाशंकर पाण्डेय ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों अधिवक्ता ओमप्रकाश लाल श्रीवास्तव और राजकुमार सिंह व रामनिवास सिंह ने नामांकन किया।

नामांकन दाखिल करते अधिवक्ता।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए एक रामप्रकाश शुक्ल ने नामांकन किया। उपाध्यक्ष पद हेतु दिनेश कुमार पाण्डेय और विनोद कुमार यादव ने नामांकन किया। मंत्री पद के लिए दो प्रत्याशियों रामहित शर्मा और अजय लाल श्रीवास्तव ने नामांकन किया। सह मंत्री पद हेतु विवेक कुमार सिंह, वरिष्ठ कार्यकारिणी पद के लिए जगन्नाथ पाण्डेय और विजय प्रताप सिंह, सदस्य कार्यकारिणी कनिष्ठ पद पर तीन लोगों लाल बिहारी यादव, शैलेन्द्र कुमार चौबे व भैरो प्रसाद यादव ने नामांकन किया। इस प्रकार से सात पदों के लिए प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रक्रिया संपन्न की गई। बुधवार को मत पत्रों की जांच व पर्चा वापसी भी की जाएगी। चुनाव 27 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा मतगणना उसी दिन 2.30 से शुरू होगी। इस अवसर पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष निर्मल लाल श्रीवास्तव, कालीचरन, दुष्यन्त कुमार पाण्डेय, शीतला प्रसाद चतुर्वेदी, सौरभ सहाय, पूर्व मंत्री योगेन्द्र नाथ यादव, मिथिलेश सिंह, सूर्य प्रकाश यादव, जगत नारायण तिवारी, सुभाष पांडे, जय प्रकाश पांडे, प्रवीण सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, बलराम यादव, वीरेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

संजरपुर (आजमगढ़)। सरायमीर थाना क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर गांव निवासी 50 वर्षीय महेश सोमवार को घर से शौच के लिए गये थे। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। महेश सोमवार को घर से शौच जाने के लिए कहकर निकले थे। शाम तक घर नहीं आए तो स्वजनों ने खोजबीन करना शुरू किया। स्वजन सोमवार की देर रात खोजते खोजते स्वजन शिवाला गांव के पास पहुंचे तो रेलवे ट्रैक के नीचे शव पड़ा था। सूचना स्वजनों ने पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची सरायमीर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घर पर रहकर खेतीबारी करते थे। इनके पास तीन लड़के दो लड़कियां हैं। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

महेश (फाइल फोटो)।

बड़ा गणेश मंदिर में मनाया गया विश्व मानवाधिकार दिवस

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। मानवाधिकार संरक्षण संगठन के तत्वावधान में श्री बड़ा गणेश मंदिर परिसर में मंगलवार को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। अध्यक्षता मानवाधिकार संरक्षण संगठन के जिला प्रभारी कृष्ण मुरारी सिंह ने एवं संचालन साहित्यकार पत्रकार संजय कुमार पांडेय ने की।संगठन के जिला प्रभारी कृष्ण मुरारी सिंह ने मुख्य अतिथि इंजीनियर एडी मिश्रा को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार प्रभुनाथ पांडेय 'प्रेमी', संरक्षण जनमेजय पाठक, फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रणविजय सिंह को माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

जिला प्रभारी कृष्ण मुरारी सिंह ने कहा कि 'दीन दुखी निबलो विकलों के सेवक बन संताप हरें। हम पाप हरें'। संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि जो लोग सताये हुए हैं उनको न्याय दिलाने का कार्य यह संगठन करता है। श्री सिंह ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति हमारे पास साक्ष्य लेकर उपस्थित होता है तो उस पर संगठन त्वरित गति से कार्य करने का कार्य करता है। मुख्य अतिथि इंजीनियर एडी मिश्रा ने कहा कि मानवाधिकार संरक्षण संगठन के माध्यम से जो गरीबों-मजलूमों को न्याय दिलाने का कार्य कर रहे हैं वह बहुत ही सराहनीय है। संगठन के संरक्षक वरिष्ठ साहित्यकार प्रभुनाथ पांडेय प्रेमी ने संगठन के उद्देश्यों को बताते हुए अपने शेरों-शायरी के माध्यम से माहौल को खुशनुमा बना दिया।संगठन के संरक्षक ने कहा कि आज आवश्यकता है गरीबों की मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए।

अतिथियों द्वारा गरीब महिलाओं सुरसती देवी,सोना देवी,लाची देवी, गीता देवी, मुन्नी देवी को साड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रवि प्रताप सिंह, बलराम सिंह, राहुल सेठ, हीरा, विपिन, वीरेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

बड़ा गणेश मंदिर पर महिला को साड़ी वितरित करते मुख्य अतिथि इं.एडी मिश्रा।

संक्षेप

अधिवक्ता की बाइक चोरी, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

लालगंज (आजमगढ़)। अधिवक्ता की बाइक चोरी होने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने मंगलवार को तहसील में चक्रमण कर उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। दी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार अस्थाना की बाइक शनिवार को तहसील परिसर से चोरी हो गयी। तीन दिन बाद भी बाइक का पता न चलने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने मंगलवार को नगेन्द्र सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में तहसील परिसर में चक्रमण कर प्रदर्शन किया तथा शनिवार तक बाइक बरामद करने के संदर्भ में उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार विरेन्द्र कुमार को ज्ञापन दिया। प्रदर्शन करने वालों में समर बहादुर सिंह, धर्मेश पाठक, सूर्यमणि यादव, सुनीश कुमार श्रीवास्तव, प्रसिद्ध नरायन सिंह, राम सेवक यादव, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, विजय प्रकाश पाण्डेय, ओमप्रकाश वर्मा, इन्द्रभानु चौबे, अशोक कुमार अस्थाना, राजनाथ यादव, राजेन्द्र लाल श्रीवास्तव, रामस्वारथ, मनोज कुमार राय, लल्ले मिश्रा, देवेन्द्र नाथ पाण्डेय सहित काफी संख्या में अधिवक्ता शामिल थे।

एएसपी ने जीयनपुर कोतवाली का किया निरीक्षण, सुनीं समस्याएं

आजमगढ़। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने सोमवार को जीयनपुर कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण करने के बाद बैठक कर अधीनस्थों की समस्याएं भी सुनीं और उसके समाधान के लिए संबंधित को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में चिराग जैन ने निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, भोजनालय, बैरक, शौचालय व महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक थाने के उपनिरीक्षक व महिला हेल्प डेस्क को टैबलेट व मोबाइल वितरित किया गया। उसके बाद पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

रिसाव से रेलवे अंडर पास में भरा गंदा पानी, आवागमन में परेशानी

संजरपुर (आजमगढ़)। सरायमीर रेलवे स्टेशन से पश्चिम तरफ रेलवे अंडर पास 52 सी के अन्दर नाले के रिसाव के कारण गंदा पानी भर जाने से आवागमन बाधित है। इसी रास्ते से कई शिक्षण संस्थाओं की बसें जाती हैं। छोटे-छोटे बच्चे उसी गंदे पानी से होकर विद्यालय जाने के लिए विवश हैं। कुछ बच्चे तो आए दिन उसी गंदे पानी में गिर जाते हैं जिससे उनको घर वापस जाना पड़ जाता है। गंदे पानी के कारण दुर्गंध भी आता है। कई बार ग्रामीणों के सहयोग से वह विद्यालय प्रबंधक के सहयोग से। अपने से खुद निजी पंप सेट लगाकर पानी निकाला जाता है। पानी निकालने वाले ठेकेदार से लोग संपर्क करते हैं तो उनका फोन ही नहीं उठता है। इस संबंध में संजय उपाध्याय व ग्राम प्रधान शाकिर ने बताया कि इस गंदे पानी के बाबत हम लोग कई बार संबंधित अधिकारियों से लिखित व मौखिक रूप से कह चुके हैं। सेक्शन इंजीनियर मऊ से कई बार वार्ता भी हुई है। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस रेलवे अंडर पास पर ऊपर से टीनशेड भी नहीं लगाया गया है। ग्राम प्रधान शाकिर ने बताया कि जब इस रास्ते से राहगीर पैदल आते हैं तो उस समय यदि चार चक्का गाड़ी पानी से गुजर गई तो गन्दे पानी का पूरा छींटा पैदल जाने वाले राहगीर के ऊपर पड़ जाता है जिससे आएदिन मारपीट की नौबत होती है। यहां तक कि कई बार यह मामला थाने तक भी पहुंचा है। खरेवा के ग्रामीणों ने रेलवे के उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए रेलवे अंडर पास में आ रहे गंदे पानी का निस्तारण कराये जाने की मांग की है।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

रानी की सराय (आजमगढ़)। थाना क्षेत्र के सेठवल गांव के पास मंगलवार को दिन में साढ़े दस बजे बजे ट्रेन की चपेट में आने से वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लिया। परिजनों के आग्रह पर पंचनामा बनवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।महिला को आंख से कम दिखाई देता देता था। रानीकीसराय कस्बे के पानी टंकी के समीप गली में लालजी मद्धेशिया पत्नी और पुत्री के साथ रहते हैं। 65 वर्षीया पत्नी मत्ती देवी जिसे आंख से कम दिखता था। मंगलवार को सुबह साढ़े दस बजे पैदल ही सेठवल गांव की ओर जा रही थी। उसी दौरान आजमगढ़ से मुम्बई के लिए छपरा बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस गुजर रही थी। ट्रैक पार कर करते समय ट्रेन से धक्का लगते ही गिर पड़ी और मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस पहुंची और शव कब्जे में ले लिया। परिजनों के आग्रह पर शव पंचनामा बनवाकर सौंप दिया। महिला का मायका भी कस्बे में ही है। पति मेहनत मजदूरी करते हैं। मृतका के पास दो पुत्री हैं। परिजनों की माने तो महिला अगल बगल के घरों तक भी नहीं जा पाती थी। मंगलवार को अचानक क्या सूझी की वह अकेले ही घर से पांच सौ मीटर दूर पहुंच गई और घर पर मौजूद छोटी अविवाहित पुत्री को भी साथ नहीं लिया और न ही पति से ही कहा। एक पुत्री का विवाह हाल ही में किसी तरह किया था। घर की माली हालत ठीक नहीं हैं। घटना के बाद यह चर्चा जोरों पर रही की मौत ही ट्रेन तक खींच लाई।

अभियुक्त के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा

अतरौलिया (आजमगढ़)। न्यायालय के आदेश पर वांछित अभियुक्त के घर मुनादी कराते हुए धारा 82 की नोटिस चस्पा किया। इंस्पेक्टर राकेश सिंह के नेतृत्व में वांछित संगम चौरसिया पुत्र रामजीत चौरसिया निवासी शंकरपुर खरहदिया थाना अहिरौला व मुकेश कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी लेदौरा थाना अहिरौला के घर न्यायालय द्वारा जारी 82 सीआरपीसी के आदेश की प्रति अभियुक्त के घर चस्पा की गई एवं सार्वजनिक स्थानों पर आदेश की प्रति चस्पा कर व्यापक प्रचार प्रसार व मुनादी किया गया।

फसलों को बर्बाद कर रहे बेसहारा पशु, किसान परेशान

फूलपुर (आजमगढ़)। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते किसानों की खड़ी फसलों को बेसहारा पशु बर्बाद कर रहे हैं। किसान अपनी आंखों के सामने फसलों को बर्बाद होता देखने को मजबूर हैं। अधिकारियों की उदासीनता के चलते किसानों का विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसान बेसहारा पशुओं से रबी की फसलों को कैसे बचाये जब जिम्मेदार अधिकारी आंख बंद कर लिए हैं। फूलपुर तहसील मुख्यालय सहित आसपास के गांवों के खेतों में खड़ी फसल में पशुओं का खुलेआम विचरण जारी है।

डीएम कार्यालय के सामने मांगों को लेकर भाकपा ने किया प्रदर्शन

राष्ट्रपति व राज्यपाल को भेजा 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़।अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मांग दिवस के रूप में मनाते हुए मंगलवार कोजलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम संबोधित 11 सूत्रीय मांगपत्र जिला प्रशासन को सौंपा गया।

भाकपा कार्यकर्ता कुंवर सिंह उद्यान में एकत्र होकर सरकार की नीतियों के खिलाफ नारे लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय के सामने पहुंचे। मांगपत्र में महंगाई, बेरोजगारी, खाद, बीज, खेती-किसानी, बिजली का निजीकरण, अडानी प्रकरण, मणिपुर, सम्भल में हुए दंगे की न्यायिक जांच से संबंधित बातें शामिल रहीं। भाकपा जिला सचिव जितेंद्र हरि पांडेय एडवोकेट ने कहा कि मांग दिवस का मुख्य मुद्दा अडानी ग्रुप ऑफ कम्पनीज के घोटाले की जांच संसदीय समिति से कराने, मणिपुर की बदहाल स्थिति की चर्चा संसद में कराने और वहां से आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल एक्ट को हटाने, संभल में हुए दंगे की जांच सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से कराने, लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम आदमी को राहत दिलाने का रहा।

राज्य कमेटी सदस्य हामिद अली ने कहा कि उप्र की सरकार लोगों का ध्यान समस्याओं से हटाने के लिए आपस मे लोगों को लड़वा रही है।भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी संगठनों द्वारा आएदिन विभाजनकारी नारे दिए जाते हैं। मानवाधिकार और संवैधानिक मूल्यों पर बड़े खतरे मंडरा रहे हैं।

इस अवसर पर किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग,गुलाब मौर्य, रामाज्ञा यादव, हरिगेन, जियालाल, मंगलदेव यादव, रामनेत, जियालाल, चंद्रमोहन, शोभनाथ, अशोक राय, सुबाष यादव, दुर्बली रामआदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते भाकपा कार्यकर्ता।

डीएपी की किल्लत से किसान परेशान, सीएम से लगायी गुहार

रानीकीसराय (आजमगढ़)। ब्लॉक क्षेत्र में डीएपीकी किल्लत से त्रस्त किसानों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर गुहार लगाई है। समितियों पर नदारत हैं खुले बाजार में मनमाने दर पर मिल रही है। अन्नदाता बेहाल है। क्षेत्र में डीएपी की किल्लत बुआई के शुरू से ही बनी है। अब तो किसान बगैर खाद के ही गेहूं की बुआई करने को विवश हो रहे हैं। प्रारंभ में दो बार क्षेत्रीय सहकारी समिति पर डीएपी आई भी तो वितरण व्यवस्था ही धड़ाम रही।एक तरफ समिति पर सचिव द्वारा चौदह सौ रुपये तक बेचा भी गया बावजूद नाम मात्र ही किसान पा सके। अन्य किसान उम्मीद लगाये थे कि अब आयेगी तो मिलेगी। लछिरामपुर समिति पर दो रैक आई भी तो दाम मनमाना वसूलने पर हाथापाई तक हुई। फिर भी किसानों को पूरी तरह नहीं मिल सकी। बाजार में डीएपी उपलब्ध भी है तो सत्रह सौ रुपये प्रति बोरी तक बिक रही है। विवशता में किसान खरीद रहे हैं जबकि बुआई पिछड़ने की डर से अधिकांश किसान बगैर डीएपी के ही बुआई कर दे रहे हैं। इन्हें उम्मीद है देर से आयेगी तो सिंचाई के समय प्रयोग कर लेंगे। डीएपी को लेकर किसानों में हाहाकार है। सरकारी तंत्र का खाद उपलब्धता का दावा हवा में नजर आ रहा है। अन्नदाता भटक रहा है। किसानों ने खाद उपलब्ध कराये जाने की मांग की है।

दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

जनसंदेश न्यूज

फूलपुर (आजमगढ़)। कोतवाली क्षेत्र के पुजारीगंज गांव के पास लखनऊ-बलिया मार्ग पर मंगलवार की सुबह 9 बजे दो बाइकों की आमने सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां एक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने आजमगढ़ के लिए रेफर कर दिया। दो लोगों का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है।

फूलपुर कस्बा निवासी मोहम्मद सैफ 19 वर्ष बाइक से सरायमीर की तरफ से फूलपुर वापस आ रहा था। जैसे ही वह पुजारीगंज पहुंचा फूलपुर की तरफ से जा रहे सरायमीर थाना क्षेत्र के बस्ती गांव निवासी राहुल 22 वर्ष, प्रिंस 17 वर्ष की बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गयी। बाइकों की टक्कर देख खेत में काम कर रहे व आसपास के दुकानदार घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने 108 नम्बर एम्बुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र फूलपुर पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने मोहम्मद सैफ को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। राहुल और प्रिंस का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। उपचार के दौरान मो सैफ पुत्र जलालुद्दीन की मौत हो गयी। मृतक दो भाई तीन बहनो में सबसे बड़ा था। नगर के साड़ी ब्यवसाई की दुकान पर काम करता था।

मो. सैफ (फाइल फोटो)।

चांदनी रात में बही आस्था की लहर, दो लाख भक्तों ने लगाई सरोवर में डुबकी

परंपरा

गोविंद दशमी पर अंबेडकरनगर के अहिलौली में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

समाधि तक न पहुंच पाने वालों में था गुंबद से गिरने वाले एक दाने का इंतजार

स्नान के बाद कच्ची खिचड़ी व लाल गन्ने के प्रसाद के लिए लग गई थी कतार

जनसंदेश न्यूज

गुंबद से गिरने वाले प्रसाद का इंतजार करते श्रद्धालु।

गोविंद सरोवर किनारे स्नान के लिए ब्रह्म मुहूर्त का इंतजार करते

आजमगढ़। हल्की शीतलहर, चांदनी रात के बीच आस्था की लहर भी उमड़ती दिखी। गोविंद सरोवर किनारे आधी रात के बाद से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सभी को ब्रह्म मुहूर्त का इंतजार था। भोर होने के साथ बाबा गोविंद साहब के जयकारे के साथ स्नान शुरू हुआ तो दिन भर चलता रहा।

स्नान के बाद बाबा को प्रिय कच्ची खिचड़ी और लाल गन्ने का प्रसाद लेकर उनकी समाधि स्थल के बाहर कतार लग गई। जो लोग अंदर नहीं पहुंच सके उन्होंने बाहर से गुंबद पर ही प्रसाद चढ़ा दिया और उसके बाद गुंबद से गिरने वाले एक दाने का इंतजार करते देखे गए।

दरअसल गोविंद साहब की समाधि तो अंबेडकरनगर के अहिरौली में है, लेकिन मेला क्षेत्र जिले के अतरौलिया तक फैला है। प्रशासन के अनुसार गोविंद दशमी मेले के पहले दिन लगभग दो लाख लोगों ने स्नान व दर्शन किया। उसके बाद लोगों ने मेले का जमकर आनंद लिया।

खजला, लाल गन्ना, लकड़ी निर्मित घरेलू व कृषि उपयोगी सामान, दुधारू पशुओं की खरीदारी हुई, तो वहीं बच्चों ने मनोरंजन के साधन के साथ आनंद उठाया।

भीड़ पर रही तीसरी आंख की भी नजर

आजमगढ़। सुरक्षा के मामले में हर कदम पर एहतियात बरती जा रही थी। जगह-जगह क्लोज सर्किट कैमरा लगा था।जिले के अतरौलिया थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह अमड़ी तक अपने सिपाहियों के साथ भ्रमणशील रहे, तो अंबेडकर नगर क्षेत्र की सीमा पर मेला प्रभारी जितेंद्र शर्मा अपने हमराहियो के साथ व्यवस्था पर नजर रख रहे थे।

न्याय और न्यायियों की तलाश में मृतक

आजमगढ़। मृतक संघ के तत्वावधान में लालटेन, टार्च व गेस के उजालों से दिन में न्याय और न्यायियों की तलाश किया जायेगा। मृतक संघ के तत्वावधान में 16 दिसम्बर को कलेक्ट्री कचहरी स्थित रिक्शा स्टैण्ड पर एक दिवसीय धरना देकर अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सरकारी कार्यालयों न्यायालयों, कलेक्ट्री कचहरी दीवानी कचहरी के सड़कों पर भ्रमण कर विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा सामाजिक न्याय मानव अधिकारों हेतु जागरुक कर अवगत कराया जायेगा। उन्होने कहा आज अन्याय मेरे साथ और कल अन्याय आपके साथ हो सकता है। सरकारी विभागों के अभिलेखों में जीवित को मृत घोषित करने और धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार, घूसखोरी द्वारा लाल फीताशाही, भ्रष्ट अधिकारियों, कर्मचारियों की मिली भगत से दूसरों के जमीनों व मकानों को हड़प कर कानूनी न्यायिक प्रक्रिया के मकड़ जाल में फंसाकर मुकदमा कर वर्षो तक आर्थिक, शारीरिक, मानसिक, शोषण, उत्पीड़न, अन्याय कर पीड़ितों का समय बर्बाद करते हैं और सरकारी फाइलों की चोरी कर गायब कर देते हैं। इस संदर्भ में मृतक संघ द्वारा राष्ट्रपति व राज्यपाल को नामित ज्ञापन भी दिया जायेगा।

अतिक्रमण से आए दिन लगता है जाम

प्रशासन मौन

अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा वृहद अभियानः ईओ

जनसंदेश न्यूज

माहुल(आजमगढ़)। स्थानीय बाजार में अतिक्रमण की वजह से आएदिन जाम लग रहा है। सड़क और पटरियों पर दुकानदारों और ठेला खोमचा वालों का कब्जा है जिसके कारण ग्राहकों को अपना वाहन खड़ा करने में परेशानी हो रही है और बाजार जाम के झाम से जूझ रहा है। नगर पंचायत प्रशासन इस समस्या को खत्म करने के बजाय कुंभकर्णी नीद में सो रहा है। स्थानीय चौकी की पुलिस भी इन पर कार्यवाही करने से कतराती है।

माहुल बाजार का चाहे मुख्य चैक का फूलपुर रोड तिराहा हो या कुरैशी चौक, यहां का अहरौला रोड हो या फिर पवई मोड़ हो, पटरियों पर दुकानदार अपनी-अपनी दुकान किए बैठे हैं। बाकी जो जगह बच रही वहां पर ठेले और खोमचे वाले फल और फास्ट फूड बेच रहे हैं। अतिक्रमण की वजह से बाजार में समान खरीदने आने वाले ग्राहक अपने-अपने चार पहिया और दोपहिया वाहन सड़क पर खड़ा कर समान खरीदने को मजबूर हैं। इन ग्राहकों के खड़े वाहन की वजह से बाजार में आए दिन जाम लगा रहता है। कभी कभी तो विवाद की स्थिति भी बन जाती है। यही नहीं अतिक्रमण के कारण भरी बाजार में कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। स्थानीय नागरिकों ने कई बार उपजिलाधिकारी फूलपुर से लेकर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र भी दिया पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

इस संबंध में अधिशासी अधिकारी माहुल अवधेश मिश्र का कहना है कि बाजार से अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदारों से लिखित और मौखिक रूप से कई बार कहा गया है, लेकिन इसका असर उन पर नहीं दिख रहा। जल्दी ही अतिक्रमण के खिलाफ बृहद अभियान चलाया जाएगा।

माहुल बाजार में लगा जाम।

खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली में टकराकर चाचा भतीजे की मौत, शोक

दुःखद

रिश्तेदारी से लौटते समय घटी घटना

सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली में अनियंत्रित बाइक पीछे से घुस गई

जनसंदेश न्यूज

मृतक चाचा भतीजे की फाइल फोटो

हलिया। हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव में मंगलवार दोपहर बाद साढ़े तीन बजे के करीब सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर की ट्राली में अनियंत्रित होकर पीछे से घुसे बाइक सवार चाचा भतीजे की दर्दनाक मौत हो गई। हलिया थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी 65 वर्षीय धर्मराज मिश्र अपने 20 वर्षीय भतीजे प्रशांत मिश्र पुत्र रामराज मिश्र के साथ सुबह अपनी रिश्तेदारी प्रयागराज जिले के मेजा गए हुए थे। दोपहर में घर वापस लौट रहे कि जैसे ही ड्रमंडगंज क्षेत्र के मझिगवां गांव में पहुंचे तो सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली में अनियंत्रित बाइक पीछे से घुस गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल चाचा भतीजे को उपचार हेतु एंबुलेंस से पीएचसी हलिया भिजवाया। जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद सरोज थानाध्यक्ष हलिया वीरेंद्र सिंह ने घटना की जांच की। पुलिस ने ट्राली में फंसी बाइक को बाहर निकलवाया। वहीं ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मृतक के परिजन रोते-बिलखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचे। मृतक धर्मराज मिश्र क्षेत्र के आदिशक्ति इंटर कालेज अदवा में पांच वर्ष पूर्व प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए थे। मृतक प्रशांत अपने पिता का इकलौता पुत्र था प्रशांत से छोटी दो बहनें हैं। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि बाइक सवार चाचा भतीजे की मौत हो गई। फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में लापरवाही पर जताई नाराजगी

लालगंज। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय लहंगपुर, बसही व ददरी क्षेत्र के विद्यालयों और बूथों का निरीक्षण किया। बसही प्राथमिक विद्यालय में बूथ निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की और सुधार के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के खेलने के लिए मैदान की कमी को देखते हुए एसडीएम आशाराम वर्मा व लेखपाल को निर्देश दिया कि गांव सभा की सरकारी जमीन चिन्हित कर विद्यालय के पास खेल मैदान उपलब्ध कराया जाए तथा विद्यालय में बृक्षारोपण भी किया। विद्यालय के शिक्षकों आलोक कुमार दुबे, अनिल कुमार, श्यामजी मौर्य और महेश प्रसाद शर्मा ने बच्चों की संख्या और कक्षा-वार पठन-पाठन की जानकारी जिलाधिकारी को दी। ग्रामीणों ने लहंगपुर में नवनिर्मित राजकीय हाई स्कूल भवन के हैंडओवर में देरी और निर्माण में खामियों की शिकायत की।

निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पाया कि भवन में खिड़कियां नहीं लगाई गई हैं और दीवारों में दरारें आ चुकी हैं। उन्होंने निर्माण कार्य में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि दोषी पाए जाने पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम, तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी बबीता सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अराजकतत्वों ने हनुमान मंदिर से मूर्तियों को किया गायब

अहरौरा। मीरजापुर-चंदौली की बार्डर पर स्थित थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव के बगीचे में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से श्री राधाकृष्ण, शिव लिंग, नंदी महाराज के मूर्तिया सोमवार शाम को अराजक तत्वों द्वारा गायब कर दिया गया। मंगलबार को विश्व हिन्दू परिषद द्वारा पुलिस से की गई शिकायत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बगल में स्थित गड़ई नदीं में स्थानीय युवकों से खोजबीन कराया तो राधा कृष्ण की एक मूर्ति बरामद हुईं। अनुमान है की अन्य मूर्तियां भी नदी में ही फेंकी गई है, जिसकी खोजबीन की जा रही है।

विश्व हिन्दू परिषद के खंड मदारपुर के अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने बताया कि सोमवार को वे जब दोपहर मंदिर पर आए थे तो सभी मूर्तियां थी लेकिन जब शाम को आए तो मंदिर में रखी राधा कृष्ण, नन्दी जी की मूर्ति के साथ ही शिवलिंग गायब था। स्थानीय लोगों से पता करने पर जब कोई जानकारी नहीं मिली तो

कार्रवाई

गड़ई नदी में मिली राधा कृष्ण की एक मूर्ति

मंगलबार को पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अजय सेठ ने स्थानीय युवकों के सहयोग से गड़ई नदी में गायब मूर्तियों की खोजबीन शुरू कराया तो राधा कृष्ण की एक खंडित मूर्ति बरामद हुईं। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया की मूर्तियों के गायब होने की सूचना पर स्थानीय लोगों की मदद से मूर्तियों की खोजबीन कराया जा रहा है। एक मूर्ति राधा कृष्ण की मिली है। अभी तक किसी द्वारा कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। पुलिस विधिक कार्यवाही में जुटी है।

मतदाता पुनरीक्षण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

बरौंधा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय ददरी में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां तैनात बीएलओ को निर्देश दिया कि ध्यान रहे गांव के हर मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में अवश्य दर्ज हो जाए। मतदाता पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण करने के बाद डीएम ने खंड विकास अधिकारी हलिया को प्राथमिक विद्यालय ददरी समेत बगल में बने आगनबाड़ी केंद्र के चारों तरफ संयुक्त बाउंड्री वाल बनाने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि तत्काल प्रभाव से इस कार्य को शुरू करा दें। स्थानीय लोगों द्वारा छुट्टा पशुओं से हो रहे फसल के नुक्सान की ओर ध्यान आकृष्ट कराए जाने पर डीएम ने बीडीओ को समुचित कदम उठाने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण ददरी ग्राम पंचायत के सभी मजरों में पाइपलाइन से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। डीएम ने एडीएम नमामि गंगे को समस्या का समाधान कराने को कहा। इस अवसर पर डीपीआरओ संतोष , एडीएम नमामि गंगे धीरेन्द्र, जिला सूचना अधिकारी ओमप्रकाश, एसडीएम आशाराम, बीडीओ राजीव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रूपेश ग्राम ग्राम विकास अधिकारी आशीष, लेखपाल मनोज आदि उपस्थित रहे।

विद्यालयों के जर्जर भवन के निर्माण के लिए करें ऑनलाइन आवेदन : डीएम

बैठक

प्रधानाचार्यो के साथ बैठक कर दिया दिशा निर्देश

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मंगलवार कलेक्ट्रेट सभागार में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत 75 वर्ष पुराने विद्यालयों के निर्माण, पुननिर्माण, अति जर्जर भवनों के निर्माण, मरम्मत हेतु सम्बन्धित माध्यमिक विद्यालयों के प्रबन्धकों, प्रधानाचार्यो के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने विद्यालयों के महाप्रबन्धक, प्राचार्यो को निर्देशित करते हुए कहा कि जो एडेड माध्यम विद्यालय, राजकीय माध्यमिक, इण्टर कालेज की आयु 75 वर्ष से ऊपर हो चुके है और वे जर्जर अवस्था में अथवा निर्माण, पुननिर्माण, मरम्मत के योग्य है। ऐसे विद्यालयों के निर्माण, मरम्मत हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रबन्धक, प्राचार्य जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध करा दे। अलंकार प्रोजेक्ट योजना के लिए आनलाइन ही आवेदन किया जा सकता है। 75 वर्ष के पुराने एवं अति जर्जर, जर्जर भवन के निर्माण के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट की कुल धनराशि का 25 प्रतिशत सम्बन्धित कालेज के प्रबन्ध समिति को वहन करना होगा।

शेष 75 प्रतिशत की धनराशि शासन के द्वारा मरम्मत, निर्माण, पुननिर्माण के लिए के उपलब्ध कराई जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि अभी तक मात्र बसंत इण्टर कालेज विद्यालय का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने अन्य विद्यालयों जो मानक में आते हो के प्रस्ताव, आवेदन आनलाइन भरकर जिला विद्यालय निरीक्षक को हार्ड कापी उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राज कुमार दीक्षित के अलावा अन्य विद्यालयों के प्रबन्धक, प्राचार्य उपस्थित रहें।

संक्षेप

मानव तस्करी, बाल सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

चुनार। मंगलवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान व न्याय नेटवर्क के तत्वाधान में फुलवरिया बनवासी बस्ती मे श्रम विभाग, मानव तस्करी विरोधी इकाई चाइल्ड हेल्पलाइन के सहयोग से मानव तस्करी, बाल सुरक्षा विषय पर सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के राजीव कुमार द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। रजनीश यादव द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस पर लोगो के अधिकार, बच्चों के अधिकार, महिलाओ के अधिकार के बारे में बताया गया। श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया कि बीओसी में सभी श्रमिक अपना रजिस्ट्रेशन करा कर लाभ ले। इस दौरान जड़ावती देवी, रंजीत सिंह, कमलेश मिश्रा, अंकित कुमार, उपेन्दर कुशवाहा, रामवृक्ष, अनिल, रामलोचन, शेरू शाह, उल्फत शाह आदि लोग उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

राजगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के भीटी रेलवे क्रासिंग के समीप मंगलवार की शाम को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर अड़तीस के दुबेपुर गांव निवासी भुलेंद्र का बीस वर्षीय पुत्र विशाल बाहर रहकर काम करता था। मंगलवार को विशाल बाहर से काम करके घर पर आकर अपना बैग रखकर अपने चचेरे भाई के साथ राजगढ़ के लिए निकला। बुधवार के दिन उसकी शादी की तिथि तय करने के लिए लोग उसके घर आने वाले थे कि मंगलवार की शाम थाना क्षेत्र के भीटी गांव के समीप रेलवे क्रासिंग के पास विशाल का ट्रेन से कटकर कर शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा परिजनों को सूचित करते हुए शव को अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया। मौत की सूचना लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर गांव में सन्नाटा छा गया।

चोरी का मामला निकला फर्जी, पूछताछ के दौरान हुआ खुलासा

मड़िहान। संतनगर थाना क्षेत्र के देवरी दुबार खास निवासी राधेश्याम मौर्य ने सोमवार दोपहर को पीआरवी पुलिस को फोन कर घर से 25 हजार नगदी व एक लाख रुपए का गहना चोरी होने की जानकारी दिया था। आरोप था कि दोपहर एक बाइक पर सवार दो लोग घर पहुंचे और एक व्यक्ति बात करने लगा दूसरा व्यक्ति घर में घुसकर बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखा 25 हजार नगदी व लगभग एक लाख रुपए के जेवरात लेकर दोनों बाइक से भाग निकले। पीआरवी की सूचना पर संतनगर थानाध्यक्ष मय फोर्स मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। मंगलवार सुबह बाइक सवार दोनों व्यक्तियों को पुलिस थाने लाकर पूछताछ किया। पूछताछ में पता चला की वह पवन चौहान के घर का रास्ता पूछकर निकल गए थे। पवन चौहान ने बताया की दोनों बाइक सवार पेड़ खरीदने के लिए घर पर आए थे। मेरे ही घर दोनों काफी देर तक बैठे थे जिसके बाद वहां से घर निकल गए। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की महिलाओं से पूछताछ किया तो पता चला कि किसी का भी गहना चोरी नही हुआ है। शिकायत कर्ता को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया लेकिन वह नहीं आया। थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज ने बताया कि पूछताछ में मामला फर्जी निकला। शिकायतकर्ता को बुलाया गया लेकिन वह थाने आने को तैयार नही है।

मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन आज

मीरजापुर। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योगों अधिकारी विंध्याचल मण्डल अमितेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 15 दिवसीय मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी का आयोजन बीएलजे ग्राउण्ड, महुवरिया में 11 से 25 दिसम्बर तक किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, बिहार, पश्चिम बंगला, राजस्थान, हिमांचल प्रदेश व उत्तराखण्ड आदि प्रदेशों के खादी ग्रामोद्योग की उत्कृष्ट इकाई अपने अच्छे व गुणवत्तापरक सामानों के साथ सम्मिलित हो रहे हैं। प्रदर्शनी का उद्घाटन नगर विधायक रत्नाकर मिश्र द्वारा 11 दिसम्बर को अपराह्न चार बजे किया जायेगा।

छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

मीरजापुर। थाना मड़िहान पर विगत पांच दिसम्बर को एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादिनी के पुत्री के साथ छेड़खानी करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना मड़िहान पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। एसपी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में मंगलवार को उप-निरीक्षक अरुण कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से आरोपी सोनू यादव पुत्र लालबहादुर यादव निवासी विशेषरपुर छितपुर थाना कोतवाली देहात व राजेश कुमार पुत्र बिहारी निवासी कलवारी खुर्द थाना मड़िहान को गिरफ्तार कर आरोपियों को जेल भेजा गया।

अनियंत्रित होकर पलटा दर्शनार्थियों से भरा वाहन, चार लोग घायल

जनसंदेश न्यूज

हलिया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ऊंटी गांव में मंगलवार दोपहर भरूहना स्थित सरस्वती विहार कालोनी निवासी मुन्नीलाल वर्मा अपने परिवार और रिश्तेदारों संग शनिवार को मालवाहक वाहन से गड़बड़ा धाम दर्शन पूजन करने के लिए आए थे।

रविवार और सोमवार को गड़बड़ा धाम में रूकने के बाद मंगलवार दोपहर सभी लोग मैजिक वाहन से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही गलरा हनुमान मंदिर के आगे ऊंटी गांव में पहुंचे तो मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। हादसे में 65 वर्षीय मुन्नी लाल उनकी 62 वर्षीया पत्नी महदेई 30 वर्षीय बब्बू वर्मा पुत्र मुन्नी लाल व 20 वर्षीय अर्जुन पुत्र शैल कुमार घायल हो गए। सभी घायलों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार करने के बाद हालत सामान्य होने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 अवधेश कुमार ने घर जाने की छुट्टी दे दी। गड़बड़ा धाम में मालवाहक वाहनों से दर्शनार्थियों के आने से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि दर्शनार्थियों से भरी गाड़ी पलटने से महिला सहित चार दर्शनार्थी घायल हो गए थे जिनका उपचार करवाया गया, हालत सामान्य है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।

ओवर ब्रिज के नीचे चला बुलडोजर, हटा अतिक्रमण

अहरौरा। नगर पालिका क्षेत्र में स्थित वाराणसी शक्ति नगर रोड पर बने ओवर ब्रिज के नीचे हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए मंगलवार को नगर पालिका का बुलडोजर हटा और दर्जनों लोगों के अतिक्रमण हटाए गए वही विभिन्न अतिक्रमणकर्ताओं से 5300 रुपए का जुमार्ना भी वसूला गया। ओवर ब्रिज के नीचे अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ मंगलवार को नगर पालिका द्वारा बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया साथ में हिदायत भी दिया गया कि एक दो दिन के भीतर अपने अपने सामान रोड पर किए गए अतिक्रमण को हटा लिया जाय नही तो प्रशासनिक कार्यवाई की जाएगी। वही पांच लोगों से 5300 रुपए जुमार्ना शुल्क भी जमा कराया गया। नगर पालिका क्षेत्र के पट्टी कला मोहल्ले में स्थित ओवर ब्रिज का अतिक्रमण अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह, नायब तहसीलदार गरिमा यादव सहित पुलिस फोर्स सहित नगर पालिका के कर्मचारियों की उपस्थिति में हटाया गया। इसके साथ ही नगर के मल्लाही टोला में बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया।

विश्व मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

अदलहाट। लालता सिंह राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अदलहाट में मंगलवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा0 रितेश कुमार सिंह ने छात्राओं को इस महत्वपूर्ण दिवस के अवसर पर अपने विचार रखने के लिए प्रोत्साहित किया। जिसके परिणाम स्वरूप प्रियंका कुमारी बी ए प्रथम वर्ष, भावना विश्वकर्मा बीए तृतीय सेमेस्टर, नीलू बीए फर्स्ट सेमेस्टर, हर्षिता बीए थर्ड सेमेस्टर आदि छात्राओं ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर आशा ने विश्व मानवाधिकार दिवस को उन वंचित लोगों को समर्पित करते हुए कहा कि जो अभी भी अपने अधिकारों के प्रति सचेत नहीं है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा0 प्रेमलता लाल ने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर गोमतेश्वर पाल, डा0 राजकुमार सिंह, डॉक्टर जितेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास से मनाया गया विश्व मानवाधिकार दिवस

मीरजापुर। विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के प्रांगण में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि जिला जज अरविन्द कुमार मिश्रा व विशिष्ट अतिथि मां विंध्यवासिनी मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ0 संजीव कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय कुमार उपाध्याय व संचालन योगेश चंद्र द्विवेदी, स्मृति गुप्ता, प्रो0 सुरेश यादव ने किया। धन्यवाद ज्ञापित प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सिंह एडवोकेट ने किया। कार्यकम में सुरेश कुमार त्रिपाठी एडवोकेट, अरुण चन्द्र पांडेय, कैलाश यादव व ओपी सिंह ने लोगों को संबोधित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा पूर्व अध्यक्ष डीबीए, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं युवा अधिवक्ताओ व समाज में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यक्तियों को संगठन का प्रमाण व स्मृति चिन्ह, माला, चुनरी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला जज ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के निचले स्तर तक लोगों को कानूनी सलाह, उत्तम स्वास्थ्य आदि की मदद करना ही मुख्य मानवधिकार है। जो जन सहयोग से ही संभव हो सकता है। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर संजीव कुमार सिंह ने कहा कि गरीब हो अमीर उत्तम स्वास्थ्य की आवश्यकता सबको है। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मनीष सिंह, जनपद प्रभारी मंजित सिंह, जिला प्रवक्ता स्मृति गुप्ता, जयश्री सिंह, शमा नवाज धीरज पाण्डेय, धनन्जय सिंह एडवोकेट, विवेक सिंह, किरण, शिवेंद्र सिंह, अभिनव गुप्ता, गणेश सरोज, आनन्द त्रिपाठी आदि वरिष्ठ अधिवक्ता व कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

खाना बना रही महिला झुलसी

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटार गांव में एक महिला स्कूली बच्चों के लिए चूल्हे पर खाना बना रही थी, उसी समय आग की चपेट में आकर झुलस गई। परिजनों ने एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा है। हालत सामान्य बताईं जा रही है। कोटार गांव निवासी राजू की पत्नी केसरी देवी 32 मंगलवार को सुबह अपने बच्चों के लिए लकड़ी के सहारे चूल्हे पर खाना बना रही थी। उसी दौरान महिला के साड़ी में आग पकड़ लिया। साड़ी सहित जलने लगी चीख पुकार सुनकर घर की अन्य महिलाएं दौड़कर किसी कदर कंबल के सहारे आग को बुझाया। महिला को झुलसी अवस्था में देखकर परिजनों ने एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा है। इस संबंध में चिकित्सक रीना सिंह का कहना है कि महिला का उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य है।

गांव में पहुंचा मगरमच्छ का बच्चा

हलिया। स्थानीय वन रेंज के खम्हरिया गांव में एक व्यक्ति के घर के पास डेढ़ फीट के मगरमच्छ का बच्चा मंगलवार को सुबह दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ के बच्चे को पकड़ कर अदवा बांध के गहरे पानी में छोड़ दिया। हलिया वन रेंज के खम्हरिया गांव में लालता यादव के घर के पास मंगलवार को सुबह लगभग डेढ़ फीट का मगरमच्छ का बच्चा टहलते हुए दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वनरक्षक नीतू शर्मा मगरमच्छ के ऊपर बोरा फेंक कर सुरक्षित अदवा बांध के गहरे पानी में छोड़ दिया। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकार हलिया अवध नारायण मिश्र का कहना है कि अदवा बांध के नजदीक गांव होने के नाते कहीं से भटक कर चला गया होगा जिसे सुरक्षित पकड़ कर अदवा बांध के गहरे पानी छोड़ दिया गया।

महिला ने तीन लोगों के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी एक महिला ने अहुगी कला पोस्ट ऑफिस में पैसा न जमा करने पर मंगलवार को तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गयी है। थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी विमलेश पांडेय की पत्नी शिखा पांडेय ने पुलिस अधीक्षक को दी गयी तहरीर में बताया कि अदवा कालोनी बांध के पास निवासी शंभू उर्फ डाक्टर दूबे, घनश्याम दूबे तथा घनश्याम दूबे का बेटा नाम अज्ञात हमारे पति सास से 50-50 हजार रुपये पोस्ट ऑफिस डाक खाना में जमा कराने के लिये 29 अक्टूबर को पैसा लिया। पोस्ट ऑफिस डाक खाने में जमा नहीं किए मागने पर जान माल की धमकी दे रहे है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मंगलवार को तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गयी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्ट ऑफिस डाकखाने में पैसा लेकर जमा न करने की बात पर कहा सुनी करने पर तीन लोगों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

ऑटो व बाइक की टक्कर में महिला घायल

लालगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत हाईवे पर स्थित पटेल नगर के सामने मंगलवार सुबह एक बाइक व सीएनजी आटों में टक्कर हो गई जिससे बाइक पर पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पीआरबी 112 की पुलिस व ग्रामीणों ने घायल महिला को उपचार हेतु एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर सिर व एक हाथ में गंभीर चोट देखते हुए अन्यत्र के लिए रेफर कर दिया। बाइक सवार लवकुश पुत्र चौथीराम ने बताया कि अपनी मां रन्नो देवी पत्नी चौथी राम उम्र 50 वर्ष निवासी हनुमान पड़रा को हलिया स्थिति पानी से लेकर बाइक से अपने घर जा रहा था कि पटेल नगर के सामने अनियंत्रित सीएनजी आटों ने टक्कर मार दिया जिससे मां के सिर में गंभीर चोटे आई है। दवही एक हाथ फैक्चर हो गया है। दुर्घटना की सूचना पीआरबी 112 को दी गई। मौके पर पहुंची पीआरबी 112 की पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।

फसल चक्र अपनाने से सुधरती है मिट्टी की सेहत : डॉ. एसएन सिंह

जमालपुर। ब्लॉक परिसर में मंगलवार को कृषि विभाग की तरफ से कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञों ने किसानों को खेती के टिप्स बताकर किसानों को जागरूक किया। इससे पूर्व कृषि गोष्ठी का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी डाक्टर रक्षिता सिंह एवं पूर्व प्रमुख आनंद सिंह बंटू ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। बीएचयू साउथ कैंपस बरकछा के कृषि वैज्ञानिक डा0 एस0एन0 सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ फसल चक्र अपनाने की सलाह दिया। उन्होंने बताया कि फसल चक्र अपनाने से मिट्टी की सेहत सुधरती है एवं उत्पादन में बढ़ोत्तरी होती है। प्राकृतिक खेती अपनाने से खेतों से रासायनिक उर्वरकों का दुष्प्रभाव कम होता है। खेतों में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग न करने की सलाह दी। जिला प्रयोगशाला प्रभारी रामबहादुर मौर्य, वासुदेव पाठक, एडीओ कृषि शनि सिंह ने भी किसानों को खेती के टिप्स बताए। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नरसिंह चौहान, भाकियू के जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह, मनीष सिंह पटेल, राजकुमार सिंह,रमेश सिंह, संदीप गुप्ता, जंगबहादुर मौर्य, मुन्ना सिंह ईत्यादि किसान मौजूद रहे।

भौरों के हमले से छात्र घायल, टूटा पैर

राजगढ़। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोराडीह में मंगलवार को भौरों के काटने से आधा दर्जन छात्र गंभीर हो गए। जानकारी के मुताबिक सेमरा बरहो गांव निवासी संजय सिंह का पुत्र उमंग सिंह नौवीं कक्षा का छात्र है। वह सुबह अपने घर से अंकुश जायसवाल, सोनी पाल समेत आधा दर्जन बच्चों के साथ खोराडीह गांव स्थित एक विद्यालय जा रहा था कि खोराडीह गांव के मुस्लिम बस्ती के समीप एक बरगद के पेड़ से झुंड में भौंरे छात्रों के ऊपर हमला कर दिए। भौरों के डंक से छात्र उमंग सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया और वहां से भागने लगा। भागने में उमंग सिंह फिसलकर गिर गया और उसका एक पैर टूट गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। छात्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में उपचार हेतु भर्ती कराया। हास्पिटल में उपस्थित चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। सेमरा बरहो गांव निवासी मनीष सिंह ने बताया कि अंकुश जायसवाल, सोनी पाल समेत आधा दर्जन छात्रों का स्थानीय चिकित्सकों द्वारा इलाज किया गया। सभी की हालत में सुधार होने पर सभी छात्रों को घर भेज दिया गया।

तालाब में फंसे बारहसिंघा को वन विभाग ने जंगल में छोड़ा

राजगढ़। थाना क्षेत्र के सुकृत रेंज के हिनौता पणरवा गांव में जंगल से भटक कर एक बारासिंघा स गांव में पहुंच गया और गांव के तालाब में फंस गया। ग्रामीण की सूचना पर वन विभाग और स्थानीय राजगढ़ की पुलिस मौके पर पहुंची जिसे सफलतापूर्वक तालाब से सुरक्षित निकालकर जंगल में छोड़ दिया। मंगलवार की सुबह कुछ लोग तालाब की ओर गए तो देखा कि एक जंगली पशु तालाब में गिरा हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग और राजगढ़ पुलिस को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग और स्थानिय पुलिस ने सफलतापूर्वक जानवर को बाहर निकाला और उसे ले जाकर जंगल में छोड़ दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष महेंद्र पटेल और वन रेंज अधिकारी राकेश कुमार यादव ने बताया कि जंगल से भटक कर एक बारासिंघा णरवा गांव के तालाब में फंस गया था जिसे राजगढ़ की स्थानीय पुलिस और वन विभाग ने सफलतापूर्वक निकालकर जंगल में छोड़ दिया।

उद्घाटन मैच में गड़बड़ा की टीम ने मारी बाजी

हलिया। क्षेत्र के भटवारी गांव के जगधारी प्रसाद इंटर कालेज के समाने स्थित मैदान में दस दिवसीय बीपीएल क्रिकेट क्लब की तरफ से टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच का मुख्य अतिथि प्रधान संघ अध्यक्ष शिवबाबू सेठ व विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान भटवारी राजेश मौर्या, गुर्गी रमेश मौर्या, थोथा प्रधान प्रतिनिधि राजेश यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मैच सम्राट क्रिक

पूर्व सैनिकों की समस्याओं का ससमय करें निस्तारण

बोले डीएम

डीएम ने अधिकारियों के साथ की जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय की बैठक दिये निर्देश

जनसंदेश न्यूज

बैठक को संबोधित करते डीएम बीएन सिंह

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की भूमि विवाद, नाली समस्या, भूमि का सीमांकन, खेत में जा रहे रास्ते, विद्युत आपूर्ति के लिए नया ट्रांसफार्मर लगवाने की समस्या का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी ससमय गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित करें। डीएम ने सेवानिवृत्त सैन्य कर्मचारी के सैनिक कल्याण निगम द्वारा तैनाती के सम्बन्ध में जनपद में मोबाइल, सीएसडी कैन्टीन संबंधित समस्या सुनने के बाद निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन नौ सेना आशुतोष चौधरी को दिये। इस मौके पर उपायुक्त जिला उद्योग अधिकारी आरपी गौतम, एडीआईओ विनय कुमार सिंह, जिला लीड बैंक मैनेजर, पूर्स सैनिक एवं उनके आश्रित मौजूद रहे।

कैंप में 70 किसानों का हुआ फार्मर रजिस्ट्रेशन

सोनभद्र। कृषि व राजस्व विभाग द्वारा पंचायत भवन डूमरडीहा पर कैम्प लगाकर कर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की गयी। दो दिवसीय आयोजित कैम्प के पहले दिन मंगलवार को 70 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की गई। कैम्प बुधवार को भी लगाया जाएगा। इसके बाद छूटे किसान किसी भी सीएससी केंद्र से फार्मर रजिस्ट्री करा सकेंगे। डूमरडीहा पंचायत भवन पर लगे कैम्प में कृषि विभाग तकनीकी प्रबंधक विनय कुमार सिंह, फूलपती मौर्या, लेखपाल महेंद्र प्रसाद ने किसानों की इसकी महत्ता समझाते हुए कहा कि किसानों का पंजीयन होने के बाद कृषि संबंधी सभी कार्य फसल बीमा, फसल ऋण, किसान सम्मान निधि योजना का लाभ इसी पंजीयन के माध्यम से त्वरित व सुगम मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री उपरान्त एक किसानों को गोल्डेन कार्ड जारी किया जाएगा। जिसमें डाटा के आधार किसानों को सभी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। पंजीयन के लिए किसानों को खतौनी, राशन कार्ड, आधार कार्ड जमा करना पड़ेगा। जिनके पास राशन कार्ड नही है, वे फैमिली आईडी से अपना पंजीयन करा सकते हैं।

सोबाए चुनाव : 20 उम्मीदवारों ने खरीदा पर्चा

जनसंदेश न्यूज

पर्चा खरीदते अधिवक्ता

सोनभद्र। सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2024-25 के लिए हो रहे मतदान के लिए नामांकन पत्र वितरण के प्रथम दिन मंगलवार को अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर, महामंत्री, कोषाध्यक्ष,संयुक्त मंत्री एवं कार्यकारिणी सहित भिन्न-भिन्न पदों के लिए कुल 20 लोगों ने पर्चा लिया। जिसमें अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए दो-दो लोगों ने पर्चा लिया है।

वहीं उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए 3 लोगों ने पर्चा लिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शशि कुमार मिश्र ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी अरुण कुमार मिश्र व ओम प्रकाश पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी शारदा प्रसाद मौर्या एवं गोविंद प्रसाद मिश्र, महामंत्री पद के लिए दो प्रत्याशी अरुण कुमार सिंघल एवं योगेश कुमार द्विवेदी, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए तीन प्रत्याशियों संजय कुमार पांडेय, प्रदीप देव पांडेय एवं पुष्पा तिग्गा तथा उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे के लिए आशुतोष कुमार दुबे व अखिलेश कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष के लिए आशीष कुमार मिश्र व वीरेंद्र कुमार सिंह तथा संयुक्त मंत्री प्रशासन अजय प्रकाश मिश्र व संयुक्त मंत्री प्रकाशन गीता गौर ने पर्चा लिया। वही सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से ऊपर के लिए एक प्रत्याशी एवं सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे के लिए चार प्रत्याशियों ने ने पर्चा लिया। उन्होंने बताया कि बुधवार को नामांकन पत्र के विक्रय की आखिरी तिथि नियत है। 11 एवं 12 दिसंबर को प्रत्याशी अपना पर्चा दाखिल करेंगे।

संक्षेप

एसडीएम ने चौपाल लगाकर तीन मामलों का किया निस्तारण

चौपाल में ग्रामीण की शिकायत सुनते एसडीएम

दुद्धी। स्थानीय तहसील क्षेत्र के रजखड़ गांव में राजस्व विवादों के लंबित मामलों के निस्तारण के लिए मंगलवार को चौपाल लगाया गया। एसडीएम निखिल यादव ने रजखड़ गांव में वादकारियों के लंबित मामले को देखते हुए सुगम योजना की शुरूआत कर गांव में चौपाल लगाकर तीन मामलों का निस्तारण कर दिया। शेष मामले का निस्तारण नायब तहसीलदार पुलिस व राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर करेंगे। एसडीएम ने बताया कि रजखड़ गांव में सुगम योजना के तहत चौपाल लगाकर जनसुनवाई की गई। जिसमें 15 मामले आये। जिसमें तीन मामलों का निस्तारण मौका मुआयना कर किया गया। शेष मामलों को जल्द ही निस्तारण के लिए टीम गठित कर दिया गया। इस मौके पर ज्ञानेंद्र यादव, गुंजा देवी, ब्रजेश कुशवाहा, लेखपाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल का आगमन 16 को

सोनभद्र। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अर्हता तिथि 1 जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर डा. मुथुकुमार स्वामी बी का द्वितीय भ्रमण 16 दिसम्बर को होगा। इस दौरान मण्डलायुक्त स्थलीय सत्यापन तथा सायं पांच बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक करेंगे। निर्वाचन कार्य से जुड़े सम्बन्धितों को उक्त तिथि को आयोजित बैठक में अपने से सम्बन्धित समस्त सूचनाओं के साथ ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित किया गया है।

तालाब में डूबकर मासूम की मौत, मातम

दुद्धी। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मझौली गांव में मंगलवार को छोटे तालाब में डूबकर दो वर्ष के मासूम की मौत हो गई। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि रौनक पनिका पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम कुटिया पोस्ट धुरकी, गढ़वा, झारखंड बीते सप्ताह अपने नाना शिव प्रसाद निवासी मझौली के घर आया हुआ था। मंगलवार को गांव के बच्चों के साथ वह खेलने गया था। इस बीच अचानक वह तालाब में डूब गया। जब तक परिजन उसे बचाते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए सीएचसी भेज दिया।

क्षेत्र पंचायत घोरावल की बैठक 17 को

सोनभद्र। खण्ड विकास अधिकारी घोरावल ने बताया कि प्रमुख क्षेत्र पंचायत घोरावल की स्वीकृति के क्रम में क्षेत्र पंचायत की बैठक विकास खण्ड घोरावल सभागार में 17 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से प्रमुख की अध्यक्षता में आहूत की गयी है। उन्होंने बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने की अपील किया है।

गीता जयंती समारोह में पांच विभूतियां होंगी सम्मानित

सोनभद्र। गीता जयंती समारोह समिति के स्वागत सचिव अरुण कुमार चौबे ने बताया कि 11 दिसंबर को गीता जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें पांच विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर गीता में वर्णित यज्ञ विषय पर गोष्ठी भी होगी। बताया कि राबर्ट्सगंज नगर स्थित सांई हॉस्पिटल में गीता में वर्णित यज्ञ विषय पर गोष्ठी होगी। उन्होंने समारोह में अधिक से अधिक संख्या में गीता प्रेमियों को पहुंचने की अपील किया है।

अद एस की बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया गया जोर

दुद्धी। अपना दल एस की समीक्षा बैठक मंगलवार को न्याय पंचायत बीड़र रामलीला परिसर में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि मान सिंह गोंड म्योरपुर ब्लाक प्रमुख ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि संगठन एक परिवार है। हम सभी को मिलजुल कर संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी स्वयं लेनी होगी। डा. सोनेलाल पटेल चाहते थे कि सभी को रोटी, कपड़ा और मकान का अधिकार मिले। संगठन में सभी लोग अपनी जिम्मेदारी निभाएं तभी जाकर समाज में बदलाव होगा और अपना दल एस संगठन प्रदेश में सबसे मजबूत होगा। अध्यक्षता कर रहे निरंजन जायसवाल कार्यवाहक विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए वे तत्पर हैं। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। संचालन हार्दिक पटेल ने किया। वहीं अपना दल एस की विचारधारा से प्रभावित होकर कई लोग अपना दल एस में सम्मिलित हुए। इस मौके पर राजपाल सिंह कुशवाहा, नरेन्द्र सिंह पटेल, रामकली सिंह, नंदलाल राम, भगवान विश्वकर्मा, रामजीत गोंड, शिव कुमार, मंसूर खां, रमेश सिंह, राहुल सोनी, विशाल पटेल, जयनाथ पटेल, प्रभुनाथ समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

बेरोजगारी समेत जन मुद्दों को लेकर भाकपा कार्यकर्ताओं का धरना

जनसंदेश न्यूज

सौंपा ज्ञापन

कहा-महंगाई से त्रस्त है आमजन, सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का बोलबाला

सोनभद्र। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर भाकपा कार्यकर्ताओं ने महंगाई, बेरोजगारी, खाद बीज, स्वास्थ्य, शिक्षा, अडानी प्रकरण, अर्थव्यवस्था, बिजली निजीकरण, संभल घटना समेत तेलगुड़वा-कोन संपर्क मार्ग की मरम्मत और खनन में नियम के विरुद्ध चल रहे मशीनीकरण मुद्दों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी पार्क में धरना दिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार जन सवालों पर ध्यान न देकर केवल ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है। सदियों से भारत की साझी संस्कृति, विरासत की गंगा जमुनी तहजीब को ध्वस्त कर रही है।

शिक्षा, स्वास्थ्य महंगा है, भ्रष्टाचार चरम पर है। देश का सबसे बड़े भ्रष्टाचारी को बचाया जा रहा है। कहा कि संसद को सत्तापक्ष द्वारा हास्यास्पद बना दिया गया है। संसदीय परंपरा की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और आरोप विपक्ष पर लगाया जा रहा है। कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था खत्म हो रही है। योगी राज में लूट का साम्राज्य कायम हो गया है।

जनपद में सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का बोलबाला हो गया है। ऐसे में जनता को सड़क पर उतर कर संघर्ष करना होगा। इस दौरान राष्ट्रपति को नामित पंद्रह सूत्रीय मांग पत्र और जनपद की समस्याओं को लेकर दस सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस मौके पर आरके शर्मा, देव कुमार विश्वकर्मा, बसावन गुप्ता, राम सुरत बैगा, अयोध्या बैसवार, पप्पू भारती, विरेन्द्र सिंह गोंड, नागेन्द्र कुमार, हृदय नारायण गुप्ता, तारकेश्वर गुप्ता, राम लखन गोंड़, रामजी बैगा, शिवनारायण, श्रृंगारी देवी, पुष्पा कुमारी, सेमरी देवी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

जागरूकता से ही होगी मानव अधिकारों की रक्षा

बैठक को संबोधित करते गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट के संस्थापक रवि प्रकाश चौबे

सोनभद्र। अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट कार्यालय में संगोष्ठी सम्पन्न हुई। अध्यक्षता करते हुए गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट के संस्थापक रवि प्रकाश चौबे ने मानव कर्तव्य व मानव अधिकार पर चर्चा करते हुए सजग रहने की बात कही। मुख्य अतिथि अधिवक्ता उच्च न्यायालय बसंत कुमार द्विवेदी ने कहा की जन जागरूकता से ही मानव अधिकारों की रक्षा होगी। मानव अधिकार शिक्षा से होगा। मानवाधिकारों के संरक्षण में हर किसी को समुचित अधिकार दिलाने का संकल्प लें। इस मौके पर दयाशंकर पाण्डेय, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, सिद्धनाथ चौबे, राजन चतुर्वेदी, रमाकांत तिवारी, विनोद मिश्र, अनूप मिश्र, रोशन राय, नवीन पाण्डेय, अवनीश देव पाण्डेय, राज त्रिपाठी, अनिल दूबे समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

टीपर की चपेट में आने से बाइक सवार एक की मौत, दो घायल

जनसंदेश न्यूज

हादसा

सिंदुरिया पुल पर हुआ हादसा, ओबरा जा रहे थे बाइक सवार

चोपन। स्थानीय थाना क्षेत्र में मंगलवार को बालू लादकर जा रही टीपर की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज लोगों की मदद से घायलों को तत्काल चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

उधर मौत की खबर लगते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया इन्दजीत 30 पुत्र लालजी, रिंकू 35 पुत्र दयाशंकर व चंद्रशेखर 55 निवासी बलीयाटांड़ जुगैल एक ही बाइक पर सवार होकर ओबरा किसी काम से जा रहे थे। जैसे ही सिंदुरिया पुल पर पहुंचे कि बालू लादकर चोपन की तरफ जा रही टीपर ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया। इस हादसे में मौके पर ही इंद्रजीत की मौत हो गई, जबकि साथ में बैठे दोनों घायल हो गये। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिंकू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि चंद्रशेखर को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। वहीं पुलिस शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। दुर्घटना के बाद टीपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। जिसपर पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया।

महिलाओं को किया गया जागरूक, बांटे पंपलेट

सोनभद्र। मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत मंगलवार को नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

बिजली कर्मियों ने काली पट्टी बांध किया कार्य

बांह पर काली पट्टी बांध कार्य पर पहुंचे बिजलीकर्मी

जनसंदेश न्यूज

बीजपुर। बिजली विभाग के निजीकरण को लेकर सरकार के एक तरफा फैसले से खफा पूर्वांचल विद्युत बितरण निगम के कर्मचारियों ने मंगलवार को बिजली कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राय के निर्देश पर प्रदेश में हाथ पर काली पट्टी बांध कर काम शुरू किया। बताया गया कि कुंडाडीह, नधिरा, बभनी, बीजपुर उपकेंद्र से जुड़े जेई, टीजीटू, लाइनमैन समेत सैकड़ों कर्मचारियों ने बिजली कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह के नेतृत्व में बांह पर काली पट्टी बांध कर उपकेंद्रों पर काम करने पहुंचे। कहा कि यह आंदोलन सरकार द्वारा लिए गए निजी कारण के फैसले के खिलाफ है। बताया कि सरकार के फैसले से नाराज कर्मचारी संगठन काली पट्टी बांध कर शांति प्रिय ढंग से ड्यूटी करने का फैसला लिया है। आंदोलन निजीकरण के फैसले को वापस होने तक जारी रहेगा। इस मौके पर अवर अभियंता बिहारी लाल, टीजीटू मनोज कुमार जायसवाल, गोपाल दास, नागेंद गुप्ता, देवनारायण, अनुराग कुमार, जमुना, रामनरेश, कन्हैया लाल, रामप्रसाद, संदीप कुमार, जमुना राम, श्रवण कुमार, विकेश समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

कृषकों को सिखाये गये वैज्ञानिक खेती के गुर

जनसंदेश न्यूज

कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि

रामगढ़। विकास खंड परिसर चतरा में कृषि विभाग द्वारा कृषि सूचनातंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेले का आयोजन किया गया। अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी चतरा लालजी शुक्ल ने किया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी सौरभ कुमार सिंह द्वारा बीज भंडार से वितरित बीजों एवं बीज की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी गयी। डा. सुधीर कुमार खन्ना ने कृषकों को वैज्ञानिक खेती समेकित कीट एवं रोग प्रबंधन गेहूं एवं दलहन, तिलहन की उन्नतशील खेती के बारे में जानकारी दी गयी।

प्रगतिशील कृषक शिव प्रकाश सिंह ने कृषकों से वैज्ञानिक पद्धति से खेती उच्च एवं प्रमाणित बीज का चयन एवं अन्य विभागीय योजनाओं से लाभान्वित होने की अपील किया। पशुपालन विभाग के अधिकारी ने पशुपालकों को विभाग के योजनाओं की जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी कृषि राकेश कुमार सिंह ने कृषि विभाग, उद्यान विभाग के लाभप्रद योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर अखिलेश सिंह, अनूप रावत, नरेंद्र पाल, आदर्श कुमार सिंह, राजबली सिंह, विद्यापति मौर्य, महेंद्र प्रताप, देव कांत, दशरथ मौर्य, सिद्धनाथ मौर्य समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से परेशान: बेचन

जनसंदेश न्यूज

बिछियां धरनास्थल पर बैठक को संबोधित करते वक्ता।

चंदौली। प्रगतिशील मानव समाज पार्टी जिला इकाई की बैठक मंगलवार को बिछिया धरनास्थल पर हुई। इस दौरान संगठन की मजबूती के साथ ही तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई। वहीं पार्टी का स्थापना दिवस पर सभी कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि संगठन को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास होंगे। साथ ही जनहित के मुद्दे पर पार्टी कार्यकर्ता संघर्ष करने के लिए तैयार रहेंगे। इस दौरान मंडल संगठन मंत्री बेचन बिंद ने कहा कि इस समय देश का आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से परेशान है, लेकिन भाजपा सरकार इसे दूर करने में पूरी तरह से नाकाम है।

सरकार की गलत नीतियों से देश का आम आदमी परेशान है। सरकार किसानों, नौजवानों व आम नागरिकों के हितों की लगातार अनदेखी कर रही है। जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद बिंद ने कहा कि प्रदेश की हालत प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। आए दिन लूट, हत्या व अपहरण की घटनाएं हो रही है और युवाओं को रोजगार देने का जो वादा किया था उसे भी केंद्र व प्रदेश सरकार ने पूरा नहीं किया है। इस दौरान महेश बिंद, निरहू बिंद, नंद किशोर, राजेश बिंद, मोती बिंद, राम अवतार, अभिमन्यु सिंह,सुनील बिंद,रामकृत यादव, नंदलाल उपस्थित रहे।

प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ के मद्देनजर सुरक्षा के बंदोबस्त

डीडीयू नगर। प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में जाने वाले स्नानार्थियों की भीड़ स्थानीय रेलवे स्टेशन पर बढ़ेगा। विशेष स्नान पर्व पर स्टेशन पर एक लाख से ज्यादा यात्रियों का दबाव हो सकता है। वहीं अन्य दिनों में चालीस से पैंतालीस हजार से ज्यादा यात्री रेलवे स्टेशन पर पहुंचेंगे। इसके साथ ही ट्रेनों में छह लाख से अधिक यात्रियों का दबाव होगा। इसको देखते हुए स्थानीय स्टेशन पर सुरक्षा तैयारियां तेज हो गई है। प्रयागराज में 12 वर्ष बाद लगने वाले महाकुंभ में 48 करोड़ लोगों के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। देश के विभिन्न कोनों से ट्रेनों से स्नानार्थी प्रयागराज पहुंचेगे। स्थानीय रेलवे स्टेशन से अप में वाराणसी और प्रयागराज जबकि डाउन में गया और पटना रूट की ट्रेनें जाती है। ऐसे में स्नानार्थियों के लिए स्टेशन ठहराव स्थल हो सकता है। इसको देखते हुए रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी है। महाकुंभ के दौरान स्टेशन पर चप्पे-चप्पे पर अर्धसैनिक बल, जीआरपी, जिला पुलिस, आरपीएफ और होमगार्ड के 500 जवान मुस्तैद रहेंगे। वहीं 200 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। आरपीएफ की ओर से रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में 72 कैमरे लगे हैं। अब 125 और कैमरें लगाए जाएंगे। वहीं जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के लिए एक कंपनी अर्धसैनिक बल, पुलिस और होमगार्ड की मांग की है। 15 दिसंबर तक होमगार्ड, पुलिस और अर्धसैनिक बल के डीडीयू स्टेशन पर पहुंच जाएंगे। इन्हें नगर के नगर पालिका इंटर कॉलेज में ठहराया जाएगा। वहीं रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए यात्री ठहराव स्थल बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। जब कि छठ पूजा के दौरान स्टेशन पर एक यात्री ठहराव स्थल का निर्माण किया गया । अब अन्य स्थल पर ठहराव की व्यवस्था की जाएगी। महाकुंभ के दौरान स्टेशन पर यात्री ठहराव के साथ ही यात्रियों को सुरक्षित पास कराना बड़ी चुनौती होगी। स्थानीय रेलवे स्टेशन से वर्तमान में रोजाना तीन सौ ट्रेन गुजरती है। इससे तीन लाख से अधिक यात्री आवागमन करते हैं। महाकुंभ के दौरान यात्रियों की संख्या पांच से छह लाख हो सकती है। वर्तमान में रोजाना प्रयागराज रूट पर 120 ट्रेनों का आवागमन होगा। इन यात्रियों को सुरक्षित भेजना चुनौती होगी। इस बाबत वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज ने कहा कि महाकुंभ के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इसके लिए अतिरिक्त फोर्स लगाए जाएंगे। जरूरत पड़ने पर सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन से भी भीड़ की निगरानी की जाएगी।

लालपुर कुआं के तालाब में डूबने से युवक की मौत, मचा कोहराम

जनसंदेश न्यूज

शहाबगंज। थाना क्षेत्र के लालपुर कुआं गांव में सोमवार की शाम एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। आसपास के ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस की दी घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर की सहायता से युवक के शव को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन रात में सफलता नहीं मिली जिसको लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। बाबते है कि कुंवा गांव निवासी मुन्ना चौहान का 18 वर्षीय पुत्र आकाश उर्फ काजू चौहान अपने दो दोस्तों के साथ तालाब के किनारे बैठा था इसी दौरान तीनों में तालाब पार करने की शर्त लग गई, जिसमें आकाश तालाब में कूद गया और उसको पार कर गया। लेकिन फिर वापस आते समय बीच तालाब में ही डूब गया। जिसको देख उसके दोस्त मौके से फरार हो गए। किसी तरह इस बात की जानकारी ग्रामीणों में हो गई। जहां भारी संख्या में ग्रामीण पोखरे पर इकट्ठा हो गए और तत्काल पुलिस को सूचित किए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर की सहायता से आकाश को ढूढने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली जिससे नाराज ग्रामीणों ने सुबह चक्का जाम प्रदर्शन करने लगे सुबह कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आकाश के शव को पोखरे से बरामद कर लिया, तब जाकर ग्रामीण व परिजन शांत हुए। इस बाबत थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग ने बताया कि युवक के शव को तालाब से बाहर निकाल लिया गया है और शव को कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों को समझाती पुलिस।

रणवीर ने खोज निकाला शव

चंदौली। चकिया थाना क्षेत्र के पचवनिया निवासी गांव निवासी रणवीर चौहान ने 15 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद आकाश के शव को पोखरे से बरामद कर लिया। जिसकी प्रशंसा की जा रही है। वही शव को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर मौजूद पुलिस ने तत्काल आकाश के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

रामपुर प्राइमरी स्कूल में आर्ट एण्ड क्राफ्ट कार्यशाला आयोजित

जनसंदेश न्यूज

नियामताबाद। स्थानीय क्षेत्र के रामपुर प्राथमिक विद्यालय में लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के 10 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही फाउंडेशन की तरफ से आई हुई अपराजिता द्वारा विद्यालय में विविध रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वही विद्यालय की तरफ से संकुल प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम में बच्चों के लिए आर्ट और क्राफ्ट कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जहां उन्होंने अपनी कल्पनाशक्ति का परिचय दिया।

इसके अलावा कहानी सुनाने और लेखन प्रतियोगिताओं ने बच्चों की भाषा कौशल और अभिव्यक्ति को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वही संकुल प्रभारी अशोक कुमार जायसवाल ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और उन्हें आनंदमय और शिक्षाप्रद वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों के जोश और प्रतिभा ने इस कार्यक्रम को और यादगार बना दिया। वही लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के तरफ से आई हुई अपराजिता तथा उनकी टीम ने अपने 10 वर्षों के सफर को साझा करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक योगदान देने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने एलएलएफ के प्रयासों की जमकर सराहना करते हुए इसे बच्चों के विकास के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया। कार्यक्रम का समापन बच्चों और शिक्षकों की मुस्कान और उत्साह के साथ हुआ जो इस आयोजन की सफलता को दशार्ता है। इस अवसर पर कविता सोनकर, कुमारी सोनी, माधुरी रावत, जानकी सहित आदि उपस्थित रहे।

रामपुर प्राइमरी स्कूल में आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग करते बच्चे।

संक्षेप

फार्मर रजिस्ट्री के लिए रैथा पंचायत भवन पर लगा कैम्प

रैथा पंचायत भवन पर आयोजित कैम्प में मौजूद अधिकारी।

धीना। किसान सम्मान निधि हो या फिर अन्य सरकारी योजनाएं, उसके लाभ के लिए अब किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराई जा रही है। इसके लिए किसानों की खतौनी को आधार कार्ड से एग्री स्टैक पोर्टल पर जोड़ा जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को रैथा ग्राम के पंचायत भवन में किसानों के अभिलेखों की केवाईसी कराकर फॉर्मर रजिस्ट्री हुआ। कृषि तकनीकी अधिकारी अंकुश कुमार सिंह व लेखपाल रविशंकर राय ने सुबह दस बजे से दिन के चार बजे तक किसानों का केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री किया। बहुतायत किसानों का खतौनी एवं आधार कार्ड के नाम में अंतर होने एवं ऐप सर्वर काम नहीं करने के कारण फॉर्मर रजिस्टी पूर्ण नहीं हो सका। उक्त अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि मु दिलशेर, पचांयत सहांयक जय प्रकाश यादव, समाजसेवी मिथुन कुमार, दिवाकर राय, धीरेन्द्र कुमार राय, अशोक कुमार राय, केशव मौर्य, अंगद मौर्य, सुपरवाइजर शर्मा, मैनेजर शर्मा, मुस्तकीम, लखराज हरिजन, रामनाथ मौर्य सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

ब्लॉक प्रमुख ने गिरे बैग को किया पुलिस के हवाले

डीडीयू नगर। सोमवार की देर रात एक टेम्पो से एक लाल रंग का बैग मानस नगर गेट के पास गिर गया। तभी पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबू लाल अपने गाड़ी से आ रहे थे। तभी चालक की नजर लाल बैंग पर पड़ गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख मंगलवार की सुबह चकिया चंदौली तिराहा पर रेलवे चौकी प्रभारी अजय कुमार को सौंप दिया। पुलिस ने बैंग का जांच पड़ताल किया। बैंग में कपड़े, दवा व अन्य सामान था। पुलिस ने कैंपों चालकों के माध्यम से बैंग स्वामी का तलास शुरू कर दिया।

शराब पीकर उत्पात मचाने वाले चार को भेजा जेल

सकलडीहा। शाम होते ही सकलडीहा कस्बा के आसपास जगहों पर शराब पीकर उत्पात मचाने वाले युवाओं के खिलाफ एसडीएम ने मोर्चा खोल दिया है। पिछले तीन दिन में अलग अलग दुकानों पर छापेमारी के दौरान एक दर्जन से अधिक युवाओं को पकड़वाकर पुलिस के हवाले किया। वही चार युवकों को एसडीएम न्यायालय से जेल भेज दिया। एसडीएम के इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

बथावर में घुमावदार सड़क दुर्घटना को दे रहा दावत

सकलडीहा। सकलडीहा अलीनगर मार्ग पर स्थित बथावर गांव के समीप पुलिया से सड़क घुमावदार है। जिस कारण अलीनगर और सकलडीहा से आने जाने वाले वाहनों को घुमाव पर सामने से आने वाले वाहन नही दिखायी देते है। जिसके कारण आये दिन दुर्घटना होती है। बीते दिनो मंत्री की स्काट में जा रही पुलिस स्कार्ट भी एक पिकअप से टकरा गया था। जिसमें कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये थे। रविवार को ट्रक और टेम्पो की आमने सामने टक्कर में दो की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से ब्रेकर बनवाने की मांग किया है।

तीन मवेशियों संग एक तस्कर गिरफ्तार

इलिया। थाना क्षेत्र के जिगना गांव के पास से पुलिस ने वध के लिए पैदल रास्ते से बिहार में प्रवेश दिलाने ले जा रहे तीन मवेशियों को मंगलवार को बरामद करने के साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गश्त कर रही थी तभी अमाव से जितना गांव के समीप तीन पशु के साथ व एक तस्कर पैदल रास्ते आते दिखाई दिए, जिस पर पुलिस कर्मियों ने दौड़ाकर तस्कर को धर दबोचा स थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर दिलावर अंसारी चांद थाना क्षेत्र के चंदा गांव का निवासी है। जिसे गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

चकिया प्राथमिक स्कूल के बच्चों में बैग व जूता वितरित

चकिया प्राथमिक स्कूल में स्कूली बच्चों को बैग व जूता वितरित करते अतिथिगण।

चकिया। नगर पंचायत चकिया वार्ड नंबर 6 सिविल लाइन पूर्वी में स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन भारत सरकार नई दिल्ली तहत क्षेत्रीय विधायक कैलाश आचार्य और अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं में बैग और जूता मोजा का वितरण किया, जिससे छात्र-छात्राओं में हर्ष का माहौल व्याप्त रहा। इस दौरान चकिया विधायक ने कहा कि सरकार की मंशा है कि छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य और उनके सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के दौरान उनके पथ पर किसी तरह की कोई कठिनाई न आए जिसके लिए सरकार कटिबध है। वितरण समारोह के दौरान वार्ड सभासद मीना विश्वकर्मा, प्रभारी प्रधानाध्यापक रजनी जायसवाल, नीरू देवी चौहान, डॉ सुरेश चौहान (प्रधान) व पूर्व सभासद गुरुदेव चौहान अर्चना यादव सरिता पाल, लता पाठक, कुसुम यादव, सुनील कुमार सहित तमाम शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

जीआरपी-आरपीएफ ने चार बैग से 75 जिंदा कछुआ किया बरामद

जनसंदेश न्यूज

डीडीयू नगर। राजकीय रेलवे पुलिस रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने मंगलवार की सुबह स्थानीय रेलवे स्टेशन पर लावारिश हाल में पड़े 75 कछुओं को बरामद किया है। जीआरपी ने कछुओं को वन विभाग के हवाले कर दिया। माना जा रहा है कि कछुओं को ट्रेन से बंगाल ले जाया जा रहा था। तस्कर ट्रेन बदलने के लिए स्टेशन पर उतरे होंगे और पुलिस के डर से इसे छोड़ कर भाग गए होंगे। ठंड की शुरूआत होते ही कछुओं की तस्करी तेज हो गई है।

तस्कर देहरादून, बिजनौर सहित अन्य इलाकों से दुर्लभ वन्य जीव कछुओं को पकड़ कर इसकी तस्करी पश्चिम बंगाल में करते हैं। यहां कछुओं को चाव से खाया जाता है। यही नहीं कई शक्तिवर्धक दवाइयों में इसका उपयोग किया जाता है। मंगलवार की सुबह सुरक्षा के मद्देनजर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम गश्त कर रही थी।तभी प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर चार बैग लावारिश हाल में दिखाई दिया। टीम ने बैग के बारे में पूछताछ करने पर कोई सामने नहीं आया। बैंग की तलाशी लेने पर उसमें कछुए मिला। बैंग को राजकीय रेलवे पुलिस थाना लाकर गिनती की गई। चारों बैंग से 75 जिंदा कछुआ बरामद हुआ। जीआरपी ने इसकी सूचना क्षेत्रीय वनाधिकारी को दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम कछुओं को बरामद कर अपने साथ ले गई। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कछुओं को तस्करी कहीं ले जाया जा रहा होगा। स्टेशन पर पुलिस को देख कर तस्कर छिप गए। तस्करों का पता लगाया जा रहा है।

जीआरपी व आरपीएफ द्वारा बरामद किए गए कछुए।

अपार्टमेंट में रस्सी के सहारे लटकता मिला युवक का शव

पड़ाव। मुगलसराय थाना अंतर्गत जलीलपुर चौकी क्षेत्र के सेमरा स्थित जीत होम अपार्टमेंट में संदिग्ध परिस्थिति में एक युवक की नायलोन की रस्सी के सहारे लटकता शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुट गई। जानकारी के अनुसार रवि यादव उम्र 24 साल पुत्र अम्बिका मढ़िया निवासी जीत होम अपार्टमेंट में लगभग छह वर्षों से सिविल प्लांट ऑपरेटर का कार्य करता था रोजाना शाम छह बजे अपने घर चला जाता था कभी कार्य के वजह सें देर भी हो जाता था और सोमवार को काफी देर होने पर घर नहीं पंहुचा तो घर के परिजन ने रात्रि में अपार्टमेंट के गॉर्ड को फोन सें बताया की रवि अभी घर नहीं आया है। गॉर्ड के अनुसार रात्रि साढ़े नौ बजे मेन गेट बाहर जाते दिखाई दिया था, सुबह जब लोगों ने सिविल प्लांट पर जाकर देखा तो रवि फांसी के फंदे सें लटका मिला। इस बात की जानकारी स्थानीय चौकी पर दी गई। मौके पर पहुंचे मुगलसराय कोतवाल विजय बहादुर सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्यवाही में जुट गए।

प्रतियोगिता में अभिषेक फार्मेसी के बच्चों ने दिखाया जलवा

अभिषेक फार्मेसी कॉलेज में चयनित बच्चों के साथ संस्था के डा. संजय यादव।

चंदौली। अभिषेक फामेर्सी कॉलेज चंदौली की छात्राएं 10 और 11 दिसंबर को डा. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। चयनित सभी छात्राएं संविधान दिवस के अवसर बीते 26 नवंबर को कालेज में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्थान स्तर पर विजेता होने के बाद छात्राओं को डा. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। उक्त प्रतियोगिता के अंतर्गत पेंटिंग में प्रतिभ्या सिंह, भाषण में श्वेता मौर्य एवं रंगोली में सुजीत कुमार ने बाजी मारी। संस्था के अध्यक्ष डा. संजय कुमार यादव व डायरेक्टर डा.आदेश बावने द्वारा उनके मनोबल को प्रोत्साहित कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

लंबित मुकदमे में कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी बरी

जनसंदेश न्यूज

चंदौली। जमीन के विवाद को लेकर 2006 से चले आ रहे मुकदमे में कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी को कोर्ट ने बरी किये जाने का आदेश निर्गत किया है। अपर जनपद न्यायाधीश विनय कुमार सिंह की कोर्ट ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया है। फैसला आने के बाद कांग्रेस नेताओं ने हर्ष मनाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त किया। मुकदमे से बरी होने के पश्चात धर्मेन्द्र तिवारी ने कांग्रेसजनों के साथ पंडित कमलापति त्रिपाठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया।

जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी की तरफ से मुकदमे में वकालत वरिष्ठ अधिवक्ता जमवंत प्रसाद, डा. नारायण मूर्ति ओझा, आशुतोष सिंह ने किया। इस मौके पर कोर्ट में प्रदेश महासचिव सरिता पटैल, शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता, मधुराय, आनंद शुक्ला, प्रदीप मिश्रा, राहुल सिंह, बृजेश गुप्ता, नवीन पाण्डेय, संजय मिश्रा, गंगा प्रसाद, शिवशंकर राय, नरेन्द्र तिवारी, विवेक सिंह, हर्ष तिवारी सहित कई अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थिति रहे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी।

कलेक्ट्रेट में किसानों ने डीएम के समक्ष रखी समस्याएं

चंदौली। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन मंडल अध्यक्ष पिंटू पाल के नेतृत्व में किसानों का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को कलेक्ट्रेट में निखिल टीकाराम फुंडे मुलाकात की। इस दौरान जनपद के किसानों की समस्या को रखा और तत्काल समाधान की मांग की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सियाराम सिंह चौहान ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत घरौली में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है किसी भी किसान को प्रपत्र 7,8,9 नहीं दिया गया है। अंश निर्धारण में भी धांधली की गई है, इस पर तत्काल रोक लगाई जाए।वहीं समान शिक्षा नीति को लागू करते हुए स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट भी अक्षरशः लागू हो। कहा कि एमएसपी की भी की सरकार गारंटी दें,ताकि इसका लाभ किसानों को मिल सके। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सारनाथ सिंह मोहन यादव शेषनाथ यादव राम आशीष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

अलीनगर पानी टंकी का स्टार्टर सात महीने से खराब, परेशानी

नियामताबाद। अलीनगर पानी टंकी का स्टार्टर सात माह व मोटर एक सप्ताह से खराब हो जाने के कारण पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे 35 हजार आबादी के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। अधिकारियों से शिकायत के बाद भी अभी तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। अलीनगर दो अपनी टंकियों से अलीनगर वार्ड नंबर 16, तीन नई बस्ती, नौ मुगलचक, आलमपुर, अमोघपुर, तारनपुर, मवई सहित लगभग 35 हजार आबादी के लोगों को पेयजल सप्लाई की जाती है। इसमें नियामताबाद ब्लॉक परिसर में स्थित पानी टंकी का स्टार्टर, 7 माह से खराब पड़ा हुआ है। वही काली मंदिर के पीछे स्थित ट्यूबवेल से सप्लाई की जा रही थी। इसका मोटर एक सप्ताह से जल गया है। जिससे पूरी तरह पेयजल सप्लाई ठप हो जाने से पानी के लिए लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। इसकी शिकायत पर विभागीय अधिकारियों द्वारा 3 दिन पूर्व मोटर बदलने की पहल शुरू की। लेकिन अभी तक मोटर बदलकर यहां नहीं लगाया गया, जिससे पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। इसको लेकर सभासद प्रतिनिधि शेख कयामुद्दीन ने बताया कि लगभग एक सप्ताह से वार्डों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर जेई कुणाल गौतम ने बताया कि जले मोटर को बनवा दिया गया है। बुधवार को लगवा कर पानी सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। वहीं खराब स्टार्टर को भी बनवाने का काम कर दिया जाएगा।

अलीनगर पानी टंकी।

महिला आयोग की सदस्य आज करेंगी जनसुनवाई

चंदौली। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को अपरान्ह 01:30 बजे से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस चन्दौली में किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें किसी भी प्रकार की पीड़ित महिलाएं एवं बालिकाएं पाक्सो एक्ट, लैंगिक असमानता, जमीन सम्बन्धित विवाद, घरेलू हिंसा, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज हिंसा इत्यादि से सम्बन्धित पीड़िता व महिला एवं बालिका द्वारा अपने शिकायत को स्वयं एक सादे कागज पर प्रार्थना पत्र के माध्यम से आयोग की सदस्य के समक्ष प्रस्तुत कर सकती है।

कुण्डा के गुलफान ने बिना दहेज पांच बारातियों संग किया निकाह

नियामताबाद। शादियां तो आपने बहुत देखी होगी पर एक ऐसी शादी जो बिना दहेज के सम्पन्न हुई और उसने एक मिसाल कायम कर दी। इसी का जीता जागता उदाहरण एक मुस्लिम परिवार है। हाजी सिराजुद्दीन के भतीजे ने बिना दहेज व पांच बाराती शादी करके समाज को एक सकारात्मक संदेश देने का काम किया है। बताते हैं कि कुंडा कला गांव के हाजी सिराजुद्दीन के भतीजा गुलफान अहमद का निकाह अलीनगर थाना क्षेत्र चंदरखा गांव के दाउद अली की पुत्री के साथ बिना दहेज व पांच बारातियों के साथ संपन्न हुआ। समाजसेवी हाजी सिराजुद्दीन ने बताया कि इस्लाम में शादी समारोह में लड़की के परिवार पर शादी का खर्च नहीं डाला जाता। इसी आधार पर हमारे बच्चों का निकाह हुआ। मेरे तीन लड़के थे जिनकी शादी 15 वर्ष पहले बिना दहेज करके समुदाय में उदाहरण प्रस्तुत किया था।

इसके बाद से ही अपने खानदान के जितने लड़के की शादी होती है उसमें खास तौर से बिना दहेज व पांच बारातियों के साथ निकाह होता है। कहा कि लड़के वाले को बिना दहेज की शादी के लिए मनाना जितना मुश्किल है, उससे भी कठिन लड़की वाले को राजी करना है कि वह बेटी को बिना दहेज विदा करें। सिराजुद्दीन ने कहा कि बिना दहेज निकाह करना लड़की के पिता को अपना अपमान लगता है उसे लगता है कि समाज क्या कहेगा। उसकी इसी सोच के चलते कई गरीब बेटियों का निकाह नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में मौलाना मंसूर आलम ने बताया कि बच्चों की शादियां निकाह चुनौती बनती जा रही है, कई बेटियों की तो शादियों में इसी कारण देरी होती जा रही कि बैंडबाजा व बारातियों पर खर्च परिवार उठाने में असमर्थ होता है। दहेज एक बड़ी समस्या है। कई बार दहेज के कारण रिश्ता टूट जाता है, इसलिए दहेज जैसी कुप्रथाओं पर भी अंकुश लगाने की आवश्यकता है। शादियों में जो आवश्यक खर्च करने से बेहतर है कि उसे हम बच्चों की शिक्षा, रोजगार व अन्य आवश्यक कार्य के लिए खर्च करें। मंसूर कहते हैं कि निकाह एक तरह से दो परिवार को जोड़ने का माध्यम है इसमें दिखावे की कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

निकाह के बाद परिवार के लोगों के साथ दूल्हा गुलफान अहमद।

अज्ञात वाहन के धक्के से साइकिल सवार घायल

नौगढ़। चकरघट्टा थाना क्षेत्र के देउरा माइनर के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से ठठवां गांव निवासी सायकिल से घर जा रहा लालबरत 60 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे देख राहगीरों ने मौके पर एंबुलेंस बुलाकर उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ भेजवाया। जहां पर प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया के लिए रेफर कर दिया। ठठवां गांव निवासी आशा कार्यकर्ती बिरंजी देवी पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम में बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने के लिए गई थी, जिसको खाना पहुंचाने के लिए उसका पति लालबरत सायकिल से जा रहा था। रास्ते में देउरां माईनर के समीप नौगढ़ रावर्टसगंज मार्ग पर अज्ञात वाहन से धक्का लग गया, जिससे लालबरत गंभीर रूप से घायल हो गया। धक्का मारकर चालक मौके पर से वाहन लेकर भाग गया।

हाईटेंशन की चपेट में आने से ट्रैक्टर पर लदा पुआल जला

नियामताबाद। अलीनगर थाना क्षेत्र के सरेसर गांव के समीप मंगलवार को ट्रैक्टर पर पुआल लादकर जा रही ट्रैक्टर हाईटेंशन तार की चपेट में आ गयी। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर पर लदा पुआल धू-धूकर जलने लगा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आज पर किसी प्रकार का पाया। अलीनगर थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर गांव निवासी विक्रम यादव भाडे.की ट्रैक्टर पर मटकुट्टा गांव से पुआल लादकर अपने घर ले जा रहे थे। जैसे ही सरेसर गांव के समय पहुंचे की ट्रैक्टर पर लगा पुआल हाईटेंशन की तार की चपेट में आने से धू-धू कर जलने लगा। घटना के बाद चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रॉली से ट्रैक्टर को अलग कर दिया, जिससे इंजन पूरी तरह बच गया। हालांकि यहां अफरातफरी का माहौल बन गया। पूर्व प्रधान रामविलास यादव की सूचना पर बिजली कटवाई गई। वहीं मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर किसी प्रकार काबू पाया। इस दौरान सरेसर धूस मार्ग का आवागमन लगभग एक घंटे बाधित रहा। इससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। आग बुझाने के बाद ट्रैक्टर सहित ट्रॉली को हटवा कर किसी प्रकार और आगमन शुरू कराया गया।

स्पोर्ट्स

पूजा ने जूनियर राष्ट्रीय में ऊंची कूद में राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया, इतने मीटर की लगाई छलांग

भुवनेश्वर। हरियाणा की अंतरराष्ट्रीय ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा ने सोमवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में 39वीं राष्ट्रीय जूनियर चैंपियनशिप के तीसरे दिन अपने अंडर-18 राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। 17 वर्षीय पूजा ने हेप्टाथलॉन प्रतियोगिता के दौरान ऊंची कूद में 1.85 मीटर की छलांग के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। उनका 1.83 मीटर का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड अगस्त में पेरू के लीमा में विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान दर्ज किया गया था।

महिला जूनियर एशिया कप हॉकी : दीपिका की हैट्रिक से भारत ने मलेशिया को 5-0 से हराया

मस्कट। दीपिका की शानदार हैटिक से भारतीय हॉकी टीम ने महिला जूनियर एशिया कप के पूल ए में मलेशिया को 5-0 से हरा दिया। भारतीय टीम की ओर से दीपिका ने 37वें, 39वें और 48वें मिनट में तीन गोल किये वहीं वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने 32वें और कनिका सिवाच ने 38 वें मिनट में एक गोल किया।

इस मैच में पहला हाफ गोलरहित रहा। इसके बाद भारतीय टीम ने अंतिम दो क्वार्टर में बढ़त हासिल कर मैच पर कब्जा किया। भारतीय टीम इस मैच में अधिकतर समय हावी रही पर उसने गोल करने के कई मौके खोय। पहले क्वार्टर के अंत में उन्हें लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले पर टीम उन्हें गोल में नहं बदल पायी। दूसरे क्वार्टर में भी यही हाल रहा। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में लगातार चार गोल करके मैच में अपना दबदबा बना लिया। उसे 32वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार, गोल करने के बजाय, पूजा साहू ने गेंद को थोड़ा बाईं ओर निर्देशित किया, जहां वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने गोल करने में गलती नहीं की। दूसरा गोल 37वें मिनट में हुआ जब ड्रैग-फ्लिकर दीपिका ने अपनी विशेषज्ञता का परिचय देते हुए गोलकीपर को छकाते हुए दमदार शॉट लगाया और बढ़त को बढ़ाया। इसके ठीक एक मिनट बाद कनिका सिवाच ने मैदानी गोल किया। 39वें मिनट में मलेशिया की गोलकीपर ने फाउल किया, जिससे भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। दीपिका ने इसे गोल में बदल दिया। अंतिम क्वार्टर में भारत को 48वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और दीपिका ने एक गोल कर हैट्रिक पूरी की और मैच के अंत तक भारत का स्कोर 5-0 कर दिया।

दीपिका ने 37वें, 39वें और 48वें मिनट में 3 गोल किये

जीत की ओर कदम बढ़ाने उतरेंगे डी गुकेश लिरेन के खिलाफ वापसी पर होंगी नजरें

सिंगापुर। आज भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 13वें दौर के मुकाबले में जीत दर्ज कर चैंपियन बनने के लिए कदम बढ़ाने के इरादे से उतरेंगे। गुकेश ने ड्रॉ का सिलसिला तोड़ते हुए रविवार को 11वें दौर में जीत दर्ज कर बढ़त बनाई थी, लेकिन सोमवार को 12वें दौर में लिरेन ने वापसी करते हुए गुकेश को हराया था। इस तरह फिलहाल दोनों खिलाड़ी छह-छह अंक की बराबरी पर हैं। सबसे कम उम्र के चैलेंजर 18 वर्षीय गुकेश और चीन के 32 वर्षीय लिरेन के बीच दिलचस्प मुकाबला चल रहा है जिसमें कोई भी खिलाड़ी लंबे समय तक अपनी बढ़त कायम नहीं रख पाया है। एक दिन के विश्राम के बाद दोनों खिलाड़ी बुधवार को फिर से एक दूसरे का सामना करेंगे। इस 14 दौर के मुकाबले में 12 दौर के बाद स्कोर 6-6 से बराबर है और जो भी खिलाड़ी सबसे पहले 7.5 तक पहुंचेगा वह विश्व चैंपियन बन जाएगा। अगर 14 दौर के बाद भी स्कोर बराबर रहता है तो फिर टाइब्रेक का सहारा लिया जाएगा। गुकेश के पास 11वीं बाजी जीतने के बाद 7.5 के जादुई अंक तक पहुंचने का मौका था लेकिन वह अगली बाजी हार गए। भारतीय खिलाड़ी को अगली बाजी सफेद मोहरों से खेलनी है और पूरा विश्वास है कि क्लासिकल प्रारूप में खेले जा रहे इस मुकाबले की इस महत्वपूर्ण बाजी में वह आक्रामक रवैया अपनाएंगे। अब जबकि मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है तब जो भी खिलाड़ी धैर्य से काम लेगा वह फायदे में रहेगा। इस मुकाबले में 10 बाजी के बाद स्कोर 5-5 से बराबर था लेकिन उसके बाद के अगले दो मैच का परिणाम निकला। लगातार ड्रॉ खेलने के कारण यह मुकाबला नीरस बन गया था लेकिन पिछले दो मैच ने इस प्रतियोगिता में नई जान फूंक दी है। अब दो दौर का खेल होना बाकी है तब दोनों खिलाड़ियों के पास बढ़त लेने का अच्छा मौका है।

आज होगा भारत- और चीन के बीच कड़ा मुकाबला

बॉलीवुड न्यूज

सीआईडी भारत में सबसे लंबे समय तक चलने वाले शो

मुंबई। अपराध की जांच पड़ताल से संबंधित प्रतिष्ठित शो सीआईडी 21 दिसंबर 2024 से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर शानदार वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार है, और यह हर शनिवार-रविवार रात 10 बजे प्रसारित होगा। शिवाजी साटम (एसीपी प्रद्युम्न), दयानंद शेट्टी (दया), और आदित्य श्रीवास्तव (अभिजीत) प्रशंसकों के पसंदीदा इस ड्रामा में अपनी भूमिकाएं दोहराएंगे। एक इंटरव्यू के दौरान, अभिनेता दयानंद शेट्टी (दया) ने शो में लौटने और दर्शकों के साथ फिर से जुड़ने के उत्साह के बारे में बात की, और बताया कि नए सीजन में पुरानी यादों का मिक्स और नए, आकर्षक मामलों के साथ ही बहुत कुछ होगा। सीआईडी वापसी कर रहा है! इतने सालों के बाद दया की भूमिका में वापस कदम रखते हुए कैसा महसूस हो रहा है? केवल मैं ही नहीं; बल्कि पूरी टीम बहुत उत्साहित है और उससे भी ज्यादा हमारे प्रशंसक रोमांचित हैं। सीआईडी को दोबारा शुरू करने का सबसे रोमांचक हिस्सा क्या रहा है? क्या आपको इस बार किसी चुनौती का सामना करना पड़ा? कहा कि जब आप इतने लंबे समय तक किसी के साथ काम करते हैं, तो वह ग्रुप परिवार जैसा लगने लगता है, इसलिए मेरे लिए सबसे रोमांचक हिस्सा सीआईडी टीम के साथ फिर से काम करने का मौका मिलना है। मुख्य चुनौती ऐसा शो पेश कर पाने की है जिससे फैंस को फिर से प्यार हो जाए, खासकर उनके समर्थन और शुभकामनाओं को देखते हुए जो उन्होंने हमें तब भी दिया था जब हम ऑफ-एयर थे।

कलाकारों ने बताया सर्दियों के लिये अपनी फिटनेस रूटीन



मुंबई । जब तापमान गिरने लगता है और ठंड बढ़ जाती है, तब रजाई ओढ़कर आरामसे बैठने और वर्कआउट ना करने का मन करता है। हालांकि, सर्दियों का वक्त ताकतपाने, इम्युनिटी बढ़ाने और पूरी तंदुरुस्ती पर ध्यान देने के लिये सबसे अच्छा होताहै। एण्डटीवी के कलाकार ठंड के महीनों में ऐक्टिव, एनर्जी से भरपूर औरस्वस्थ रहने के लिये अपने फिटनेस रुटीन बता रहे हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं नेहा जोशी (कृष्णा देवी वाजपेयी, अटल), स्मिता सेबल (धनिया, भीमा), गीतांजलि मिश्रा (राजेश, हप्पू की उलटन पलटन) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाभी,भाबीजी घर पर हैं)। अटल की कृष्णा देवी वाजपेयी, ऊर्फ नेहा जोशी ने कहा, मेरे दिन की शुरूआत सुबह 15 मिनट के वार्म-अप रुटीन सेहोती है, जिसमें फॉरवर्ड बेंड्स, स्पाइनल ट्विस्ट्स और हैमस्ट्रिंग स्ट्रेचेस जैसीस्ट्रेचिंग एक्सरसाइजेस शामिल हैं। इनसे रक्त संचार बेहतर, मेरी मांसपेशियाँ लचीलीरहती हैं और शरीर में अकड़न नहीं होती है। स्मिता सेबल ने बताया कि सर्दियों में अक्सर घर पर ही आराम करनाऔर वर्कआउट छोड़ देना अच्छा लगता है। लेकिन तंदुरुस्त रहने के लिये निरंतरता बनायेरखना जरूरी है। अंगूरी भाबी, ऊर्फ शुभांगी अत्रे ने कहा कि सर्दियों का मौसम संतुलन पाने,सक्रिय रहने और अपने शरीर को अंदर से तंदुरूस्त बनाए रखने के लिए होता है।

नेहा हरसोरा उर्फ साइली ने कहा परिवार में बढ़ेगा तनाव

मुंबई। स्टार प्लस का शो उड़ने की आशा अपनी भावनात्मक गहराई और दिलचस्प कहानी के साथ दर्शकों का दिल जीतता जा रहा है। इसमें कंवर ढिल्लन ने सचिन और नेहा हरसोरा ने साइली का किरदार निभाया है। शो अपनी आकर्षक कहानी और लीड जोड़ी के बीच मजबूत कैमिस्ट्री के कारण बहुत पॉपुलर हो गया है। इस समय की कहानी में सचिन और साइली के शादीशुदा जीवन में आने वाली भावनात्मक चुनौतियों पर फोकस किया गया है, जो फैंस को यह जानने के लिए उत्साहित रख रही है कि आगे क्या होगा! आने वाली कहानी में और भी ज्यादा ड्रामा देखने को मिलेगा। दर्शक देखेंगे कि सचिन, तेजस को नौकरी के लिए कार चलाने का सुझाव देता है। यह सुझाव एक हंगामा खड़ा कर देता है, जब रोशनी, सचिन से भिड़ जाती है और उसे अशिक्षित बताते हुए उसके द्वारा उसके पति के लिए ऐसा काम सुझाने पर सवाल उठाती है।

संक्षेप

संस्कृत संभाषण के लिए व्याकरण का ज्ञान जरूरीः प्रो. रविशंकर

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में चल रहे संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन मंगलवार को भी विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और संस्कृत संभाषण का अभ्यास किया। संस्कृत संभाषण प्रशिक्षक प्रोफेसर रविशंकर पांडेय ने विद्यार्थियों को संस्कृत की विभक्तियों, लिंगों और वचनों का अभ्यास कराया और कहा कि संस्कृत संभाषण के लिए संस्कृत व्याकरण का भी ज्ञान अति आवश्यक है। अतः हमें व्याकरण का अध्ययन भी करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशल केंद्र की निदेशक प्रोफेसर विधु द्विवेदी ने की। कार्यक्रम में कौशल केंद्र के शिक्षक-शिक्षिकाओं अखिलेश कुमार मिश्र, डा. संदीप शर्मा, डा. कंचन पाठक, विष्णु पटेल, अंजली कुमारी, अंजू देवी व अरुण पांडेय आदि की उपस्थिति रही।

राजकीय आईटीआई कॉलेज में रोजगार मेला आज

चंदौली। सेवायोजन कार्यालय चन्दौली एवं राजकीय आईटीआई रेवसा चन्दौली के संयुक्त तत्वावधान में 11 दिसम्बर को राजकीय आईटीआई रेवसा में रोजगार मेला एवं कैम्पस प्लेसमेंट आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। रोजगार मेला में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम सेवायोजन विभाग के पोर्टल के जॉब सीकर कालम में अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। रोजगार मेला में विजन इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सुब्रोस लिमिटेड कम्पनी हेतु प्रोडक्शन एसोसिएट के पद पर ट्रेनी के रूप में चयन किया जायेगा। न्यूनतम योग्यता इंटरमीडिएट या आईटीआई अनिवार्य है तथा उम्र सीमा 18 से 28 वर्ष होनी चाहिये, जिसके लिए वेतन 15000 से 17000 देय होगा। इसके अतिरिक्त क्वेसकार्प, भारतीय जीवन बीमा निगम सहित अन्य कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने अभ्यर्थियों ने कहा कि मेले में भाग लेने वाले हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं आईटीआई उपरोक्त ट्रेड पास अभ्यर्थी अपने सभी मूल शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, 06 पासपोर्ट साइज फोटो व बायोडाटा एवं उसकी छायाप्रति सहित प्रातः 10 बजे आयोजन स्थल राजकीय आईटीआई रेवसा चन्दौली पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

पत्रकारिता में काशी की सांस्कृतिक विरासत प्रमुखता से प्रदर्शित

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में मंगलवार को 'काशी की सांस्कृतिक आर्थिक पत्रकारिता के आयाम' विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. मोहम्मद फरियाद रहे। प्रो. फरियाद ने भारत में पत्रकारिता के इतिहास के साथ काशी की सांस्कृतिक आर्थिक पत्रकारिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि काशी अपनी प्राचीन संस्कृति एवं धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। पत्रकारिता में काशी की सांस्कृतिक विरासत को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाता है। काशी की सांस्कृतिक यहां की आर्थिकी का मुख्य आधार है। इस दौरान उन्होंने छात्रों को पत्रकारिता के क्षेत्र में करियर के विकल्पों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

दूसरे टेस्ट में कमजोर बल्लेबाजी के कारण हारी भारतीय टीम : हेडन

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने गुलाबी गेंद से खेले गये दूसरे क्रिकेट टेस्ट में भारतीय टीम को मिली हार के पीछे उसकी खराब बल्लेबाजी को कारण बताया है। हेडन के अनुसार दिन-रात के मैच में गुलाबी गेंद से खेलना आसान नहीं होता पर इसके बाद भी भारतीय टीम को कम से कम डेढ़ दिन खेलना चाहिये था पर वह असफल रही। भारतीय टीम का कोई भी बल्लेबाज इस मैच में 50 रनों तक भी नहीं पहुंच पाया।

वहीं मेजबान ऑस्ट्रेलिया की ओर से बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने शतक लगाया था जबकि मिचेल स्टार्क और कप्तान पैट कमिंस ने कसी हुई गेंदबाजी कर भारतीय टीम को कोई अवसर नहीं दिया। हेडन ने भारतीय टीम की कमी को लेकर कहा कि उसने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की, इसमें कोई संदेह नहीं है। भले ही यह बल्लेबाजी के लिए एक कठिन ट्रैक था, लेकिन उन्हें डेढ़ दिन से कम समय में आउट नहीं होना चाहिए था। इसलिए तीसर टेस्ट के लिए बल्लेबाजी ठीक करनी होगी। हेडन ने टेस्ट सीरीज से पहले कहा था कि भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल इस सीरीज में सबसे अधिक रन बनने वाले खिलाड़ी रहेंगे पर यशस्वी केवल एक पारी में शतक लगाने के अलावा अब तक असफल रहे हैं। इसी को लेकर हेडन ने कहा कि कई बार आपको सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए निरंतरता की जरूरत होती है। मुझे लगता है कि यशस्वी को यहां अपने को समय देते हुए विकेट पर टिक कर खेलना चाहिये। एक बार जमने पर रन बनाना आसान हो जाता है।

मेगा ड्राइवः डीडीयू मंडल में चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

टिकट चेकिंग

जुमार्ने के रूप में लगभग 7 लाख 94 हजार रुपए का हुआ राजस्व अर्जन

डीडीयू नगर। हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक के निर्देश पर डीडीयू मंडल में मंगलवार को पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राईव के आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक मंगलवार की सुबह 06 से 22 बजे तक करने का निर्णय लिया गया था स जिसमे मंडल के समस्त स्क्वाड-स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जाँच कर्मी, वाणीज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक सहित सभी वाणीज्य अधिकारी उपस्थित रहे। बक्सर-डीडीयू खंड, वाराणसी-डीडीयू, सासाराम-डीडीयू, आरा-सासाराम खंड, गढ़वा रोड-डेहरी ऑन सोन, किउल-गया, गोमो-गया एवं पटना-गया खंड से आने एवं जानेवाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जांच किया गया। जिसमे प्रीमियम एवं मेल व एक्सप्रेस के साथ-साथ पेसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया तथा बिना टिकट व अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गये व्यक्तियों से नियमानुसार जुमार्ने की राशि वसूल की गयी। सभी स्टेशनो पर किलाबंदी जाँच कर बिना टिकट व अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालो को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया। शाम 6 बजे अंतिम सूचना तक डीडीयू मंडल द्वारा लगभग 1559 बिना टिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया है। जिनसे जुमार्ने के रूप में लगभग 7 लाख 94 हजार रुपये की राशि वसूली गयी है। मेगा ड्राइव जारी है जो रात्रि दस बजे तक चलेगा स इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेंगे। सभी से अनुरोध है कि सदैव उचित टिकट लेकर संबंधित श्रेणी के कोच में ही यात्रा करें एवं अन्य यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखें।

मानवाधिकार दिवस पर सम्मानित हुए प्रधान व केयर टेकर

चंदौली। विश्व मानवाधिकार दिवस पर मंगलवार को विकास भवन सभागार में सीडीओ एसएन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जनपद के ग्राम पंचायतों में उत्कृष्ट व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों के भारत सरकार की वेबसाईट पर नामांकन, विकास खंड स्तर से अपलोड किए गए फोटोग्राफ्स के आधार पर ग्राम प्रधानों व केयर टेकरों और लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। इस दौरान पांच उत्कृष्ठ सामुदायिक शौचालयों के सुंदरीकरण करने वाले चकिया विकास खंड के सिकंदरपुर, भीषमपुर और नौगढ़ के बाघी, शहाबगंज के भूसीकृतपुरवा, धानापुर ब्लाक के बेवदा ग्राम प्रधान के साथ ही केयर टेकरों को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं पांच उत्कृष्ठ व्यक्तिगत शौचालयों के सुंदरीकरण करने वाले ग्राम पंचायत फेसुड़ा के 3 लाभार्थी, ग्राम पंचायत-अमृतपुर के एक लाभार्थी एवं ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर एक लाभार्थी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीडीओ ने कहा कि वर्ल्ड टायलेट डे प्रत्येक वर्ष 19 नंबर को आयोजित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों में शौचालय के स्वच्छ एवं सुरक्षित उपयोग व शौचालय तक पहुंचने के लिए जागरूक करना है। कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रदेश में ओडीएफ स्टेट्स की निरन्तरता बनाया रखा जाए। जिले के सभी ग्राम पंचायतों से यह अपेक्षा है कि व्यक्तिगत शौचालय के वास्तविक गैप को चिह्नित कर सभी विहिन पात्र लाभार्थियों को शौचालय उपलब्ध करायी जाए। साथ ही ग्राम स्तर पर कैम्प आयोजित कर व्यक्तिगत शौचालय के लिए रजिस्ट्रेशन किया जाए। वहीं सभी संबंधित शौचालय विहीन पात्र लाभार्थियों को शौचालय स्वीकृति पत्र वितरण किया जाए। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी नीरज सिन्हा सहित अन्य मौजूद रहे।

तीन झोपड़ी सहित नौ मवेशी जले

घटना

अज्ञात कारणों से लगी आग, पीड़ितों ने मदद की लगाई गुहार

सादात। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोरा में मंगलवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसके चलते तीन झोपड़ी समेत नौ मवेशी आग की भेंट चढ़ गए। वहीं बुरी तरह झुलसे आधा दर्जन मवेशियों की स्थिति गंभीर है। पीड़ितों ने मदद की गुहार लगाई है। बताते हैं कि ग्राम डोरा निवासी फुलमैन गोड़ पुत्र मीनाथ गोड़ और दीनानाथ गोड़ पुत्र मुटूर गोड़ की तीन रिहायशी मड़ई में दोपहर करीब एक बजे आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने थोड़े ही देर में विकराल रूप ले लिया और जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक सब कुछ खाक हो चुका था। मड़ई की आग की लपटों के कारण जितेन्द्र गोड़ के पक्का मकान के दरवाजे आदि को जहां क्षति पहुंचा, वहीं फूलमैन और दीनानाथ की आठ बकरियां, एक भैंस की पड़िया, कुत्ता जलकर मर गए। वहीं भैंस और गायों को मिलाकर आधा दर्जन मवेशियों की झुलसने से गंभीर स्थिति बनी हुई है। मवेशियों के साथ ही घर गृहस्थी का अन्य सामान और भूसा भी आग की भेंट चढ़ जाने से आर्थिक रूप से कमजोर पीड़ितों के समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि डॉ. अनिल राय, सुदर्शन राय, गोपाल राय आदि ने प्रशासन से मांग किया है कि आर्थिक रूप से कमजोर पीड़ितों को सहायता दी जाय।

तीसरे टेस्ट में हर्षित की जगह कृष्णा को शामिल करें : हरभजन

मुम्बई। भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के तीसरे टेस्ट में तेज गेंदबाज हर्षित राणा की जगह पर प्रसिद्ध कृष्णा हैं को शामिल किया जाना चाहिये। हरभजन का कहना है कि हर्षित दूसरे टेस्ट में प्रभावित नहीं कर पाये हालांकि उन्होंने पहले टेस्ट में चार विकेट लिए थे। हरभजन के अनुसार एडिलेड ओवल के खिलाफ दूसरे मैच में हर्षित मार्नस लाबुशेन और ट्रैविस हेड पर अंकुश नहीं लगा पाये और उनकी गेंदों पर काफी रन बने। वहीं रोहित शर्मा इससे सहमत नहीं हैं उनका कहना है कि किसी खिलाड़ी का दो टेस्ट के आधार पर आंकलन नहीं किया जा सकता है।

निरीक्षण नहीं, अब ऑनलाइन होगी जांच

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों की मूल्यांकन प्रणाली अब नई शिक्षा नीति के अनुसार ही होगी। मूल्यांकन में सबसे अधिक अंक पाने वाले संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा दिया जाएगा। जनवरी 2025 से राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करेगा और इसका नोटिफिकेशन भी जारी हो चुका है। नैक की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की नैक जांच की प्रक्रिया अब ऑनलाइन ही की जाएगी। भौतिक निरीक्षण करने अब पीयर टीम किसी भी महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय में नहीं आएगी। अब पहले की तरह ग्रेडिंग नहीं होगी, सिर्फ लेवल तय किए जाएंगे। इसमें एक से पांच का स्तर दिया जाएगा। लेवल पांच पाने वाले संस्थान को सेंटर फॉर एक्सीलेंस का दर्जा स्वतः मिल जाएगा। इसके अनुसार ही विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों को सरकारी अनुदान व सुविधाएं भी मिलेंगी। नई मूल्यांकन पद्धति में नैक जांच का पैरामीटर पहले से आसान हो जाएगा। नैक ने मूल्यांकन के लिए 10 मापदंड तैयार किए हैं।

काशी की ज्ञान परंपरा होगी सुदृढ़ व समृद्धः डॉ. दुर्गेश

जनसंदेश न्यूज

आयोजन

संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विवि के पाणिनि भवन सभागार में मंगलवार को काशी सांसद इवेंट्स 2024-25 के अंतर्गत काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन नोडल अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार गर्ग व प्रभारी डा. दुर्गेश पाठक के निर्देशन में किया गया। काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता के प्रभारी डा. दुर्गेश पाठक ने बताया कि काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता का एक वृहद् आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विवि के छात्र-छात्राओं के साथ ही आमजनों के लिए भी एक काशी सांसद प्रश्नोत्तरी (क्विज) का आयोजन किया जा रहा है। काशी की ज्ञान परंपरा को सुदृढ़ तथा समृद्ध करने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

प्रीतियोगिता का संचालन प्रो. विजय कुमार पांडेय, डा. कुंजबिहारी द्विवेदी, डा. बालेश्वर झा ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी, प्रो. जितेन्द्र कुमार, प्रो. महेंद्र पांडेय, विधु द्विवेदी, प्रो. हीरक कान्ति चक्रवर्ती, डा. कुंजबिहारी द्विवेदी, डा. बालेश्वर झा, डा. प्रशांत कुमार के साथ-साथ काफी संख्या में छात्र एवं छात्राओं ने सहभाग किया।

जनपद स्तरीय दो दिवसीय 46वीं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता व सांस्कृतिक समारोह में अपनी कला का प्रदर्शन करते छात्र

जौनपुर मंडल

पीएम किसान सम्मान निधि के लिए कराएं फार्मर रजिस्ट्री : डीएम

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। जनपद के किसानों का आधार की तर्ज पर किसान कार्ड बनाया जा रहा है, इसके लिए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र द्वारा रोस्टर जारी कर जिले की समस्त राजस्व गांवो में शिविर लगाकर किसान रजिस्ट्री की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र द्वारा सदर तहसील के प्राथमिक विद्यालय बिशुनपुर पुलगुजर में एग्री स्टैक योजनान्तर्गत कराए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण किया गया।

शिविर में तीन किसानों अवधेश, मुलायम एवं रामशंकर का जिलाधिकारी द्वारा स्वयं फार्मर रजिस्ट्री किया गया। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में किसान का आधार नंबर, खेत का रकवा नंबर, खसरा नंबर, मोबाइल नंबर आदि का विवरण दर्ज किया जाएगा। पूरा विवरण दर्ज होने के बाद किसानों को एक यूनिक नंबर जारी होगा इस नंबर के जरिए ही संबंधित किसान का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होने के बाद किसान कार्ड बनाया जाएगा। कार्ड से मिलने वाले नंबर के जरिए ही पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जाएगा। किसान कार्ड के लिए जिले के हर राजस्व गांव में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कृषि विभाग/ पंचायत विभाग एवं राजस्व विभाग के दो-कर्मचारी रहेंगे। शिविर में गांव के संबंधित किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सहखातेदार होने की स्थिति में गाटों में किसान का अंश, आधार नंबर, ई-केवाईसी विवरण आदि दर्ज करेंगे। किसी प्रकार के स्वामित्व स्थानांतरण (विसारत, बैनामा आदि)

होने पर किसान रजिस्ट्री में बदलाव किया जा सकेगा, इससे किसान के हर गाटे में हर सत्र में बोई जाने वाली फसल का विवरण भी शामिल किया जाएगा। किसान कार्ड से फायदे बताते हुए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि अभी तक किसान को किसी भी तरह का ऋण लेने के लिए बार-बार राजस्व रिकार्ड देना पड़ता है। किसान रजिस्ट्री होने पर उसके नंबर को संबंधित एप पर डालकर उसका पूरा विवरण देखा जा सकेगा। इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने और उसके क्रियान्वयन में आसानी होगी। लाभार्थियों को सत्यापन कृषि उत्पाद के विपणन और अन्य वित्तीय मामलों में सहूलियत होगी। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षति पूर्ति देने के लिए किसानों का चयन करने में आसानी होगी। साथ ही राजस्व विवादों का भी निस्तारण होगा। इस मौके पर उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय, तहसीलदार सदर सौरभ कुमार, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा/जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर डा. रमेश चंद्र यादव, एडीओ सहकारिता, एडीओ आईएसबी, एडीओ एजी, राजस्व लेखपाल नीलेश, पंचायत सहायक अर्चना यादव आदि मौजूद रहे।

अज्ञात बदमाशों ने युवक पर किया हमला

शाहगंज। स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप एक युवक को आधा दर्जन की संख्या अज्ञात बदमाशों ने लूट की नियत से चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर मौजूद साथी के शोर मचाने से मौके से बदमाश फरार हो गए। घायल युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

क्षेत्र के बद्दोपुर गांव निवासी 24 वर्षीय राजू पुत्र सुरेश सोमवार की रात घर जयपुर जाने के लिए अपने साथी अब्दुल्ला के साथ रेलवे स्टेशन आ रहा था। जैसे ही दादर ओवर ब्रिज से नीचे उतर रहे थे कि अचानक से लूट की नियत से घात लगाए आधा दर्जन की संख्या में बदमाशों ने युवक पर हमला बोल कर चाकू मारकर घायल कर दिया। शोरगुल सुनकर यात्रियों को आता देख बदमाश मौके से फरार हो गए। घायल को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

चोरी की दो बाइकों के साथ तीन गिरफ्तार

कार्रवाई

केराकत पुलिस की दूसरी बड़ी सफलता

केराकत। एक ही दिन के सूक्ष्म अन्तराल के बाद कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो बाइकों के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर दूसरी बड़ी सफलता अर्जित किया है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अवनीश कुमार राय के अनुसार गिरफ्तारी मंगलवार को सुबह जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रिहारी से की गई है। अभियुक्तों के पास से चोरी की दो अदद मोटर साइकिल सुपर स्पेलेण्डर बरामद की गई। एक बाइक की चोरी का मुकदमा केराकत कोतवाली में तो दूसरी बाइक की चोरी का मुकदमा वाराणसी जनपद के बड़ा गांव थाने में दर्ज है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में शुभम यादव पुत्र फौजदार यादव ग्राम रिहारी थाना जलालपुर, मिथिलेश मिश्र पुत्र चंद्रभान मिश्र ग्राम थोर थाना जलालपुर और महेश कुमार सरोज पुत्र रामफेर सरोज निवासी ग्राम रिहारी थाना जलालपुर शामिल हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से प्रभारी कस्बा चौकी राधेश्याम सिंह, उपनिरीक्षक द्वय श्रीराम सिंह व अरविन्द सिंह, हेड कांस्टेबल लल्लन खान, संजय यादव, विनोद यादव, अमित सिंह, नंदलाल यादव, रणजीत सिंह व संजय यादव तृतीय तथा कांस्टेबल रतनलाल गिरी शामिल थे। विदित हो कि एक दिन पूर्व कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो बाइकों व अन्य समानों के साथ गिरफ्तार कर चार अभियुक्तों को जेल भेजा था।

विद्युत विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

मछलीशहर। स्थानीय नगर में बिजली बिल बकायेदारों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही एक मुश्त समाधान योजना को लेकर जागरूकता रैली आयोजित की गई। यह रैली एसडीओ आदित्य मार्कण्डेय की अध्यक्षता में निकाली गई। रैली पावर हाउस से होते हुए नगर भ्रमण के साथ तहसील में पहुंची। इस दौरान उपभोक्ताओं को बैनर, पोस्टर और अनाउंसमेंट के माध्यम से योजना की जानकारी दी गई। इस योजना का उद्देश्य बिजली बिल बकायेदारों को राहत प्रदान करना है। खासकर उन उपभोक्ताओं के लिए जिनका बकाया 5000 रुपए तक है। ऐसे उपभोक्ताओं को 100% ब्याज की छूट दी जाएगी। योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता आसान किश्तों में भुगतान कर सकते हैं।

तहसील परिसर में उपस्थित लोगों को एसडीओ ने बताया बकाया बिल का भुगतान तीन चरणों में होगा। प्रथम चरण 15 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 तक, द्वितीय चरण 1 जनवरी से 16 जनवरी 2025 तक व तृतीय चरण 17 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक है। उन्होंने बताया कि सरकार की यह योजना सभी विद्युत उपभोक्ताओं के लिए बहुत लाभकारी है।

जागरूकता

लोगों को एक मुश्त समाधान योजना के बारे में दी गयी जानकारी

उन्होंने कहाकि 5000 रुपए तक के बकायेदार उपभोक्ताओं के लिए यह योजना ब्याज में 100% छूट का प्रावधान करती है। सभी उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ उठाना चाहिए। रैली जेई अभिषेक केसरवानी, मंगला प्रसाद सहित सभी क्षेत्रों के लाइनमैन व विद्युत कर्मी उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक कर दिया बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का संदेश

जलालपुर। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पहल का उद्देश्य भारत में बाल लिंग अनुपात को बढ़ावा देना और लड़कियों व महिलाओं को उनके पूरे जीवन चक्र में सशक्त बनाना है। उक्त बातें विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चो को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने बताया कि विद्यालयों में ऐसे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा समेत सभी प्रकार की कुरीतियों के दुष्परिणाम एवं शिक्षा के महत्व लिंगानुपात में कमी का प्रभाव जैसे विषयों के बारे में कलाकारों द्वारा नाटक के

आयोजन

जलालपुर के बयालसी इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन

माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत समाज में बेटियों के महत्व एवं उनके जीने का अधिकार के बारे में लोगों को जागरूक किया जाना जरूरी है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार व बच्चे मौजूद रहे।

संस्कार एक शब्द नहीं अपितु पूरा दर्शन है : दुर्गादत्त शर्मा

कार्यक्रम

भारत विकास परिषद शौर्य ने महासमूह गान कार्यक्रम का किया आयोजन

जौनपुर। भारत विकास परिषद शौर्य के अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित महासमूह गान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दुर्गादत्त शर्मा का आगमन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन मां दुर्गा जी सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल ?सिद्दीकपुर में किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी 2500 बच्चों ने इस महासमूह गान में प्रतिभाग किया।

मंच से सोनपरी, तनुश्री, आराध्या, सृष्टि और मरियम ने 'युगों–युगों से यही हमारी बनी हुई परिपाटी है' गीत का गायन किया। इस कार्यक्रम का प्रारम्भ सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। विद्यालय

के बच्चों ने वन्दे मातरम ?गीत गाया। संस्थापक अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय ने अपने स्वागत उद्बोधन में शौर्य शाखा के उदय से अभी तक के कार्यक्रमों पर चर्चा की और बताया कि संस्था सम्पर्क, सेवा और संस्कार के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बच्चों के बीच में जाकर तिलक लगाने के विषय पर, सामूहिकता की शक्ति पर और संस्कार विषय पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि सामूहिकता की शक्ति से पिछले चलने वाले का हाथ पकड़कर उसे भी साथ ले लिया जाता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकल्प समूह गान नवीन श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहाकि राष्ट्र एक जीता जागता राष्ट्र पुरूष है। जिसकी बूंद–बूंद गंगा है। कश्मीर जिसका मतिष्क है। पंजाब और बंगाल जिसकी भुजाएं हैं और हम सभी को मिलकर ऐसी चेतना जगानी है जिससे राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त हो सके। प्रान्तीय अध्यक्ष रवि जायसवाल ने कहा कि जब हम समूह में बोलते हैं तो उसकी तीव्रता, ओजस्विता बढ़ जाती है, यही महासमूह गान का मुख्य उद्देश्य है।

विद्यालय के प्रबन्धक सूर्यांश सिंह और प्रधानाचार्य एके सिंह ने शौर्य शाखा द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के अन्त में अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय, प्रकल्प प्रमुख सन्दीप चौधरी, कार्यक्रम संयोजक डा. बृजेश कन्नौजिया के द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में डा. राम नारायण सिंह, डा. शैलेश सिंह, नीरज श्रीवास्तव, अतुल जायसवाल, अवधेश गिरि, जनार्दन पाण्डेय, आनन्द देव वर्मा, नित्यानन्द पाण्डेय, अरविन्द गिरि, अतुल मिश्रा, डा. राजेश कुमार, प्रमोद सैनी, ज्योति श्रीवास्तव, राहुल पाण्डेय, सुनील सिंह, रविन्द्र ?गुप्त, डा. अनिल सिंह, रमेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन संस्था के कोषाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने किया तथा संगठन सचिव पंकज सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

परिषदीय विद्यालयों की दो दिवसीय जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ भव्य उद्घाटन

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद स्तरीय दो दिवसीय 46वीं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन स्थान बीआरपी इन्टर कालेज के मैदान में हुआ। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण उ.प्र. गिरीश चन्द्र यादव व विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र व मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय करंजाकला की बच्चियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया तथा पू.मा. विद्यालय महाराजगंज व गुरैनी, क. विद्यालय रन्नो की बच्चियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों को बुके प्रदान कर व बैच लगाकर कैप पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर

खेलकूद

समारोह में बिखरी सतरंगी छटा

जिला स्तरीय प्रतियोगिता का खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने किया उद्घाटन

पर राज्यमंत्री ने खेल से जुड़ने के फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि इससे विभिन्न प्रकार की बीमारियां शरीर में प्रवेश नहीं कर पाती है। बच्चे देश के भविष्य के निर्माण में कर्णधार है तो स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। खेल से बौद्विक, शारीरिक क्षमता के विकास होने के साथ ही देश सेवा के प्रति समर्पण की भावना भी उत्पन्न होती है। प्रदेश में मुख्यमंत्री के निर्देशन में गावों में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। राज्यमंत्री ने 46वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाए दी

और कहा कि एसे आयोजन से युवाओं को मंच मिलता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस व्यक्ति ने शुरूआती जीवन में खेल को आत्मसात कर लिया वह किसी भी परिस्थिति में उत्साहहीन नहीं हो सकता है। खेल को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। बच्चों को शुरूआत से ही खेल से जोड़ने के निर्देश दिया। उन्होने कहा कि खेल से आत्मविश्वास बढ़ता है और तनाव से मुक्ति मिलती है। मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है, शिक्षा के साथ ही खेल को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है बस उन्हे एक मंच मिलने की आवश्यकता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि पहले ब्लाक स्तर पर प्रतियोगिताएं हुई थी उसके विजेताओं को तहसील वार टीम बनाकर आज जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं हो रही हैं।

इस अवसर पर आकर्षक मार्च पास्ट निकाला गया। जिसमे रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चे तहसील वार प्रदर्शन कर रहे थे। मार्च पास्ट की सलामी मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने लिया। अतिथियों ने तिरंगे रंग के गुब्बारे आकाश में छोड़कर व मशाल जलाकर खेलों का शुभारंभ किया। खेलो में लम्बी व ऊंची कूद, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती/जूडो, बैडमिंटन, बालीवाल, जिम्नास्टिक, रंगोली, योग, एथलेटिक्स, गोला फेक/ डिस्कस थ्रो आदि प्रतियोगिताओं में प्राथमिक व जूनियर स्तर के बालक बालिकाये अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। संचालन प्रीति श्रीवास्तव व नुपुर श्रीवास्तव ने किया। जिला व्यायाम शिक्षक रवि चन्द्र यादव व प्रियंका सिंह, राकेश यादव सहित सभी ब्लाकों के व्यायाम शिक्षक प्रतियोगिताएं कराने मे लगे हुए हैं। इस अवसर पर बीआरपी इ.का. के प्रधानाचार्य डा. प्रमोद श्रीवास्तव, वित्त एंव लेखाधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, बीईओ नगर नीरज श्रीवास्तव, बसन्त कुमार शुक्ल, रमेश चन्द्र पटेल सहित सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, विन्ध्वासिनी उपाध्याय, राजू सिंह, डा. संतोष कुमार तिवारी, सै. मो. मुस्तफा, सभी जिला समन्वयक, सभी शिक्षक संघो के अध्यक्ष व पदाधिकारी, एसआरजी, शिक्षक व छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

जानलेवा हमले का एक आरोपित गिरफ्तार

खुटहन। पिलकिछा गांव के खोभरियां मजरे में एक सप्ताह पूर्व रात में घर के बरामदे की कोठरी में सो रहे युवक पर अज्ञात हमलावरों के द्वारा गड़ासी से सिर पर जानलेवा वार कर दिये जाने के मामले में पुलिस ने सोमवार को एक आरोपित को दौलपुर गांव से उस समय हिरासत में ले लिया जब वह कहीं भागने के फिराक में सवारी गाड़ी का इंतजार कर रहा था। आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद उसे चालान न्यायालय भेज दिया। आरोपित ने स्वीकार किया कि पुरानी रंजिश को लेकर हमला किया गया था। घायल सुनील कुमार यादव के पिता सुरेश यादव ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी पिलकिछा बाजार के तिराहे पर बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है। जिस पर सुनील बैठता है। रविवार की शाम वह नित्य की तरह दुकान बंद करने के बाद घर आकर भोजन के बाद बरामदे के कमरे में सोने चला गया। आधी रात को वह कमरे का दरवाजा पीटते हुए शोर मचाने लगा जिसे सुनकर परिवार के लोग घर के मुख्य दरवाजे पर लगे चैनल का ताला खोल बाहर आये तो सुनील के सिर से खून की धारा बह रही थी। सुनील अज्ञात हमलावरों द्वारा गड़ासी से सिर पर वार किए जाने की बात कहते हुए बेहोश हो गया। यह भी आरोप था कि बदमाशों ने उसके गले से सोने की चेन और जेब में रखा 3 हजार रूपए भी छीन लिया था। आरोप के आधार पर पुलिस ने चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इसी गांव निवासी एक हमलावर शुभम यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया तो मामला खुलकर सामने आया। उसने स्वीकार किया कि पुरानी रंजिश को लेकर अन्य साथियों के साथ हमला किया गया था।

वाहन पर लाल नीली बत्ती लगाकर रील बनाने के आरोप में चार नामजद सहित एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मछलीशहर। कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर वाहन पर लाल नीली बत्ती लगाने व उसका रील बनाने को लेकर चार नामजद सहित एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छान बीन में जुट गई है। कोतवाली में तैनात कस्बा इंचार्ज कृष्णा नंद अपने हमराहियो के साथ स्मोवार नगर में घूम घूम कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्हे सूचना मिली की नगर के आसपास घूम घूम कर एक काले रंग की एक्स युवी कियाया कार में लाल नीली बत्ती लगाकर वाहन के आगे पीछे खड़े होकर, वाहन को चलाकर रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे है। जिसके बाद वाहन सहित पांचों युवकों की खोजबीन शुरू हो गई। कस्बा इंचार्ज के अनुसार खोजबीन में उन युवकों की शिनाख्त कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी अभिषेक यादव, शुभम, आयुष, आकाश चौरसिया निवासी पुरानी बाजार के रूप मे हुई। जबकि एक युवक की पहचान नही हो सकी। मामले बाबत प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि बिना अनुमति वाहन पर लाल नीली बत्ती लगाने के साथ सार्वजनिक स्थान पर रील बनाने को लेकर चार नामजद सहित एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

परिवार को घर में बंद कर जमीन कब्जाने का प्रयास विरोध करने पर की पिटाई

थानागद्दी। विवादित जमीन कब्जाने के लिए एक व्यक्ति ने विपक्षी के पूरे परिवार को घर में बंद कर दिया और जमीन पर रखे सामान फेंक कर निर्माण शुरू कर दिया। घर के भीतर से ही हो हल्ला कर निर्माण कार्य का विरोध करने पर आरोपियों ने कई लोगों को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जिनमें से दो को पुलिस ने हिरासत में लिया है। केराकत कोतवाली क्षेत्र के उदयचंदपुर गांव में नित्यानंद दूबे और अरुण दूबे के बीच सहन की जमीन को लेकर झगड़ा है। अरुण पक्ष ने सुबह 4 बजे नित्यानंद के घर की कुंडी बाहर से बंद कर दी और सहन की जमीन पर रखा सामान फेंक कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जानकारी होने पर नित्यानंद ने पुलिस को फोन से सूचना दी और हो हल्ला करने लगे। आरोप है कि अरुण पक्ष कुंडी खोलकर घर में घुस गए और नित्यानंद और उनकी भाभी प्रियंका की पिटाई कर दी। बाद में पहुंची थानागद्दी पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। नित्यानंद ने अरुण दूबे, मनोज दूबे, आशीष दूबे, चंदन दूबे, सूर्य कुमार दूबे, रागिनी दूबे, कुसुम देवी और रेखा देवी सहित 8 के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है।

प्राथमिक विद्यालय बिशुनपुर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र द्वारा प्राथमिक विद्यालय बिशुनपुर पुलगुजर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने मध्यान्ह भोजन के सम्बन्ध में बच्चों से जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न कक्षों में जाकर छात्रों से संवाद स्थापित किया। विद्यालय में 67 नामांकन के सापेक्ष 57 बच्चे उपस्थित मिले। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट भी वितरित किया। इस दौरान बच्चों से संवाद के दौरान जिलाधिकारी से कक्षा 5 के छात्र सक्षम यादव ने बड़े होकर जिलाधिकारी बनने की इच्छा जाहिर की, जिस पर उन्होंने सलाह दिया कि स्वस्थ रहकर, पूरे मनोयोग के साथ पढाई करें, अवश्य ही एक दिन जिलाधिकारी बन जाएगे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अध्यापक समय से विद्यालय पहुंचकर बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा दें। विद्यालय में नियमित साफ सफाई होनी चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रामेन्द्र प्रसाद यादव, सहायक अध्यापक श्यामलाल यादव, शिक्षामित्र पूनम और गीता देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

नहर में मिला 10 फीट का अजगर, चला रेस्क्यू ऑपरेशन

बरसठी। विकासखंड के वारीगांव नहर में एक बड़ा अजगर देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गांव के वारीगांव नहर में विशाल अजगर लेटा हुआ था जो दिन में करीब 12 बजे गांव के लोगों ने देखा तो वह किसी जानवर को निगल चुका था। सभी हैरान रह गए और तत्काल वन विभाग को सूचना दी। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर करीब 2 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद अजगर को ड्रम में बंद किया गया। रेस्क्यू टीम ने बताया की अजगर को पकड़ना आसान नहीं था जिसकी लंबाई 10 फीट और वजन 80 किलोग्राम था। टीम ने सुरक्षा उपकरण का उपयोग कर तेजी से इधर-उधर भाग रहे अजगर को जूट की बोरी व मच्छरदानी का सहारा लेकर एक बड़े ड्रम में बंद कर दिया। ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू टीम ने सफलता हासिल की। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी विनय प्रकाश यादव, वनरक्षक रवि यादव, बच्चू लाल गौतम, धीरज यादव आदि रहे।

व्यापारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंच जताया विरोध

गौराबादशाहपुर। नगर पंचायत कस्बे में चलाये गये अतिक्रमण अभियान के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न करने का आरोप उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने लगाया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह के नेतृत्व में व्यापारी मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और विरोध जताया। व्यापारियों के विरोध पर नगर पंचायत के ईओ शशिकांत तिवारी ने अतिक्रमण अभियान के दौरान दुकानदारों के उठाये गये सामानों को वापस कराया। चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश सोनकर और कस्बा चौकी इंचार्ज रवि प्रकाश की मौजूदगी में यह बात तय की गयी कि दुकानदार सामान नाली के बाहर नहीं लगायेंगे। ठेले और पटरी दुकानदार सड़क पर नहीं बल्कि पटरी तक ही रहेंगे। नगर पंचायत कार्यालय पर विरोध जताने पहुंचने वालों में सत्यप्रकाश जायसवाल, डा. विकास सोनकर, संतोष कुमार, सत्येंद्र सोनकर, बृजेश सोनकर, रिजवान और बाबू आदि व्यापारी रहे।

शौच के लिए बिस्तर से उठे व्यक्ति की मौत

सुइथाकला। क्षेत्र के बसिरहां निवासी एक व्यक्ति की सोमवार शाम ब्रेन हैमरेज से जौनपुर स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि बसिरहा गांव निवासी बालचंद बिंद (42) रविवार देर रात शौच के लिए विस्तर से उठे थे। इसी बीच वह अचानक चक्कर खाकर वहीं गिर पड़े। आनन-फानन उन्हें जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इधर मौत की खबर पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक एक पुत्र व दो पुत्रियों का पिता था। पत्नी समेत सभी का रो रोकर बुरा हाल है।

हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान का समापन

खेतासराय। विकास खण्ड शाहगंज सोंधी के सभागार में मंगलवार को हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। तीन सप्ताह तक चले इस अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रधानों और लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने स्वच्छता और शौचालय निर्माण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने सभी सम्मानित लोगों को बधाई देते हुए कहा कि उनका प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक है। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विजय कुमार गौड़ ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किया। अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानों और लाभार्थियों को एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव और एडीओ पंचायत उमेशचंद्र द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित प्रधानों में मवई प्रधान नीरा यादव, परासीन प्रधान रेखा सिंह और लतीफपुर प्रधान सीतापत्ती शामिल हैं। वहीं लाभार्थियों में अजीम सिद्दीकी, यशवंत कुमार गौतम, केशलाल, चंद्रसेन और उमाकांत यादव को सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विजय, प्रेम, रविन्द्र और रामस्वरूप सहित अनेक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर की गई संगोष्ठी

जनसंदेश न्यूज

भदोही। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मंगलवार को सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन न्याय नेटवर्क, एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही के तत्वाधान में आयोजित किया गया संगोष्ठी में लोगो को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी जेपी सिंह ने सभी अतिथियों को माल्यार्पण कर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव निवेदिता अस्थाना रही। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि जब बच्चा गर्भ में आ जाता है तभी से उसके मानव अधिकारों का शुरूआत हो जाता है।

उसके बाद वह जन्म लेता है शिक्षा ग्रहण करता है तथा गरिमा पूर्वक जीवन का निर्वहन करता है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष पीसी उपाध्याय और श्रम प्रवर्तन अधिकारी ज्ञानपुर द्वारा विस्तार पूर्वक मानव अधिकारों के बारे में बताया गया तथा सभी को मानव अधिकारों के प्रति सचेत रहने का आवाहन किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर संदीप दुबे डिफेंस काउंसिल, संजय श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक, वीरेंद्र प्रसाद यादव, राम विलास बिंद, दीपक मौर्य, दीपक सोनकर, मनोज कुमार, न्याय नेटवर्क रवि प्रकाश, बंसराज, दिनेश कुमार, रविन्द्र कुमार, रामचंद्र यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित उपस्थित रहे।

मानवाधिकारों की रक्षा के लिए छात्राओं ने लिया संकल्प

भदोही। केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में मंगलवार को राजनीति विज्ञान विभाग एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस दौरान राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष मोहम्मद आकिफ तौफीक ने सर्वप्रथम विषय प्रवर्तन करते हुए मानवीय जीवन में मानवाधिकारों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला, तत्पश्चात मानवाधिकारों के रक्षण हेतु उपस्थित छात्राओं एवं सभी को उन्होंने मानवाधिकार शपथ दिलाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी एन डोंगरे ने मानवाधिकारों के रक्षण हेतु मानव में नागरिक अनुभूति की आवश्यकता पर बल दिया गया। मिशन शक्ति की संयोजिका मनीषा ने आधी आबादी को सशक्त बनाने हेतु महिलाओं के मानवाधिकारों के प्रति सम्मान की भावना में अभिवृद्धि हेतु जागरूकता पर बल दिया गया। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रोफेसर रीना सिंह, प्रो. आराधना वर्मा, प्रोफेसर लक्ष्मी यादव, प्रोफेसर रमोद कुमार मौर्य, मुख्य शास्ता डॉ. अरविंद कुमार उपाध्याय, प्रवीण राय, डॉ. प्रभात कुमार पांडेय, शीतला प्रसाद सिंह, जय कुमार, डॉ. श्वेता त्रिपाठी इत्यादि प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

व्यापार मंडल ने की टोल हटाने की मांग, पीएम सीएम को भेजा गया पत्र

गोपीगंज। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल गोपीगंज के नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने लाला नगर टोल हटाने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि 60 किलोमीटर के दायरे में दो टोल चलाई जा रहे है, इसका उदाहरण हडिंया टोल प्लाजा और लाला नगर टोल प्लाजा की दूरी मात्र 34 किलोमीटर की है, जिससे वाहन स्वामियों को 34 किलोमीटर की दायरे में दो जगह दो टोल टैक्स देना पड़ रहा है। जिससे जनपद में व्यापारी पीड़ित है। व्यापारी के साथ-साथ बाहर से भी आने वाले वाहन स्वामियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तीन महीने के अंदर 60 किलोमीटर के दायरे में आने वाले दो टोल मे एक टोल हटाने के आश्वासन के 10 माह बीत गए कोई कार्रवाई नही की गई। कहा कि पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा टोल टैक्स लालानगर में वसूला जाता है। जब तक टोल हटाने की कार्रवाई नही की जाती तब तक जनपद के वाहन को टोल टैक्स से मुक्ति करने के साथ टोल टैक्स की कीमत कम करने की मांग की गई है। जिससे वाहन स्वामियों को राहत प्रदान हो सके।

संक्षेप

हाई स्पीड में चलने वाले वाहनों का यातायात पुलिस ने काटा चालान

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज के राजमार्ग अमंवा में यातायात पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू कर दी है। यातायात पुलिस ने राजमार्ग के विभिन्न जगहों पर चेकिंग अभियान चलाकर हाई स्पीड में चलने वाली 45 से अधिक गाड़ियों का चालान किया। इस कार्रवाई से राजमार्ग पर हड़कंप मचा रहा। पुलिस की चेकिंग से बचने के लिए वाहन चालक भागते हुए दिखे। नवंबर महीने में यातायात माह के तहत अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया था। यातायात प्रभारी अनिल सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को यातायात पुलिस ने यह अभियान चलाया गया। इसमें सड़क पर यातायात नियमों के खिलाफ चलने वाले लोगों को रोककर कार्रवाई करने के साथ उनको जागरूक किया गया। इसी के साथ रोड पर मानक से अधिक स्पीड में वाहन चलाने वालों का चालान किया गया। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट और ट्रिपल सवारी के साथ चलने वालों का चालान काटा जा रहा है। इसी के साथ बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। साथ में उनको जागरूक करने का काम भी किया जा रहा है। चेकिंग के दौरान देवचंद, योगेश मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

बिहार के स्वास्थ्य मंत्री का भव्य स्वागत, बाबा बड़े शिव धाम में की पूजा अर्चना

गोपीगंज। नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा बड़े शिव धाम में पहुच कर बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने दर्शन पूजन किया। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ.अजय शुक्ला के साथ मंदिर परिसर पहुंचने पर पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर आचार्यों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ उनका अभिनंदन किया गया।स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा बड़े शिव धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में भी बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और स्वास्थ्य मंत्री का अभिवादन किया। श्री पांडेय ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर आना आत्मिक शांति और ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने इस यात्रा को आध्यात्मिक अनुभव बताते हुए कहा कि शिव धाम की दिव्यता से उन्हें प्रेरणा मिली है। इस मौके पर शरद पंडित, राजन पंडित, दीपू पंडित, दीपक मोदनवाल व अन्य मौजूद रहे।

अज्ञात बुलेट चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत

गोपीगंज। थाना क्षेत्र के फकिरान स्थित राजमार्ग पर हुए दुर्घटना में मृत व्यक्ति पहटू के भाई ने गोपीगंज कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया हैं। ग्राम मैलोना थाना कोईरौना निवासी किशन कुमार पुत्र स्व रमाशंकर प्रजापति ने तहरीर देकर बताया कि उनके बड़े भाई पहटू उर्फ सुरेश उर्फ राजीव पुत्र स्व रमाशंकर प्रजापति छः दिसम्बर को समय करीब तीन बजे दिन घर से जरूरी कार्य के लिए गोपीगंज बाजार जा रहे थे, वापस आते समय सराय जगदीश (फकीरान) थाना गोपीगंज के पास किसी अज्ञात बुलेट द्वारा उनके भाई पहटू को धक्का मारकर भाग गया। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा कायम कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

लापरवाही बरतने पर चिकित्सक को डीएम ने किया निलंबित

भदोही। जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं व क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने क्वालिटी एश्योरेस कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में लैब स्लैब एवं बेसिंग उपलब्धता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया के नये रोगी न हो एवं पुराने फाइलेरिया रोगियों का ट्रीटमेंट सही तरीके से किया जाए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत डॉक्टरों के उपस्थिति की चेकिंग एवं कार्य के प्रति उनकी दक्षता का सतत मूल्यांकन हो। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत अभौली ब्लाक में कार्य में लापरवाही व शिथिलता बरतने पर चिकित्सक डॉ. राजीव गौतम को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया। साथ ही आरबीएसके के कार्य संचालन हेतु कार्यरत मोबाइल हेल्थ टीमों को स्कूलों में जॉच हेतु जाने के लिए वाहनों की उपलब्ध को सुनिश्चित करने पर बल दिया।

राष्ट्रीय राजमार्ग व ज्ञानपुर रोड पर हुए हादसे में बाइक सवार चार घायल

गोपीगंज। नगर, थानीपुर व कठौता मोड़ पर अलग अलग हुए सड़क दुर्घटना में होमगार्ड सहित चार लोग घायल हो गए। घायलो का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। गोपीगंज ज्ञानपुर मार्ग पर थानीपुर के पास मंगलवार को छुट्टा पशु से टकरा जाने से होमगार्ड का जवान राम चरित्र बिन्द घायल हो गया। मदनपुर निवासी होमगार्ड राम चरित्र बिन्द बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था थानीपुर मे सामने आ गए मवेशी से टकरा जाने से घायल हो गया, आसपास के लोगों ने सरकारी एंबुलेंस को सूचना पर मौके पर एंबुलेंस के साथ पहुचे ईएमटी प्रेमचंद व पायलट शिवकुमार ने घायल होमगार्ड को गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। दूसरी घटना सोमवार की रात कठौता मोड़ पर हुई जहा बाइक और कार की टक्कर में बैंक कर्मचारी घायल हो गया। घोसिया स्थित भारतीय स्टेट बैंक में कार्यरत क्लर्क रामबरन बिन्द 45 वर्ष निवासी अमिलहरा मतेथू बाइक से घर जा रहे थे कठौता मोड़ के पास सामने से आ रही कार से टकराने से गंभीर रूप से घायल हो गए घायल अवस्था में आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे इ एम टी प्रेमचंद और पायलट शिवकुमार ने घायल बैंक कर्मचारी को गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। तीसरी घटना राजमार्ग पर अस्पताल के पास हुई जहा दो बाइक की टक्कर में बाइक बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में अंजही मोहाल निवासी अंकित मौर्य 28 वर्ष एवं आमिर 17 वर्ष पुत्र अफरोज अली निवासी नई बस्ती गंभीर रूप से घायल हो गए।

देवाधिदेव का किया गया अलौकिक श्रृंगार, दर्शन पूजन के लिए लगी कतार

गोपीगंज। नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा बड़े शिव व बाबा तिलेश्वरनाथ का सोमवार की देर शाम अलौकिक श्रृंगार किया गया। पंच द्रव्य और सुगंधित पुष्पों से किए गए श्रृंगार के उपरांत निखरे अलौकिक स्वरुप का दर्शन पूजन कर निहाल हुए भक्तो के जयघोष से मंदिर परिसर देर रात तक गुंजायमान रहा। दर्शन पूजन के लिए सायंकाल से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे, आरती पूजन के समय पूरा परिसर श्रद्धालु नर नारियों से भर गया। आरती पूजन के दौरान भक्तो से भरा परिसर हर हर बम बम से गूंज उठा। डमरु, शंख व करतल ध्वनि के बीच पुजारी द्वारा महा आरती की गई। स्तुति गान के उपरांत महाप्रसाद का वितरण कराया। इस मौके पर मनोज पांडेय, दीपक तिवारी, किशन दुबे, दीपक मोदनवाल, शिव अग्रहरी, ओम जी जायसवाल, घनश्याम जायसवाल बाबा, धीरज तिवारी, रितेश दुबे, संतोष पांडेय, बउलाल दुबे, अनुज, किशन तिवारी, पवन दुबे आदि रहें।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक - सुभाष राय
स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

भदोही के आयुष का नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

भदोही। जनपद के सीतामढ़ी क्षेत्र के मनोहरपुर (केवटाही) गांव के आयुष यादव ने 39वें नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लंबी कूद प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मनोहरपुर गांव निवासी राम शिरोमणि के पुत्र आयुष यादव के प्रदर्शन पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर की है। बता दें कि यह प्रतियोगिता उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर एथलेटिक्स खिलाड़ी आयुष यादव ने लंबी कूद में 7.01 मीटर छलांग लगाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। आयुष यादव ने अपनी मेहनत और लगन से जिले का नाम रोशन किया है। लोगों का मानना है कि यह प्रदर्शन युवाओं को इस दिशा में बढ़ने की प्रेरणा देगा। आयुष की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, गांव और क्षेत्र के लोगों में खुशी है। वहीं आयुष ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कोच और माता-पिता के समर्थन और सहयोग को दिया है। आयुष का सपना है कि वह एथलेटिक्स के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रौशन करें।

निजीकरण के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष हेतु तैयार रहने का लिया गया संकल्प

जनसंदेश न्यूज

बैठक

राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश शाखा भदोही की बैठक में लिया गया संकल्प

भदोही। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन , उत्तर प्रदेश शाखा भदोही की बैठक मंगलवार को शाखा अध्यक्ष इंजीनियर विनोद प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई एवं बैठक का पर्यवेक्षण केन्द्रीय कल्याण योजना सचिव दिव्येश सविता ने किया।

बैठक में जनपद/परियोजना के सभी सदस्यों ने प्रतिभाग किया। बैठक में ई ईश्वर शरण सिंह ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रस्तावित निजीकरण पर गहरा रोष व्यक्त किया तथा विभाग एवं परिवार के भविष्य को बचाने के लिए हर स्तर के संघर्ष का संकल्प लिया गया। बैठक में क्षेत्रीय सचिव अभिषेक प्रजापति ने कहा कि जिन आंकड़ों के आधार पर कॉरपोरेशन पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल डिस्कॉम का निजीकरण किया जा रहा है है उनकी विश्वसनीयता संदिग्ध है। अभी माह जुलाई 2024 में कॉरपोरेशन द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को प्रस्तुत आंकड़ों में राजस्व वसूली से लेकर लाइन हानियां रोकने, बेहतर विद्युत आपूर्ति तथा बिलिंग दक्षता आदि सभी पैरामीटर में उल्लेखनीय प्रगति की बात कही गई थी तीन चार माह में ही विपरीत आंकड़े प्रस्तुत कर विभाग को ऋण जाल में फंसे होने की बात कहा जाना सच्चाई से परे मात्र आंकड़ों की बाजीगरी के सिवा कुछ नहीं है। सभा में मुख्य रूप से इं ईश्वर सिंह, इं आर पी यादव, ई रविन्द्र कुमार पाल, ई लल्लन कुमार, ई अभिषेक प्रजापति, ई माधव द्विवेदी, ई ज्योति प्रकाश, ई सुजित पटेल, ई प्रमोद चौहान, ई मनीष सिंह, ई आलोक ओझा, ई जय सिंह, ई लवकेश सिंह, ई अनिल कुमार यादव, ई मनोज कुमार यादव, ई विनोद प्रजापति, ई मनोज कुमार इत्यादि वक्ताओं ने अपने विचार रखें अंत में जिला इकाई द्वारा सर्वसम्मति से निजीकरण के विरुद्ध अपने परिवार एवं विभाग को बचाने हेतु निजीकरण के विरुद्ध संगठन के प्रत्येक संघर्ष कार्यक्रम का पूरा समर्थन करने का प्रस्ताव पारित किया।

उड़ीसा मॉडल लागू करना चाहती है सरकारः ई माधव द्विवेदी

भदोही। बैठक के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए इंजीनियर माधव द्विवेदी ने कहा कि विद्युत कर्मियों द्वारा सीमित संसाधन एवं अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था में में दिन-रात मेहनत कर क्षमता विस्तार, डाटा क्लीनिंग एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति के अभूतपूर्व कार्य किए गए, उसके सकारात्मक परिणाम आने शुरू हुए हैं। देश भर में सर्वाधिक 30000 मेगावाट (एक दिन में) की विद्युत आपूर्ति इन्हीं जूनियर इंजीनियर एवं विद्युत कर्मियों द्वारा की गई थी। इन सब के बाद भी उड़ीसा मॉडल पर निजीकरण किया जाना एक छलावा है। जिससे विद्युत उपभोक्ता, किसान, मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के व्यापारी एवं आम जनमानस पर महंगी बिजली खरीदने के लिए बाध्य होंगे साथ ही जूनियर इंजीनियर एवं विद्युत कर्मियों का भविष्य अंधकार मय हो जाएगा। कहा कि उड़ीसा मॉडल एक असफल प्रयोग है, जहां पर आज भी विद्युत हानियां 20 प्रतिशत के ऊपर है, जबकि उत्तर प्रदेश में यह 19 प्रतिशत के आसपास हैं और वर्तमान में जारी रिवैंप आदि योजनाओं के पूर्ण होने पर लाइन हानियां 15 प्रतिशत पर आ जाएगी।

संक्षेप

पुलिस से बचने के लिए नहीं, अपने जीवन के लिए पहने हेलमेट

जंघई। स्थानीय पुलिस चौकी में मंगलवार को बाइक सवार लोगों को निःशुल्क हेलमेट वितरण किया गया। थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज संजय कुमार मौर्य, वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता अरुण कुमार दुबे निवासी चंपापुर के सौजन्य से राहगीरों को हेलमेट वितरण करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सरायममरेज योगेश प्रताप सिंह ने युवाओं को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील किया और कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और जान-माल की सुरक्षा के लिए हेलमेट बेहद जरूरी है। इसलिए पुलिस और चालान से बचने के लिए नहीं अपितु अपने जीवन एवं परिवार की खुशहाली के लिए अवश्य हेलमेट पहनकर सड़क पर वाहन चलाएं। चौकी इंचार्ज संजय कुमार मौर्य ने यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया और कहा कि हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटना में मौत का खतरा कम रहता है। ज्यादातर मौतें सिर में चोट लगने की वजह से होती हैं। कार्यक्रम संयोजक अरुण कुमार दुबे ने कहा कि हेलमेट न पहनने के कारण सिर में चोट लगने से कई महीनों तक लोग कोमा में चले जाते हैं। हेलमेट खरीदते समय क्वालिटी का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि सड़क दुर्घटना में अधिकतर सिर में चोट लगने के कारण मृत्यु हो जाती है। घर से निकलने पर हेलमेट अवश्य पहनकर निकलें ताकि आपका जीवन सुरक्षित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और यातायात नियमों के प्रति नागरिकों को जागरूक करना था। इस अवसर पर आकाश दुबे, मनोज दुबे, शुभम दुबे, कुशलेष दुबे, संजय दुबे, आशीष सरोज, लालचंद्र यादव, यदुवंश यादव एवं चौकी स्टाफ हेड कांस्टेबल वीरेंद्र यादव एवं झारखंडे यादव, मनोज यादव, कमलेश कुमार, बेचू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मुंबई में 14वें वन इंडिया अवार्ड 2024 से सम्मानित हुए श्रीप्रकाश शुक्ला

सुजानगंज। ब्लॉक प्रमुख पति श्रीप्रकाश शुक्ला को 9 दिसंबरको मुंबई के मास्टर दीनानाथ मंगेशकर ऑडिटोरियम में 14वें वन इंडिया अवार्ड 2024 से ब्लाक क्षेत्र में विकास कार्यो में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हैदराबाद (तेलंगाना) की सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा नेत्री माधवी लता कोम्पेला ने दिया। उन्हें यह पुरस्कार समाज के प्रति उनके उत्कृष्ट कार्यों और योगदान के लिए मिला। श्रीप्रकाश शुक्ला मूल रूप से क्षेत्र के कुशमौल गांव के मूल निवासी हैं वे विकास खंड का प्रतिनिधित्व करते हैं। मीडिया से बात करते हुए श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए मुझ पर विश्वास करने के लिए मैं आयोजक का आभारी हूं। मैं जरूरतमंद लोगों की मदद और सहयोग करने का संकल्प लेता हूं, भले ही समाज के प्रति मेरे दायित्व बढ़ गए।

अराजकतत्वों ने लाखों के पशुचारे को किया आग के हवाले

बरसठी। विकासखंड के ग्रामसभा चकमलाई में अस्थाई रूप से बने हुए गौशाला में बीती रात किसी ने लाखों रुपए के रखे हुए पशु चारे आग के हवाले कर दिया जिससे लगभग 2 लाख का चारा पुआल और भूसा जलकर राख हो गया। समय रहते गांव वालों की मदद से और चारा बच गया अन्यथा कई लाख का चारा जल जाता। ग्राम सभा चकमलाई के ग्राम प्रधान की देखरेख में अस्थाई गौशाला बना हुआ है इसमें लगभग 200 गाय और बछड़े हैं। चारा के रूप में कई लाख के पुआल और भूसा खरीद कर रखे हुए थे। एकांत एरिया में बने हुए गौशाले पर कई अवैध लोगों का आना-जाना रहता था और जमकर गांजा दारू का दौर चलता था। कई बार प्रधान ने विरोध किया था। लगता है कि उन्हीं लोगों ने ऐसा कृत्य किया है और पशु चारे में आग लगाई है। यह तो अच्छा हुआ कि गांव वालों की मदद से आग पर काबू पाया गया अन्यथा सबकुछ जल कर राख हो गया होता।

मुसीबत के समय की गई सहायता से बड़ा कोई कार्य नहीं : बीईओ

मदद

मृतक रसोइया के पति को दी गयी एकत्रित की गई 62000 की धनराशि

सिकरारा। विकास खंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बिशुनपुर पुलगुजर में विगत 20 वर्षों से रसोईया का काम कर रही राजदेई गौड़ का आकस्मिक निधन हो जाने पर परिवार एकाएक मुसीबत में पड़ गया। प्राथमिक विद्यालय बिशुनपुर के प्रधानाध्यापक और विद्यालय परिवार ने रसोईया की मदद के लिए विकासखंड के शिक्षकों से आह्वान किया।

खंड शिक्षा अधिकारी के मार्ग निर्देशन में पूर्व से चली आ रही परंपरा के निर्वहन के क्रम में विकासखंड के शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने यथासंभव परिवार की आर्थिक मदद की। जिसे सोमवार को मृतक की 13वीं के दिन उनके पति को 62000 रूपये सुपुर्द किया गया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सिकरारा अजीत कुमार सिंह ने कहाकि मुसीबत के समय शिक्षकों ने जिस तरीके से परिवार की आर्थिक मदद की है वह सबसे पुनीत कार्य है। बेसिक शिक्षा में कार्यरत रसोईया सबसे कमजोर आर्थिक संवर्ग होता है जिसकी मुसीबत में विकासखंड के शिक्षकों ने सहायता करके परिवार को तात्कालिक रूप से आई हुई समस्या से कुछ हद तक निजात दिलाने का प्रयास किया है जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। प्रमुख रूप से शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल में जिला उपाध्यक्ष देशबंधु यादव के नेतृत्व में सोमवार को मृतक रसोईया के परिवार में जाकर शिक्षकों द्वारा एकत्रित की गई संपूर्ण धनराशि 62000 रु मृतक के पति को सुपुर्द किया जहां प्राथमिक शिक्षक संघ विकासखंड सिकरारा के अध्यक्ष धीरेंद्र यादव, मंत्री ओंकार पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शरद यादव सहित हरिश्चंद्र, विश्वकर्मा, चंद्रशेखर, विनोद कुमार, संजय रजक, स्वामीनाथ, शैलेंद्र कुमार, रविंद्र कुमार, एआरपी सुरेश यादव, रूद्र सेन, कृपा निधि, अच्छे लाल, बालेंद्र कुमार, श्यामलाल, रामेंद्र कुमार, रजनीश, प्राथमिक शिक्षक संघ के संरक्षक विनोद पाल, रमेश चंद्र, मुकेश यादव, समरजीत यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मृतक के दरवाजे पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को ढ़ाढस बंधाया।

एक नामजद सहित 12 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

सुजानगंज। थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव में लड़कों के आपसी विवाद को लेकर सोमवार देर रात हुई मारपीट में एक पक्ष से कई लोग घायल हो गये थे। जानकारी के अनुसार प्यारेपुर गांव निवासी एजाज अहमद पुत्र सुलेमान अहमद ने थाने पर लिखित तहरीर देते हुए बताया कि कृष्णा यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी प्यारेपुर थाना सुजानगंज ने अपने 10/12 अज्ञात साथियों के साथ लाठी डंडे लेकर गाली-गलौज करते हुए मार-पीट कर घायल कर दिया। जिसमें गुलाब शेख पुत्र जताब शेख, इन्सान शेख पुत्र जताब शेख, इमरान शेख पुत्र जब्बार बुरी तरह से घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एजाज अहमद की लिखित तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी। पूछने पर थानाध्यक्ष राजू मल्य ने बताया कि प्यारेपुर गांव के कृष्णा यादव पुत्र ओम प्रकाश यादव को नामजद कर बारह अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

मानव अधिकार के बिना जीवन अधूरा : संतोष पटेल

सुजानगंज। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर गोष्ठी एवं रैली आयोजित की गई, जिसमें शिवम सार्वजनिक जूनियर हाईस्कूल बेलवार के परिसर में नारी चेतना फाऊंडेशन के तत्वाधान में गोष्ठी एवं रैली का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में किशोरियों, महिलाएं थाना के सुरक्षाकर्मी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। मानव अधिकार पर चर्चा करते हुए 5 ग्राम पंचायत की आई हुई किशोरियों ने समता समानता जेंडर भेदभाव मानव अधिकार आदि मुद्दे पर बारी-बारी से अपने विचार व्यक्त किया। स्कूल के प्रबंधक संतोष पटेल ने कहा कि जब किशोरी और महिलाएं जागरूक होगी तभी अपने अधिकारों को समझ पाएंगी। थाने के सुरक्षाकर्मियों ने मानव अधिकार पर विस्तार से चर्चा करते हुए आह्वान किया कि हम सब मिलकर एक अच्छा शोषण मुक्त समाज बनाएं किसी के अधिकारों का हनन न हो ऐसा वातावरण तैयार करने की जरूरत है। अंत रैली के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया। इस मौके पर संजू, रंजना ने मानव अधिकार पर गीत प्रस्तुत किया। प्रीति, सकीना, मुजम्मिल हुसैन आदि लोगों ने अपना विचार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के स्थापना दिवस पर गरीब बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित

जौनपुर। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार को मानवाधिकार संगठन के प्रदेश सचिव एवं जिलाध्यक्ष विनय जायसवाल की अध्यक्षता में अहियापुर एवं उत्तरी बाजिदपुर में गरीब, दलित छोटे-छोटे बच्चों को कापी, कलम, रबर, कटर, पेंसिल इत्यादि वितरण करके बच्चों को पढ़ने पर ध्यान लगाने को कहा गया। मानवाधिकार संगठन की तरफ से पढ़ाई लिखाई की सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई और क्षेत्र में मानवाधिकार संगठन की सभी लोगों ने तारीफ की। लोगों ने कहा कि संगठन के द्वारा यह पहल करके बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान दिया जाए जा रहा है। विनय जायसवाल ने बताया कि सम्मान, समानता और स्वतंत्रता मानव जीवन के मूल अधिकार है इनके प्रति जागरूक रहना हर नागरिक का कर्तव्य बनता है। स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, इसे कोई हमसे छीन नहीं सकता। समाज में जो भी कार्य किया जा रहा है लोगों की सेवा में इसमें हर व्यक्ति को बढ़ चढ़कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपना सहयोग देना चाहिए जिससे हम एक मजबूत समाज की स्थापना कर सके। कार्यक्रम में प्रदीप उपाध्याय, रोहित शर्मा, मोतीलाल सोनी, शनि उपाध्याय, साधना सिंह, संतोष शर्मा, अनिल वर्मा, अर्चना, रंजना, बिंदु पांडे, अंकित मौर्य सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

नागरी नाटक मंडली कबीरचौरा

नागरी नाटक मंडली

नागरी नाटक मंडली का मुख्य द्वार



फाइल फोटो

प्रेक्षागृह के 115 साल का सफरनामा...

दिग्गज कलाकारों का साक्षी है नागरी नाटक मंडली

पृथ्वीराज कपूर, सोहराब मोदी, कारंत जैसे दिग्गज कलाकार यहां कर चुके हैं नाटक

रंगमंच

1962 में आये थे प्रथम प्रधान मंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू व वर्मा के पीएम ऊनू

राधेश्याम कमल

नाटक के दौरान मंच पर महादेवी वर्मा

वाराणसी। बनारस का नागरी नाटक मंडली देश के सबसे प्राचीन प्रेक्षागृहों में एक माना जाता है। यह प्रेक्षागृह देश के दिग्गज कलाकारों का साक्षी माना जाता है। यहां पर न केवल रंगकर्म बल्कि कला व संगीत से जुड़े महान संगीतज्ञ व रचनाकार इस प्रेक्षागृह के मंच को संभल चुके हैं। शहर के मध्य कबीरचौरा पिपलानी कटरा मार्ग पर स्थित इस प्रेक्षागृह की स्थापना 1909 में की गई। हालांकि बनारस में नाटकों का सिलसिला 1868 में पं.शीतला प्रसाद लिखित जानकी मंगल से प्रारंभ हुआ। इसके बाद यह सिलसिला पांच दशकों तक कैसे चलता रहा। यह कहना कठिन है। प्रेक्षागृह में सीढ़ियों से ऊपर होते हुए अंदर 875 सीट है। जबकि दूसरे हाल में 120 सीट है।

प्रेक्षागृह में न जाने कितने दिग्गज कलाकार आकर नाटकों का मंचन कर चुके हैं। इनमें महान कलाकार स्व. पृथ्वीराज कपूर भी रहे। उस समय नाट्य कंपनियों के नाटककार बनारसी रहे। इनमें रौनक बनारसी, तालिब बनारसी, बेताब बनारसी, नाट्य जगत के क्रांतिकारी लेखक आगा हश्र काश्मीरी रहे। यहां पर भारतेनुद हरिश्चन्द्र (जो स्वयं भी अभिनय करते थे) इस प्रेक्षागृह की स्थापना में हरिदास पारिख, धर्मदत्त शास्त्री की अविस्मणीय भूमिका थी। यहां पर प्रथम नाटक 27 जुलाई 1909 में मंडली ने भारतेन्दु ललित सत्य हरिश्चन्द्र किया गया। इस नाटक के दर्शकों में महाराणा गिधौर, राजा मझौली, राजा बस्ती, काशीराज, राजा मुंशी माधव लाल , राजा मोतीचंद जैसे लोग रहे। नागरी नाटक मंडली का नाम महामहोपाध्याय पं. सुधाकर द्विवेदी ने दिया था। यहां पर 1962 में मुख्य अतिथि के रूप में पं. जवाहर लाल नेहरू व वर्मा के प्रधानमंत्री ऊनू आये थे। नागरी नाटक मंडली ट्रस्ट के अध्यक्षडा. संजय मेहता, सचिव डा. अजीत सैगल, सचिव डा. राकेश मजुमदार, डा. रतिशंकर त्रिपाठी, सुमन पाठक, डा. आशुतोष चतुर्वेदी, डा. सुरेन्द्र लाल मेहता, शंकर लाल मेहता (कोलकाता) हैं।

क्या कहते हैं ट्रस्टी

इस तरह का प्रेक्षागृह कहीं नहीं: डॉ. संजय मेहता

नागरी नाटक मंडली ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. संजय मेहता ने कहा कि इस तरह का प्रेक्षागृह देशभर में कहीं भी नहीं है। देश में यह अकेला रंगमंच है जो सौ साल से अधिक वर्षो का है। यहां पर पृथ्वीराज कपूर, कारंत, समेत न जाने कितने दिग्गज कलाकार आकर कार्यक्रम कर चुके हैं।

यहां पर रंगकर्मियों को सारी सुविधाएं हैं: डॉ. अजीत सैगल

ट्रस्ट के सचिव डा. अजीत सैगल कहते हैं कि इस प्रेक्षागृह में रंगकर्मियों को सारी सुविधाएं मिलती है। और भी प्रेक्षागृह की तुलना में यह काफी सस्ता है।

नाटकों के उत्थान के लिए होती है कार्यशाला: सुमन पाठक

यहां पर नाटको के उत्थान के लिए 27 सालों से बच्चों की नवांकुर कार्यशाला लगती है। नाट्य महोत्सव के 25 साल हो गये है। यहां पर बाल नाट्य महोत्सव व म्यूजिक कार्यक्रम भी होता है। संगीत के भी कई बड़े कलाकार यहां अपना कार्यक्रम दे चुके हैं।

नाटकों के अलावा संगीत के भी कार्यक्रम होते हैं: डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी

यहां पर नाटकों के अलावा शास्त्रीय संगीत से जुड़े कई दिग्गज कलाकारों की प्रस्तुति हो चुकी है। यहां पर शास्त्रीय रंगमंच के प्रबुद्ध विशेषज्ञ आते हैं जो बच्चों को प्रक्षिक्षित करते हैं। यहां से प्रशिक्षित होकर कई बच्चे बड़े कलाकार बन चुके हैं।

कौन-कौन से कलाकारों का हुआ नाटक

देश के प्रख्यात नाट्क लेखक, निर्देशक व मंच कलाकार जैसे पृथ्वीराज कपूर, सोहराब मोदी, ब. व कारंत, डा. प्रतिमा अग्रवाल, डा. देवेन्द्र राज अंकुर का सानिध्य मिला। प्रकाश के जादूगर तापस सेन व मंच सज्जा के विशेषज्ञ सुरेश दत्ता का सहयोग मिला। यहां पर 1972 में चंद्रगुप्त नाटक का मंचन हआ जिसमें मंच पर महादेवी वर्मी, डा. जयदेव सिंह, डा. भानुशंकर मेहता व कारंत, स्व. नीलकमल चैटर्जी रहे। यहां पर नाटक के क्षेत्र में तीन पीढ़ियों से काम कर रहे लोग भी जुड़े रहे। इनमें वरिष्ठ रंगकर्मी नीलकमल चैटजी (दादा)उनके सुपुत्र सुरोजीत चैटर्जी व उनके पुत्र सुमिलन चैटर्जी रहे।

सेंट जॉन्स स्कूल बरेका के वार्षिकोत्सव धरोहर में मंच पर निखरी बच्चों प्रतिभा

धरोहर से बच्चों में दिखी धरोहर सहेजने की कला

वार्षिकोत्सव

बरेका में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम देख अभिभावक भी हुए दंग

संस्कृतियों की विरासत से लेकर आधुनिकता का दिखा अद्भुत संगम

वाराणसी। सेंट जॉन्स स्कूल बरेका में मंगलवार को स्कूल का वार्षिकोत्सव धरोहर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पूरे विद्यालय को मनमोहक फूलों व विद्युल झालरों से सजाया गया था। इसके साथ ही प्रांगण में मंगलवार को कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे बच्चों पर पुरस्कारों की बौछार हुई।

कार्यक्रम का शुभारम्भ बातौर मुख्य अतिथि फादर यूजिन जोसेफ विशिष्ट अतिथि के रूप में बरेका प्रांगण में उपस्थित फादर गुरूसंथाराज, फादर संजय भारती, फादर सी. थामस, फादर जैकब अराना ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम शुभारम्भ किया। फादर संथाराज ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं काशी पर आधारित स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने सभी को विद्यालय के वार्षिकोत्सव की बधाई दी। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में ना सिर्फ बच्चों में उनकी प्रतिभा निखरती है बल्कि उन्हें मंच भी प्रदान होता है। इसके पश्चात विद्यालय के वार्षिकोत्सव धरोहर की शुरूआत की गयी। शुभारम्भ सेंट जॉन्स स्कूल बरेका के छात्रों ने प्रार्थना से किया इसके बादसभी ने अतिथियों के लिए स्वागत गीत गाये जिसकी लोगों ने खूब सराहना की। वार्षिकोत्सव धरोहर कार्यक्रम के तहत बरेका प्रांगण में रेस योग कराटे गाड हैंस गिफेन अन्स विक्टरी, मार्च पास्ट, ड्रिल, धरती कहे पुकार, यूनाइटेड वी स्टैंड डिवाइडेड वी फाल, लोकतंत्र की धड़कन, कल्चर, फ्यूजन नृत्य के माध्यम से बच्चों ने धमाल किया। बच्चों ने संविधान के तहत शिक्षा के का अधिकार, समानता का अधिकार के माध्यम से समाज में हो रहे ऊंच नीच का संदेश दिया। इसके साथ ही नारी सशक्तिकरण पर छात्रों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। सेंट जॉन्स स्कूल बरेका प्रांगण में छात्रों द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम देख सभी अभिभावक भी दंग रह गये। सभी ने बच्चों को शुभाषिश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य गुरू संथाराज ने कहा कि वर्ष में एक बार विद्यालय की ओर से आयोजित वार्षिकोत्सव बच्चों की प्रतिभा को प्रर्दशित करती है। बताया कि शिक्षा के साथ ही देश समाज व संस्कृति का भी बोध छात्रों को होना जरुरी है। संचालन शालिनी माटा एवं विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा किया गया । धन्यवाद बरेका के प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ.राधा पांडेय एलग्जेंडर पैट्रिक एंव अश्विनी लाल ने सहयोग किया।

काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास का कार्यकाल पूरा

चयन

अब शुरू होगी नए अध्यक्ष की तलाश

13 दिसम्बर को कॉरिडोर निर्माण का तीन वर्ष का समय पूरा



वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास का तीन साल का कार्यकाल सोमवार को पूरा हो गया। अब नए सिरे से सदस्यों के साथ अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। न्यास के चयन के लिए तैयारियां की जा रही हैं और शासन स्तर पर भी मंथन शुरू हो चुका है। तीन साल के कार्यकाल में न्यास ने धर्मार्थ कार्य विभाग और राज्य सरकार के साथ मिलकर कई बड़े निर्णय लिए। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ट्रस्ट का कार्यकाल 9 दिसंबर 2021 को शुरू हुआ था। न्यास के अध्यक्ष के तौर पर प्रो. नागेंद्र पांडेय को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। न्यास के सदस्यों में प्रो. चंद्रमौलि उपाध्याय, पं. दीपक मालवीय, पंडित प्रसाद दीक्षित, प्रो. वेंकट रमन घनपाठी और प्रो. ब्रजभूषण ओझा को नियुक्त किया गया था। तीन साल में न्यास ने संस्कृत विद्यालयों की स्थिति सुधारने के लिए पहल की। इसके साथ ही बाबा के प्रसाद को ब्रांड बनाया। अर्चकों के मानदेय में वृद्धि के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए भी न्यास ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि न्यास का कार्यकाल पूरा हो गया है। अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति का जल्द ही फैसला होगा।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध तेज

मांग

एक सप्ताह में दूसरी बार बड़ी संख्या में विशिष्ट व प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों तथा गणमान्य लोगों ने कचहरी परिसर में दिया धरना

वाराणसी। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में काशी के प्रबुद्धजन, शिक्षाविद् एवं गणमान्य लोगों ने कचहरी परिसर में मंगलवार को धरना देकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन हिंदू रक्षा समिति के संयोजक प्रमोद राम त्रिपाठी एडवोकेट व काशी के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा डीएम एस राजलिंगम को सौंपा गया।

हिंदू रक्षा समिति के तत्वावधान में भारत के महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने से पूर्व वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार की घोर भर्त्सना की तथा भारत सरकार से मांग की गई कि बांग्लादेश की वर्तमान सरकार के विरुद्ध कठोर से कठोर कारवाई करते हुए हिंदुओं के साथ हो रहे अपने समस्त व्यापारिक संबंधों को तत्काल बंद किया जाए और यदि हो सके तो बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए एक अलग राज्य स्थापित करने की मांग की गई। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए भारत सरकार को यथासंभव कड़ा से कड़ा कदम उठाना चाहिए।

वक्ताओं में स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती, डा. वीडी तिवारी, अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकर पुरी महाराज, बालक दास महाराज, स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती, संत रविदास मंदिर के महंत भारत भूषण दास, कबीर मठ के महंत गोविंद दास, पूर्व कुलपति आद्या प्रसाद पांडेय, पूर्व कुलपति पंजाब विश्वविद्यालय राजकुमार, प्रमुख उद्योगपति आरके चौधरी, प्रदीप बजाज, एपेक्स हास्पिटल के संस्थापक संतोष सिंह, प्रमुख सितारवादक पद्मश्री शिवनाथ मिश्र, पद्मश्री सुपाल, पद्मश्री चंद्रशेखर सिंह, पद्मश्री रजनीकांत आदि प्रमुख रहे। धरने का संचालन प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर आरएसएस के प्रांत प्रचारक रमेश कुमार, काशी प्रांत सह प्रांत कार्यवाह राकेश त्रिपाठी, विभाग प्रचारक नितिन, सुनील कुमार वर्मा, संपर्क प्रमुख प्रांत दीनदयाल, राजेश विश्वकमा, बनारस बार के पूर्व अध्यक्ष राजेश मिश्र व दीपक बजाज आदि उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस

चौबेपुर। चौबेपुर बाजार में मंगलवार को सिद्धिदात्री मां दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर जनकल्याण यज्ञ के अलावा अन्य कार्यक्रम भी हुए। स्थानीय बाजार स्थित मां सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस पर मंगलवार प्रातःकाल मंदिर प्रबंधक के मंत्रोच्चारण के साथ माता का प्रातः स्नान कराया गया। मंदिर में ही जन कल्याण यज्ञ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालीं। यज्ञ के यजमान प्रयाग सेठ रहे जबकि यज्ञ व पूजन पुरोहित ने कराया। यज्ञ के बाद विश्व में सुख व शांति की कामना की गई। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। इस अवसर पर प्रदीप सेठ , प्रयाग सेठ ,मृत्युंजय सेठ प्रेमचंद सेठ पिंटू , दीपक सेठ, प्रदीप सेठ राजू , सोनू. मोनू.महेंद्र. मनोज. सुशील. संजय महादेव अमित. डोका. ननकु, हरिशंचंद्र रुपेश आदि मौजूद रहे।

बच्चों को मानवाधिकार और शिक्षा के प्रति किया जागरूक

रोहनिया। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर मानवाधिकार सीडब्लूए संगठन द्वारा मंगलवार को रोहनिया के देउरा गांव में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर सभा किया। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर रोहनिया के देऊरा गांव स्थित स्वामी गोविंद श्रम विद्या मंदिर विद्यालय में मंगलवार को मानवाधिकार सीडब्लूए संगठन के वाराणसी जिला अध्यक्ष सहदेव प्रताप सिंह व मंडल सचिव संजय यादव की अगुवाई में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के एसटी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ओपी कश्यप ने मां सरस्वती के चित्र प्रतिमा पर माला पहनाकर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण गांव के विद्यालय पर एकत्रित होकर सभा किया। जिला अध्यक्ष सहदेव प्रताप सिंह, मंडल सचिव ग्राम प्रधान बूढ़ापुर संजय यादव व काशी प्रांत मीडिया प्रभारी मयंक कश्यप द्वारा मुख्य अतिथि ओ पी कश्यप को माला पहनाकर काशी विश्वनाथ मोमेंटो और अंग वस्त्रम भेंट कर भव्य स्वागत किया गया।

प्रयागराज के महाकुंभ की थीम पर निकलेगी शोभायात्रा

शोभायात्रा की जानकारी देते सनिति के पदाधिकारी

पत्रकार वार्ता

13 जनवरी को मैदागिन से निकाली जायेगी शोभायात्रा

काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण पर निकलेगी शोभायात्रा

वाराणसी। महादेव की नगरी एक बार फिर एक खास त्योहार मनाने के निकट है। यह पर्व या अवसर दिव्य-भव्य काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण से जुड़ा है। लोकार्पण 13 दिसंबर 2021 को हुआ था। उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग के सहयोग से शिवबारात समिति हर साल इस दिन भव्य शोभायात्रा निकालती है। इस बार शोभायात्रा की थीम प्रयागराज महाकुंभ पर आधारित है। शोभायात्रा 13 दिसम्बर को मैदागिन से गाजे-बाजे संग निकाली जायेगी। जो मैदागिन, बुलानाला, चौक, बांसफाटक, होती हुई दशाश्वमेधघाट जाकर समाप्त होगी। यह जानकारी मंगलवार को समिति के आरके चौधरी व दिलीप सिंह, महेश माहेश्वरी, विवेक मेहरोत्रा, मनीष तुलस्यान ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। इस बार शोभायात्रा प्रयागराज के महाकुंभ थीम पर आधारित रहेगी। बताया कि इस बार इसका विशेष महत्व यह कि महाकुंभ लगने वाला है। महाकुंभ का महादेव के साथ सीधा नाता है। महादेव का काशी से सीधा नाता है, ऐसी स्थिति में महाकुंभ का भी काशी से जुड़ाव सहज हो जाता है। प्रयाग राज का महाकुम्भ इसलिए भी विशेष है कि बाकी तीन नगरों उज्जैन में, हरिद्वार और नासिक में एक नदी है जबकि प्रयागराज तीन - तीन नदियों का संगम है। देश के यशस्वी प्रधान मंत्री मोदी जीऔर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने और कार्यरूप देने में तत्कालीन धर्मार्थ मंत्री और शहर दक्षिणी के विधायक डा नीलकंठ तिवारी को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है।